RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 337
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




शमी के चार विकेट से भारत ने आस्ट्रेलिया को अभ्यास मैच में हराया
स्पोर्ट्स-12

# दीपावली बाद आएगी कोविड की नई लहर

- ओमीक्रोन का एक और नया वैरिएंट मचा सकता है कहर
- विशेषज्ञों की सलाह- त्योहारी सीजन में बरतें अतिरिक्त सावधानी




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड** महामारी को लेकर भारत में फिर खतरे की घंटी बज गई है। ओमीक्रोन बीएफ-7 के नए सब-वैरिएंट के दस्तक देने की खबरों के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि त्योहारी सीजन के बाद देश में कोरोना के मामलों में वृद्धि हो सकती है। ओमीक्रोन बीए.2.75.2 नाम से भी पहचाना जाने वाला बीएफ-7 सब वैरिएंट कोविड ओमीक्रोन का बीए.5.2.1 वैरिएंट है। राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह टीकाकरण (एनटीएजीआई) के अध्यक्ष डॉ. एन के अरोड़ा ने कहा कि अगले दो से तीन सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण हैं। कोविड-19 अभी भी हमारे आसपास है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में नए रूप में यह सामने आ रहा है। जाहिर है, हम भी इससे अछूते नहीं रह सकते। इसलिए, हमें सावधान रहने की जरूरत है। विशेषकर त्योहारी सीजन में अधिक सतर्कता बरतनी होगी, क्योंकि इस समय बाजारों में अधिक भीड़ होती है और घरों पर भी बाहरी लोगों यानी मेहमानों का आना-जाना बढ़ जाता है। इसलिए सामाजिक दूरी का पालन करना बहुत मुश्किल होता है।

चीन पहले से ही अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन वैरिएंट का सामना कर रहा है, जिसमें बीए 5.1.7 वैरिएंट भी शामिल है। गले में खराश, कंजेशन, थकान, खांसी और नाक बहना भी इस सब-वैरिएंट के प्रभाव के लक्षण हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर द्वारा बीएफ.7 वैरिएंट का पता लगाया गया है। ओमीक्रोन का नया सब-वैरिएंट अत्यधिक संक्रामक है। यह तेजी से एक से दूसरे व्यक्ति में पहुंचता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अत्यधिक संक्रामक बीएफ.7 सब-वैरिएंट को लेकर चेतावनी जारी की है। व्हाइट हाउस के मुख्य चिकित्सा सलाहकार, डॉ. एंथनी फौसी ने पहले ही चेतावनी दी है कि आगामी सर्दियों में एक नया, अधिक खतरनाक कोविड संस्करण उभरने की संभावना है। फौसी ने हाल ही में अमेरिका में एक कार्यक्रम में कहा कि हमें यह अनुमान लगाना चाहिए कि कोविड वैरिएंट का एक और सब-वैरिएंट सामने आ सकता है। यह इतना खतरनाक हो सकता है कि टीकाकरण वाले लोगों को भी यह संक्रमित कर सकता है।

शोध से पता चलता है कि बीए.4.6 सहित कुछ नए सब-वैरिएंट बीए.5 की तुलना में अधिक संक्रामक और प्रतिरक्षा को तोड़कर हमला करने वाले प्रतीत हो रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कोई भी बीए.5 से अधिक घातक होगा, जिसका देश में अधिक प्रभाव रहा है। सफदरजंग अस्पताल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. जुगल किशोर ने फौसी के अवलोकन से सहमति जताते हुए कहा कि आगामी त्योहारी सीजन में अधिक एहतियात बरतने और कोविड से बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग पहले के मुकाबले अब कुछ लापरवाह हो गए हैं, लेकिन ये याद रखना होगा कि कमजोर या कम प्रतिरक्षा के कारण वायरस अब जल्दी चपेट में ले सकता है। ( शेष पेज 8 )

# खरगे और थरूर का भाग्य बैलेट बॉक्स में बंद

- कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में 9,500 डेलीगेट ने वोट डाले, सोनिया बोली-खत्म होगा नए अध्यक्ष का इंतजार
- 96 प्रतिशत हुआ मतदान, 24 साल बाद बनेगा गैर गांधी अध्यक्ष




कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को मतदान संपन्न हुआ। देशभर में निर्वाचक मंडल के सदस्यों ने वोट डाले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को मतदान संपन्न हुआ। इस पद के लिए वरिष्ठ नेता एम मल्लिकार्जुन खरगे तथा शशि थरूर के बीच तगड़ी टक्कर है। दोनों नेताओं की किस्मत बैलेट बॉक्स बंद हो गई है। बुधवार को परिणाम सामने आएगा। सबसे लंबे समय से पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि वे इस दिन का इंतजार कर रहीं थीं। राष्ट्रीय राजधानी में एआईसीसी मुख्यालय में वोट डालने के बाद उन्होंने कहा ' इस दिन का मैं लंबे समय से इंतजार कर रही थी।' इस चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं समेत करीब 9500 डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्यों) ने पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए आज मतदान किया। इस चुनाव से 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर कोई नेता देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष चुना जाएगा। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि करीब 96 प्रतिशत मतदान हुआ, हालांकि पूरे आंकड़े आने के बाद इसमें कुछ बदलाव हो सकता है। 19 अक्टूबर को मतगणना होगी। गांधी परिवार से करीबी और कई वरिष्ठ नेताओं के समर्थन के चलते खरगे की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर मतदान किया। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेल्लारी में भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित कंटेनर वाले विश्राम शिविर में बने मतदान केंद्र पर वोट डाला। उनके साथ वहां उन नेताओं ने भी मतदान किया, जो उनके साथ इस यात्रा में भारत यात्री हैं।

मतदान से पहले सोनिया गांधी ने यहां संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, 'मैं इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रही थी।' मतदान संपन्न होने के बाद मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लगभग 9900 डेलीगेट में से करीब 9500 ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह समेत 87 डेलीगेट ने मतदान किया। मिस्त्री ने कहा कि कर्नाटक में बेल्लारी स्थित भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम शिविर के मतदान केंद्र में राहुल गांधी समेत करीब 50 लोगों ने वोट डाला।उन्होंने कहा कि कहीं से कोई शिकायत नहीं आई तथा पूरी प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रही है।

मिस्त्री ने कहा कि मतदान गुप्त रहा है तथा इसका पता नहीं लगाया जा सकता कि किसे किसने वोट दिया तथा किस राज्य से किस उम्मीदवार को कितने वोट मिले। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति और केंद्रीय चुनाव समिति के गठन के संदर्भ में फैसला नए कांग्रेस अध्यक्ष को करना है। पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सबसे पहले मतदान किया। उनके बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश, अजय माकन, मुकुल वासनिक, वरिष्ठ नेता अम्बिका सोनी, विवेक तन्खा, सचिन पायलट और कई अन्य लोगों ने मतदान किया। कांग्रेस मुख्यालय में मतदान के बाद महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'यह ऐतिहासिक मौका है। हमारे यहां स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से चुनाव हुआ है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस एकमात्र राजनीतिक दल है, जहां अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होता है। हमारे यहां टी एन शेषन की तरह केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री हैं। किसी दूसरी पार्टी में चुनाव नहीं होता।' मतदान के बाद थरूर ने सभी डेलीगेट और अपने समर्थकों का आभार जताया। ( शेष पेज 8 )

# भाजपा ने अंधेरी ईस्ट उपचुनाव से अपने उम्मीदवार को हटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी ने मुंबई की अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर तीन नवंबर को होने वाला उपचुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है। भाजपा ने उपचुनाव से नामांकन वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने से कुछ घंटे पहले सोमवार को अपने उम्मीदवार को मैदान से हटा लिया। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने यह जानकारी दी। बावनकुले ने नागपुर में कहा, भाजपा ने अंधेरी पूर्व उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। वरना हम चुनाव जीत सकते थे।

भाजपा ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे की अपील पर यह फैसला लिया है। राज ठाकरे ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से दिवंगत रमेश लटके के प्रति सम्मान जताने के लिए भाजपा के उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारने की अपील की थी। राज ठाकरे ने उम्मीदवार ना उतारने के भाजपा के फैसले के लिए फडणवीस को धन्यवाद कहा।

उपचुनाव के लिए भाजपा की ओर से नामांकन दाखिल करने वाले मुरजी पटेल ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। पटेल ने कहा, मैं पार्टी के फैसले का पालन करूंगा और निर्दलीय के रूप में उपचुनाव नहीं लड़ूंगा। इस साल मई में शिवसेना विधायक रमेश लटके की मृत्यु के कारण अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े ने इस उपचुनाव में रमेश लटके की पत्नी ऋतुजा लटके को मैदान में उतारा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने भी रविवार को उपचुनाव में ऋतुजा लटके के निर्विरोध निर्वाचन की मांग की थी। मुरजी पटेल के नाम वापस लेने के साथ उपचुनाव में ऋतुजा लटके की जीत महज औपचारिकता रह गई है। फडणवीस को लिखे पत्र में ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता को अपना प्रिय मित्र बताया और कहा कि सकारात्मक राजनीतिक संस्कृति जरूरी है। ( शेष पेज 8 )

# सिसोदिया से नौ घंटे तक सीबीआई की पूछताछ

- उपमुख्यमंत्री का आरोप, उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने या जेल जाने का विकल्प दिया गया
- सीबीआई ने किया खंडन, कहा- अधिकारियों ने पेशेवर तरीके से किए सवाल-जवाब




नई दिल्ली में पत्रकारों से वार्ता करते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** आबकारी नीति मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से सोमवार को सीबीआई ने नौ घंटे पूछताछ की। सिसोदिया लगभग साढ़े 11 बजे एजेंसी के कार्यालय पहुंचे थे और रात साढ़े आठ बजे तक उनसे सवाल-जवाब हुए। पूछताछ के बाद एजेंसी कार्यालय से बाहर निकले सिसोदिया ने आरोप लगाया कि उन पर आम आदमी पार्टी छोड़ने के लिए दबाव डाला गया। उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री पद पाने या जेल की सजा काटने में से एक विकल्प चुनने को कहा गया। हालांकि सीबीआई ने उनके आरोपों का जोरदार खंडन किया है। इससे पहले दिनभर उनकी गिरफ्तारी को लेकर आशंकाएं तैरती रहीं। गुजरात में चुनाव प्रचार को पहुंचे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुलकर सिसोदिया का बचाव किया और दावा किया कि उन्हें गुजरात में चुनाव प्रचार से दूर रखने के लिए गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने ट्वीट किया कि गुजरात के नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे। ये लोग मनीष को तब तक जेल में रखेंगे, ताकि वह गुजरात चुनाव में प्रचार न कर सकें।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि सिसोदिया सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर एजेंसी मुख्यालय पहुंचे थे और रात साढ़े आज बजे तक उनसे दिल्ली सरकार की आबकारी नीति (अब वापस ली जा चुकी है), प्राथमिकी में नामित अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों और मामले में तलाशी के दौरान बरामद दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि सिसोदिया के अलावा, एजेंसी वाईएसआरसीपी के लोकसभा सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव रेड्डी से भी मामले में पूछताछ कर रही है। पूछताछ से पहले, सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामले को फर्जी करार दिया और दावा किया कि गुजरात चुनाव में भाजपा आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है, इसलिए उन्हें जाल में फंसाया गया है।

सिसोदिया ने सोमवार सुबह अपने मथुरा रोड स्थित आवास पर अपनी मां का आशीर्वाद लिया। यहां उनकी पत्नी ने उन्हें तिलक लगाया। इसके बाद वह डीडीयू मार्ग पर स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। सिसोदिया ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम भगत सिंह के अनुयायी हैं, हमें जेल जाने का डर नहीं है। यदि वह जेल जाएं तो पछतावा मत करना, बल्कि आपको गर्व होना चाहिए। यहां से कार और बाइक पर कई नेताओं और स्वयंसेवकों के साथ रोड शो करते हुए सीबीआई मुख्यालय के लिए निकले। ( शेष पेज 8 )

# केंद्र ने बलात्कार के आरोप के बाद वरिष्ठ आईएएस को निलंबित किया

- जितेंद्र नारायण वर्तमान में दिल्ली वित्तीय निगम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में थे तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने पोर्ट ब्लेयर में एक महिला से बलात्कार के आरोपी एवं अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पूर्व मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जितेंद्र नारायण को सोमवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नारायण के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई का निर्देश देने के बाद उन्हें निलंबित किया गया। नारायण वर्तमान में दिल्ली वित्तीय निगम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात थे।

मंत्रालय ने कहा कि सरकार अपने अधिकारियों द्वारा अनुशासनहीनता के कृत्यों को कतई सहन नहीं करेगी, विशेष रूप से महिलाओं की गरिमा से जुड़ी घटनाओं के संबंध में, चाहे उनका पद कोई भी हो। बयान के अनुसार, मंत्रालय को रविवार को अंडमान एवं निकोबार पुलिस से नारायण द्वारा 21 वर्षीय एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न के संबंध में एक रिपोर्ट मिली थी, जब वह द्वीपसमूह के मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे।

बयान के अनुसार रिपोर्ट में 1990 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी नारायण द्वारा गंभीर कदाचार और सरकारी पद के दुरुपयोग का संकेत था। शाह ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ कानून के अनुसार तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।बयान में कहा गया है कि नारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया है। अंडमान एवं निकोबार पुलिस के विशेष जांच दल द्वारा आपराधिक मामले में प्राथमिकी दर्ज करके अलग से कार्रवाई की जा रही है। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,411 ↑ 491 | |
| निफ्टी | 17,312 ↑ 126 | |
| सोना | 50,516 ↑ 256 | /10g |
| चांदी | 55,937 ↑ 771 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उप्र राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा, बोनस का भी ऐलान

**लखनऊ।** यूपी के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को सोमवार को योगी सरकार ने दिवाली गिफ्ट दिया। कर्मचारियों को बोनस की घोषणा के साथ ही महंगाई भत्ता और महंगाई राहत भी बढ़ाने का ऐलान किया गया है। हर कर्मचारी को 6908 रुपये का बोनस दिया जाएगा। इसके साथ ही महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। पहले 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2022 से लागू करने की घोषणा की गई है। यानी पिछले तीन महीनों का एरियर भी दिया जाएगा। आम तौर पर केंद्र सरकार की ओर से डीए-डीआर बढ़ाने के बाद राज्य सरकार भी अपने कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए घोषणा करती है।

# प्रधानमंत्री इस बार भी सैनिकों के साथ मनाएंगे दीपावली

- 21 अक्टूबर को केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा पर जाएंगे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जैसा** कि पिछले आठ सालों से होता आया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार फिर 24 अक्टूबर को दीपावली के मौके पर सशस्त्र बलों के साथ होंगे। दीपावली से पहले वे उत्तराखंड में केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री केदारनाथ और बद्रीनाथ में पूजा-अर्चना के बाद बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत चल रही विकास परियोजनाओ की समीक्षा भी करेंगे। मोदी 21 अक्टूबर को केदारनाथ पहुंचेंगे। वहां पर दर्शन-पूजन के बाद उसी दिन वे बद्रीनाथ रवाना हो जाएंगे। 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री सैनिकों के साथ दीपावली मनाएंगे। वर्ष 2014 में चुने जाने के बाद से वे हर साल दीपावली सैनिकों के साथ मनाते हैं। उन्होंने 2019 और 2021 में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सैनिकों के साथ दो बार दीपावली मना चुके हैं। उत्तराखंड में जिला प्रशासन ने पीएम की यात्रा के मद्देनजर पिछले हफ्ते से ही तैयारी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि वे उत्तराखंड की सीमा पर स्थित अंतिम गांव माना की भी दौरा करेंगे तथा वहां पर ग्रामीणों और सैनिकों के साथ बातचीत करेंगे।

# न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ देश के अगले प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**न्यायमूर्ति** धनंजय वाई. चंद्रचूड़ सोमवार को देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किए गए और नौ नवंबर को पद की शपथ लेंगे। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा की और सीजेआई के पद पर उनका कार्यकाल दो वर्षों का होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ देश में सबसे लंबे समय तक सीजेआई रहे न्यायमूर्ति वाई वी चंद्रचूड़ के बेटे हैं। उनके पिता 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख रहे थे। वह (न्यायमूर्ति चंद्रचूड़), 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त होने वाले न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की जगह लेंगे। न्यायमूर्ति ललित सीजेआई के पद से आठ नवंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं और पद पर उनका 74 दिनों का संक्षिप्त कार्यकाल रहा। ( शेष पेज 8 )

# राज्यपाल और केरल सरकार के रिश्तों में बढ़ी खटास

- राज्यपाल पद के खिलाफ मंत्रियों के बयान पर होगी कार्रवाई: आरिफ मोहम्मद खान
- महाधिवक्ता ने कहा-गवर्नर के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं





**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा माकपा नेतृत्व वाली केरल सरकार के रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि वामपंथी मंत्रियों के ऐसे किसी भी बयान पर कार्रवाई की जाएगी जो उनके पद की गरिमा को कमतर करता हो। उन्होंने आगाह किया कि ऐसे बयान देने पर मंत्री को पद से हटाया भी जा सकता है। केरल के राजभवन के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने ट्वीट किया, माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है : मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को राज्यपाल को सलाह देने का पूरा अधिकार है। लेकिन मंत्रियों के ऐसे निजी बयान जिनसे राज्यपाल पद की प्रतिष्ठा कम होती है, पर उन्हें हटाए जाने सहित कार्रवाई की जा सकती है।

सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने राज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान के तहत उन्हें मंत्रियों को हटाने का कोई अधिकार नहीं है। केरल के महाधिवक्ता के. गोपालकृष्णन कुरूप ने कहा कि राज्यपाल के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रावधानों के अनुसार राज्यपाल के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है। वाम नेताओं और मंत्रियों की तीखी आलोचनाओं के बीच, राज्यपाल ने ट्विटर पर कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को उन्हें सलाह देने का पूरा अधिकार है, लेकिन किसी भी मंत्री के ऐसे बयान पर कार्रवाई की जा सकती है जो राज्यपाल पद की गरिमा को प्रभावित करने वाले हो।

माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने दावा किया कि खान की चेतावनी से संविधान और संसदीय लोकतंत्र के प्रति उनकी अज्ञानता स्पष्ट होती है। गोविंदन ने एक बयान में कहा, 'राज्यपाल को मंत्रियों को हटाने का अधिकार नहीं है क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री की सलाह पर नियुक्त किया जाता है या हटाया जाता है। उनका ट्वीट संविधान के मूल आधार पर हमला है और मैं उनसे इसे वापस लेने का अनुरोध करता हूं। विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन ने कहा कि राज्य सरकार की किसी चूक के लिए मंत्रियों को हटाने का राज्यपाल के पास अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच जारी विवाद एक मजाक है। ( शेष पेज 8 )

# बजट न मिलने से डंपिंग यार्ड का काम अटका

## जर्जर गाड़ियों को रखने का नहीं मिला रहा स्थान, धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे है पुराने वाहन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जनपद में 10 से 15 साल पुराने वाहनों को सड़क से हटाने के लिए बनाए जाने वाला डंपिंग यार्ड का काम अधर में लटका हुआ है। शासन से बजट न मिलने की वजह से यार्ड की जमीन पर चारदीवारी और इफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का काम शुरू नहीं हो पाया है।

परिवहन विभाग को शासन से मिलने वाली बजट का इंतजार है। केंद्र सरकार की स्क्रैप पॉलिसी को धरातल पर लागू करने की चुनौती परिवहन विभाग के सामने है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी के आदेशों के अनुसार दिल्ली एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन चलाना पूर्णत: यह प्रतिबंधित है। बावजूद इसके गाजियाबाद की सड़कों पर बड़ी तादाद में 10 से 15 साल पुराने वाहन दौड़ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि परिवहन विभाग के पास पुराने वाहनों को रखने के लिए कोई स्थान नहीं है। परिवहन विभाग द्वारा जो भी वाहन बंद किए जाते हैं, उन्हें संबंधित थानों में ही खड़ा करना पड़ता है ताकि उनके पार्ट्स चोरी न हो सकें। परिवहन विभाग को बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में बियर फैक्ट्री के पास नगर निगम ने 10141.58 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध करा दी है। अब इस भूमि को समतल करने इसकी चारदीवारी कराने तारों की फेंसिंग एवं अन्य मरम्मत के कार्य किए जाने हैं। यह पूरा काम नगर निगम को करना है और नगर निगम ने इसकी अनुमानित कीमत 3827120 रुपए मानी है। सड़क से पुराने वाहनों को हटाने के लिए बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में बनाए जाने वाले डंपिंग यार्ड के लिए शासन से 3827120 रुपए के बजट की मांग की गई है। इस संबंध में आरटीओ प्रवर्तन केडी सिंह गौर ने परिवहन आयुक्त को पत्र लिखा है।



फाइल फोटो

*" शासन से बजट की मांग की गई है। बजट मिलते ही डंपिंग यार्ड की चारदीवारी और निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।"*
***-राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन, गाजियाबाद***

लेकिन अभी तक शासन से बजट नहीं मिला है। गाजियाबाद जिले में फिलहाल डीजल के 10 साल पुराने 26,557 और पेट्रोल के 15 साल पुराने 136657 वाहन सड़क पर चल रहे हैं। कुल मिलाकर 163214 पुरानी वाहन सड़क पर है। अगर यह गाजियाबाद की सड़कों से हट जाएंगे तो निश्चित ही प्रदूषण नियंत्रण में तो राहत मिलेगी हीए साथ ही सड़क से भी वाहनों का बोझ कम होगा।

# दो साल की बच्ची से दुष्कर्म, आंतों तक चोट गाजियाबाद में बस स्टेशन से किया था अगवा

- पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में दो साल की बच्ची को अगवा करके रेप किया। इसके बाद रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में दरिंदे ने उसे फेंक दिया। बच्ची की हालत गंभीर है। उसकी आंतों में चोट आई है। शुरुआत में ये पता नहीं चल सका कि बच्ची कहां की रहने वाली है और उसे यहां तक कौन लाया। जांच के बाद बच्ची की मां तक पुलिस पहुंच गई। मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है। दरिंदा उसकी बेटी को गाजियाबाद के कौशांबी बस अड्डे से उठाकर ले गया था। बच्ची की हालत गंभीर है। वह मेरठ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। इधर, गाजियाबाद पुलिस ने इस घटना के खुलासे के लिए पांच टीमें लगाई हैं।

पुलिस 5 संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। 15 अक्टूबर की सुबह साढ़े 7 बजे लिंक रोड थाना क्षेत्र में रोड रेल लाइन के पास झाड़ियों में दो साल की बच्ची रोती हुई मिली। इस रेल लाइन से लोग निकलते रहते हैं। मोहम्मद नौशाद नाम के व्यक्ति की नजर सबसे पहले इस बच्ची पर पड़ी। उसने तुरंत यूपी.112 नंबर पर खबर दी। बच्ची का प्राथमिक इलाज गाजियाबाद के महिला जिला अस्पताल में हुआ। प्रारंभिक जांच में रेप की पुष्टि हो गई। हालत गंभीर थी। डॉक्टरों ने बच्ची को तुरंत रेफर कर दिया। बच्ची को अब मेरठ के स्स्ड मेडिकल कॉलेज के पीकू वार्ड में रखा गया है।

डॉक्टरों ने बताया कि आंतों में गंभीर चोट आई है। उसकी सर्जरी करनी पड़ेगी। सर्जरी से पहले उसको दूसरे ट्रीटमेंट दिए जा रहे हैं। बच्ची की सुरक्षा में गाजियाबाद पुलिस के दो जवान भी वार्ड के बाहर तैनात हैं। कौशांबी बस अड्डे से रविवार को सूत्र ने गाजियाबाद पुलिस को खबर दी कि एक महिला अपनी बच्ची को ढूंढ रही है। इस खबर पर तुरंत लिंक रोड थाने की पुलिस बस अड्डे पर पहुंच गई। महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। पता चला कि ये महिला अपनी मासूम बच्ची के साथ करीब 20 दिन से बस अड्डे के आसपास ही रहती थी। वहां के दुकानदार उसको खाने-पीने के लिए सामान या रुपए दे देते थे। लोगों ने जब इस महिला द्वारा बच्ची को ढूंढते हुए देखा और मीडिया में एक बच्ची के रेल पटरी किनारे मिलने की खबर पढ़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना देना उचित समझा। पुलिस ने बच्ची की फोटो उसकी मां को दिखाकर पहचान कर ली है। हालांकि, ये महिला कौन है, कहां की रहने वाली है, यहां कहां पर रहती है, इस बारे में कुछ पता नहीं चल पा रहा।

### सेप्टिक टैंक की सफाई के समय दो कामकारों की मौत का मामला

# मकान मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज



घटनास्थल और मृतकों के फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

खोड़ा में रविवार को सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दो कामगारों की मौत के मामले में मकान मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है। मृतकों के स्वजन ने मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। उसके आधार पर मकान मालिक राजबली के खिलाफ गैरइरादतन हत्या, अनुसूचित जाति एवं जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम और श्रम मेहतर के रूप में रोजगार के प्रतिषेध एवं पुनर्वास अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बुलंदशहर पहासू, जटोला गांव के 40 वर्षीय सुनील और खुर्जा की भीमनगर कालोनी के 26 वर्षीय सुनील कुमार खोड़ा में किराये के मकान में रहते थे। सुनील के चार बच्चे हैं और सुनील कुमार के दो बच्चे हैं। दोनों सेप्टिक टैंक की सफाई का काम करते थे। न्यू जनता पार्क कालोनी के राजबली पटेल ने अपने मकान के सेप्टिक टैंक की सफाई करने के लिए दोनों कामगारों को बुलाया था। दोनों सफाई करने के लिए रविवार सुबह सात बजे टैंकर लेकर आ गए। टैंकर का पाइप टैंक में डालकर सफाई का काम शुरू कर दिया। आधे घंटे में टैंकर भरने के बाद उसे फेंकने चले गए। टैंकर को खाली करने के बाद दोबारा से सफाई करने आ गए। बताया गया कि राजबली ने कामगारों से पूरी तरह टैंक की सफाई करने के लिए कहा। इसके बाद 26 वर्षीय सुनील कुमार टैंक की सफाई करने के लिए उसमें उतर गया। दो मिनट के अंदर ही वह बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद दूसरी साथी उसे बचाने के लिए अंदर उतर गया। वह भी बेहोश हो गया। इसकी सूचना नगर पालिका और पुलिस को दी गई। एक घंटे बाद पालिका के कर्मचारी बुलडोजर लेकर पहुंचे। टैंक को तोड़कर दोनों को बाहर निकाला।

## मोदीनगर से हापुड़ जा रही यूपी रोडवेज की बस पलटी, दस घायल



**गाजियाबाद।** मोदीनगर से हापुड़ जा रही यूपी रोडवेज की बस खंजरपुर गेट के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे के वक्त बस में 30 से ज्यादा सवारी थी, जिनमें 10 सवारियों को चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के वक्त बस की स्पीड अधिक नहीं थी। इसलिए कोई बड़ा हादसा होने से टल गया।

त्याहोरी सीजन में शहर भर में जाम लगा। बाजारों व इनके आसपास के मार्गों पर पूरे दिन वाहन चालक जाम से जूझते रहे। लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए घरों से निकले थे, जिस कारण वाहनों का दबाव इन मार्गों पर अधिक रहा।

## वार्ड आरक्षण पर कई पार्षदों का नया दांव-पेच

**गाजियाबाद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर अगले महीने वार्डवार आरक्षण फाइनल होने की संभावना के चलते कई पार्षदों के होश उड़े हुए हैं। कई पार्षद तो अपने वार्ड में आरक्षण से बदलाव की कोशिश में अभी से ही जुट गए हैं। हालांकि, अभी यह उन्हें भी नहीं पता है कि उनका वार्ड पूर्व में निर्धारित आरक्षण के हिसाब से रहेगा या नहीं। ऐसे कई पार्षद हैं जो वार्ड के आरक्षित होने की संभावना के बाद दूसरे वार्ड से भी चुनाव लडने की तैयारी में हैं। नगर निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर चल रही है। पहले फेज में वोटर लिस्ट को दुरुस्त किया जा रहा है। जल्दी ही वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी। माना जा रहा है कि वोटर लिस्ट के प्रकाशन के पूरा होने के बाद नगर निगम और अन्य नगर निकायों में वार्ड के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

नगर निगम में कई ऐसे पार्षद है जिनके वार्ड का आरक्षण में कभी बदलाव नहीं हुआ है। इस बार भी ऐसे कई पार्षद इस कोशिश में लगे हुए हैं कि इस बार भी उनके वार्ड के आरक्षण में बदलाव न हो। इस बार नगर निगम प्रशासन भी बदला.बदला है। ऐसे में कई पार्षदों को लगता है कि इस प्रकरण में प्रशासनिक स्तर से कोई मदद नहीं हो सकती है। वैसे भी प्रदेश सरकार की ओर से वार्ड आरक्षण नीति तैयार की जाती है।

# युवक पर कार चढ़ाने का प्रयास

- विरोध किया तो चालक ने पिटबुल कुत्ते से कटवाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर 105 में एक चालक ने एक युवक पर कार कार चढ़ाने का प्रयास किया। आरोप है कि जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने उस पर अपना पालतू पिटबुल कुत्ता छोड़ दिया। कुत्ते ने युवक को काट लिया। वहींए दूसरे पक्ष का आरोप है कि उनके साथ मारपीट कर कार में तोड़फोड़ की गई है। इस संबंध में दोनों पक्षों के खिलाफ सेक्टर 39 थाने में केस दर्ज किया गया है।



पुलिस को दी शिकायत में गोरेश भाटी ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 105 के बी ब्लॉक में रहते हैं। गोरेश का कहना है कि उनके पड़ोस में कुणाल शर्मा नाम का व्यक्ति रहता है। आरोप है कि कुणाल ने तेजी से कार चलाते हुए गोरेश के भाई पर चढ़ाने का प्रयास किया। इस पर जब गोरेश के भाई ने विरोध किया तो कुणाल ने उस पर अपना पालतू पिटबुल कुत्ता छोड़ दिया। आरोप है कि कुत्ते ने गोरेश के भाई को कई जगह काट लिया। जैसे तैसे करके उसने अपनी जान बचाई। फिर परिजनों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कुणाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, कुणाल पक्ष की शिकायत पर भी गोरेश पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। कुणाल का आरोप है कि गोरेश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। इसके अलावा उनकी कार में तोड़फोड़ की। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तारी की गई है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तारा चंद/गीता – LBAWR00003338698/ LBAWR00004215214 – जी–19, निकट ऑटो स्टैंड, खुदानपुरी, अलवर, राजस्थान–301001 | प्लॉट नंबर जी–19, खसरा नंबर 297, खुदानपुरी, अलवर, राजस्थान–301001 | 17–09–2022 रू. 19,23,989.00/– | 11–01–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 18 अक्टूबर, 2022
स्थान : गुरूग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि / सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरूण मित्तल, शकुंतला मित्तल, विजय मित्तल, वरूण मित्तल, ई 111, शिव मंदिर नीलाठी एक्सटेंशन वेस्ट दिल्ली खाता नंबर – 028805005310 | प्लॉट नंबर 138, प्रथम तल, ब्लॉक–3, सुंदर विहार, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110087 | 12–08–2022 रू. 13,68,547/– | 29–12–2021 |
| 2. | फेयरमार्ट ट्रैवल्स प्रा. लि., अमित चौहान, सुमित चौहान, प्लॉट नंबर 272, फेज–4, उद्योग विहार, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर – 114505000884 | प्लॉट नंबर 272, फेज–4, उद्योग विहार, गुरूग्राम, हरियाणा | 23–08–2022 रू. 2,14,72,939.73/– | 30–06–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथिः 18 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली (गुरूग्राम)
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाम शेर अली/ परवीन/ LBMAT00003772647/ LBMAT00002172205 | प्लॉट नंबर 3, पर दूसरी मंजिल पर फ्लैट का निर्माण, खसरा नंबर 51, किशन वाटिका कॉलोनी, मौजा आजमपुर, जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश/ अक्टूबर 14, 2022 | मई 27, 2022/ रु. 18,28,448/- | मथुरा/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 18, 2022
स्थान : गाज़ियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

### महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड — कब्जा सूचना

Mahindra HOME FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय :– महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : द्वितीय तल, अशोक राज टावर, प्लॉट नंबर सीपी–162, सेक्टर डी–1, एलडीए कालोनी, निकट पावर हाउस चौराहा, आशियाना, पिन–226012, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **शाखा कार्यालय** : एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट और पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश– 201001

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय **लखनऊ** में और शाखा कार्यालय **गाजियाबाद** में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का **कब्जा** इस 7 तारीख को ले लिया है।

विशेष रूप से उपरिवर्णित कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर : 717936/ XSEMGZB00591847 गाजियाबाद शाखा) प्रदीप कुमार (कर्जदार) हरेन्द्र सिंह (सह–कर्जदार) | खसरा नंबर 106 मिन पर मकान, संगम विहार, ग्राम सादिक नगर, नंद ग्राम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 450, उत्तर : अंकित सक्सेना का मकान, दक्षिण : अन्य का प्लॉट, पूरब : 7 फीट रोड, पश्चिम : अंकित का मकान | 31–05–2022 रू. 15,55,150/– | 14–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 2. | (एलसी नंबर : 1294517/ XRESNAG00167592 गाजियाबाद शाखा) ऋषभ गोयल (कर्जदार) महेन्द्र कुमार गोयल (सह–कर्जदार) रमा गोयल (सह–कर्जदार) शीतल कुमारी (सह–कर्जदार) | प्लॉट नंबर 92, खसरा नंबर 316 का भाग, ग्राम अच्छेजा, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 753, उत्तर : खाली प्लॉट, दक्षिण : 20 फीट चौड़ी रोड, पूरब : खाली प्लॉट, पश्चिम : दुलारी देवी की सम्पत्ति | 11–06–2022 रू. 15,26,890/– | 14–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 3. | (एलसी नंबर : 881318/ XSEMGZB00818194 गाजियाबाद शाखा) मुन्ना खान (कर्जदार) जायदा सैफी (सह–कर्जदार) | प्लॉट नंबर 22, खसरा नंबर 1277, मोहल्ला नई आबादी गढ़ी मोहल्ला पिलखुवा, हापुड़, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 504, उत्तर : लोकेश का प्लॉट, दक्षिण : लोकेश का प्लॉट, पूरब : 15 फीट रोड, पश्चिम : सीता राम का प्लॉट | 11–06–2022 रू. 9,03,201/– | 14–10–2022 सांकेतिक कब्जा |
| 4. | (एलसी नंबर : 573229/ XSEMGZB00482359 गाजियाबाद शाखा) विपिन त्यागी (कर्जदार) मिथलेश (सह–कर्जदार), कल्पना त्यागी (सह–कर्जदार), संतोष (सह–कर्जदार) | प्लॉट नंबर 15, गार्डन एन्क्लेव, खसरा नंबर 245, मेनपुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश– 201002, क्षेत्रफल वर्ग मीटर/फीट : 1033, उत्तर : प्लॉट नंबर 13 और 14, दक्षिण : प्लॉट नंबर 16, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : रोड 18 फीट | 30–05–2022 रू. 8,00,000/– | 14–10–2022 सांकेतिक कब्जा |

स्थान : दिल्ली, एनसीआर तिथि : 18–10–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

### महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड — मांग सूचना

Mahindra HOME FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय :– महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : द्वितीय तल, अशोक राज टावर, प्लॉट नंबर सीपी–162, सेक्टर डी–1, एलडीए कालोनी, निकट पावर हाउस चौराहा, आशियाना, पिन–226012, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, आशा मॉडर्न स्कूल लेन, निकट सिविल कोर्ट, कोर्ट रोड, आर जी प्लेस के सामने, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247001

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त अधिनियम के तहत महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदारगण") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी, जिसकी विषयवस्तु नीचे पुनर्–प्रस्तुत की गई है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | कर्जदार(रों)/गारंटर का पता | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहारनपुर : शाखा LAN:-1393917/ XSEMSAR01065205 नवीन कुमार (कर्जदार) रीता देवी (सह–कर्जदार) | राम विहार कालोनी, निकट दुर्गा मंदिर, सहारनपुर, 70818 247001 | 31–08–2022 रू. 14,04,710/– | प्लॉट नंबर 249 का दक्षिणी भाग, खसरा नंबर 601 मिन, वाके ग्राम मानकमऊ दर आबादी परकाश लोक कालोनी, सहारनपुर, प्लॉट नंबर 249 का दक्षिणी भाग, खसरा नंबर 601 मिन, वाके ग्राम मानकमऊ दर आबादी परकाश लोक कालोनी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247001 उत्तर : प्लॉट नंबर 249 विनय का मकान, दक्षिण : अन्य प्लॉट 251 या 250, पूरब : 25 फीट रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 240 डाक्टर का मकान |

उपरोक्त के अनुसरण में एतद्द्वारा, उक्त कर्जदारों को एक बार पुनः सूचना दी जाती है कि वे महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड को यहां ऊपर वर्णित राशि, ऊपर वर्णित तिथि(यों) से आगे बकाया के भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक 2 प्रतिशत प्रति माह की दर पर ब्याज के साथ, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर चुका दें।

उपरोक्त कर्जदारों को एतद्द्वारा कम्पनी को उपरोक्तानुसार भुगतान करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर, कम्पनी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।

स्थान : दिल्ली, एनसीआर, सहारनपुर, तिथि : 18–10–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड


# संक्षिप्त समाचार



एचसीएल के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय शर्फाबाद सेक्टर-73 में अध्यापकगण तथा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय एवं यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरुक किया गया।

### आरके चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में टीम गठित

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में आरक्षी भर्ती 2022 के अभ्यर्थियों की मुश्किलों को देखते हुए ऑनलाइन के साथ ही आवेदन प्रपत्र लखनऊ बोर्ड कार्यालय में जमा कराने की व्यवस्था की गई थी। अब प्रदेश भर के अभ्यार्थियों की दिक्कतों को देखते हुए गाजियाबाद में एक विशेष पटल की व्यवस्था की गई है। हरसांव पुलिस लाइन में यह व्यवस्था की गई है, जिसमें आवेदन पत्र व चालान की मूल प्रति जमा की जा रही है। शनिवार, रविवार को छोडकर बाकी सभी दिनों में यह आवदेन पत्र 31 अक्टूबर तक सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक जमा किए जाएंगे।

### चोरों ने घर के बाहर से कार चुराई

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाने की बलरामनगर कॉलोनी में रविवार रात चोरों ने बर्तन व्यवसायी अवधेश कुमार सिंघल की कार घर के बाहर से चोरी कर ली। सोमवार सुबह नींद से जागने पर व्यवसायी को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पशु को मारने के मामले में कार्रवाई की मांग

**गाजियाबाद।** हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान पदाधिकारियों ने डीजीपी को शिकायती पत्र देकर लोनी में सक्रिय प्रतिबंधित पशु वध हत्यारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पूर्व जिला मंत्री शुभम कुमार का आरोप है कि जमालपुरा निठोरा रोड पर रहने वाला एक व्यक्ति पशु तस्कर है। वह और उसके साथी रात के समय लावारिस घूमने वाले प्रतिबंधित पशुओं का वध कर देते हैं। पहले भी कई बार पशु वध के आरोप में पकड़ा जा चुका है।

### लेन–देन के विवाद में सिर पर रॉड मारी

**गाजियाबाद।** पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक युवक सिर पर लोहे की रॉड लगने से चोटिल हो गया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है। लोनी की इकरामनगर कॉलोनी निवासी आजाद अंसारी का आरोप है कि उसे एक युवक से कुछ पैसे लेने थे। रविवार शाम युवक ने उसे पैसे देने के बहाने प्रेमनगर कॉलोनी में बुलाया और साथी के साथ मिलकर गाली.गलौज करने लगा। विरोध पर उसके सिर पर लोहे की रॉड मार दी। कॉलोनी के लोगों ने उसके साथी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

### रिटायर्ड इंस्पेक्टर की पत्नी की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव के यामाहा विहार में एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर की पत्नी की सोमवार को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। मौत के कारणों का सही पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बरौला गांव के यामाहा विहार कॉलोनी में रहने वाले वाली 57 वर्षीय विमलेश भाटी को उनके पति भीकम सिंह भाटी ने गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सेक्टर 50 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# फेस्ट के दौरान मिरांडा हाउस कॉलेज में घुसे बाहरी युवक

## छात्राओं का आरोप- कार्यक्रम में छेड़छाड़ और महिला विरोधी नारे लगाये गए, प्रिंसिपल ने किया इनकार

## वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी, किसी की गिरफ्तारी नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रतिष्ठित महिला कॉलेज मिरांडा हाउस परिसर में फेस्ट के दौरान कई बाहरी युवक दीवार फांद कर अंदर आ गए। उन्होंने छात्राओं पर अश्लील टिप्पणियां की और महिला विरोधी नारे लगाए। एक छात्रा ने आरोप लगाया कि कई छात्र कक्षाओं में भी घुस आए थे। इससे छात्राएं डर गईं। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कॉलेज की प्रिंसिपल ने कहा कि छात्राओं से छेड़छाड़ की अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) सागर सिंह कलसी ने कहा कि उन्होंने वीडियो के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अनधिकार प्रवेश की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मिरांडा हाउस की कुछ छात्राओं ने आरोप लगाया कि कई युवक परिसर में आयोजित दीपावली उत्सव के दौरान कॉलेज की दीवारों और गेट पर चढ़ गए तथा महिला विरोधी और भद्दी टिप्पणियां कीं। कॉलेज की प्रधानाचार्य बी. नंदा ने कहा कि भीड़ बहुत अधिक थी और छात्राओं की सुरक्षा के



मद्देनज़र द्वार बंद कर दिए गए थे। नंदा ने एजेंसी से कहा कि हालांकि, गेट बंद करने से भी भीड़ नहीं रुकी और लोगों ने दीवार फांदकर कॉलेज में प्रवेश करने का प्रयास किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि आयोग ने इस मामले में दिल्ली पुलिस और मिरांडा हाउस कॉलेज प्रशासन को नोटिस जारी किया है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कॉलेज द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से एक मिरांडा हाउस में दीपावली मेले में लड़के जबरन घुस गए। लड़कियों ने छेड़छाड़ और शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं।

हम दिल्ली पुलिस और कॉलेज प्रशासन को नोटिस भेज रहे हैं। यह गुंडागर्दी कैसे हुई? क्या सुरक्षा प्रबंध किए गए? कॉलेज की प्रधानाचार्या ने भी उक्त घटना के संबंध में मौरिस नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के मकसद से कॉलेज में सुरक्षा बढ़ाने के उपाय करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली उत्सव के दिन बहुत अधिक भीड़ थी। हमने कॉलेज के द्वार बंद कर दिए थे, लेकिन छात्रों ने दीवारों पर चढ़कर अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर उन्हें रोक दिया। प्रधानाचार्या ने कहा कि हमने घटना पर संज्ञान लिया है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस मौजूद थी।

छात्राओं की सुरक्षा हमारे लिए सबसे पहले है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मैंने मौरिस नगर के थाना प्रभारी को शिकायत दी है और और सीसीटीवी फुटेज भी जल्द उपलब्ध करवाऊंगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी छात्रा ने अभी तक छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वहीं, एक छात्रा ने ट्वीट में दावा किया कि शुक्रवार की घटना के दौरान उसे महिला विरोधी और भद्दी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि युवक परिसर में जबरन प्रवेश कर गए। इस बीच, एक अन्य छात्रा ने आरोप लगाया कि कई लोग कक्षाओं में प्रवेश कर गए और छात्राओं से दुर्व्यवहार किया। उसने कहा कि रामजस कॉलेज के युवकों ने 'रामजस का नारा है, मिरांडा पूरा हमारा है' जैसे भद्दे नारे लगाए। प्रतिष्ठित महिला कॉलेज की छात्राओं ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किए, जिसमें कुछ युवक कथित तौर पर दीवार फांदते, परिसर में घूमते और नारे लगाते हुए दिखाई देते हैं। पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो पर रविवार को कहा कि कुछ छात्र (तीन-चार) कॉलेज में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया और 14 अक्टूबर का दीपावली उत्सव घटना-मुक्त रहा।

### अब पूर्व पंजीकरण बिना कार्यक्रम की मंजूरी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस ने फेस्ट के दौरान हंगामे के मद्देनजर सोमवार को आयोजनों की प्रक्रियाओं पर फिर से विचार करने के लिए एक उप-समिति का गठन किया और एक आपातकालीन मानक संचालन प्रक्रिया जारी की, जिसके तहत बिना पूर्व पंजीकरण के कार्यक्रम आयोजन निषिद्ध किए गए। विश्वविद्यालय ने कहा, पूर्व पंजीकरण के बिना किसी भी कार्यक्रम की अनुमति नहीं है। कोई फेस्ट या मेला केवल एक अंतर-कॉलेज कार्यक्रम होगा। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम अपराह्न 2 बजे के बाद आयोजित किए जाएंगे। कॉलेज प्राचार्य बी नंदा ने नोटिस में कहा कि इस मामले पर चर्चा करने और रणनीति बनाने और व्यवस्था में कमियों की जांच करने के लिए कई आपात बैठकें की गईं।

# स्वाति मालीवाल के घर पर हमला, कार के शीशे तोड़े

- दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने की शिकायत, व्यक्ति हिरासत में



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के घर पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। हमलावरों में परिसर में खड़ी दो कारों के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिया। राहत की बात यह है कि इस हमले में स्वाती मालीवाल और उनका परिवार घर में नहीं थे। उन्होंने इस संबंध में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि एक व्यक्ति को पकड़ा है। उसकी पहचान नत्थूपुरा निवासी सचिन के रूप में हुई है। पकड़े गए व्यक्ति का मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) में इलाज चल रहा है।

स्वाति मालीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर में कहा, उनके घर पर कोई हमलावर घुस आया और उसने हमला किया। हमलावर ने उनकी और मां की कार के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में के अंदर घुसने की कोशिश की। भगवान का शुक्र है कि वह और उनकी मां दोनों घर पर नहीं थे। वरना पता नहीं क्या होता। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चुनौती दी कि कुछ भी कर लो, वह डरने वाली नहीं है। आयोग की अध्यक्ष में मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब नौ बजे सिविल लाइंस थाने में एक शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति ने दो वाहनों को नुकसान पहुंचाया और तोड़फोड़ की। मालीवाल के सरकारी आवास में काम कर रहे एक पेंटर ने बताया कि दो वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया और उनके शीशे तोड़े गए। उसने कहा, मालीवाल शहर से बाहर हैं, और परिवार के अन्य सदस्य भी घर पर मौजूद नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस बीच मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ट्वीट कर कहा कि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली में कानून व्यवस्था का बहुत बुरा हाल हो गया है।

# आप का सड़कों पर प्रदर्शन, कई हिरासत में

### सिसोदिया से पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले को लेकर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो उपमुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए तलब किया है। मामले में पूछताछ के लिए सिसोदिया सोमवार सुबह 11 बजे सीबीआई मुख्यालय पहुंचे।

दफ्तर जाने से पहले उन्होंने अपनी माता जी (सास) का आशीर्वाद लिया साथ ही क्षत्रिय परंपरा का पालन करते हुए पत्नी ने तिलक लगाकर विदा किया। इसके बाद वह घर से आम आदमी पार्टी के दफ्तार गया वहां से राजघाट पर बापू की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और सत्य और असत्य की लड़ाई में सत्य की जीत के लिए आशीर्वाद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर उन्हें जेल जाना पड़ा तो अफसोस मत करना गर्व करना, उनके लिए गर्व की बात की उन्हें देश के लिए कुर्बानी देने का मौका मिला है।

सीबीआई दफ्तर में पूछताछ के दौरान बाहर बड़ी संख्या में आप विधायक, सांसद और कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि आज देश कुर्बानी मांग रहा है। आजादी के 75 साल हो गए लेकिन इनसे हमारे बच्चों के लिए स्कूल नहीं बनवाए गए, अच्छे सरकारी अस्पताल नहीं बनवाए, नौजवानों को बेरोजगार छोड़ दिया। आप सरकार ने गत 7 सालों में शानदार काम किया।



### हिरासत में लिए गए सांसद संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को निषेधाज्ञा का कथित तौर पर उल्लंघन करने के लिए सीबीआई मुख्यालय के बाहर हिरासत में ले लिया। सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाए जाने के विरोध में सिंह और आप कार्यकर्ता परिसार के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आप के सांसद संजय सिंह व अन्य प्रदर्शनकारियों को सीजीओ परिसर में गैरकानूनी तरीके से प्रदर्शन करने के लिए हिरासत में लिया गया है।

### भाजपा ने सिसोदिया के जुलूस को बताया नाटक

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री की पेशी के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किए जाने पर भाजपा ने आपत्ति जताई और इसे उसका जश्न-ए-भ्रष्टाचार करार दिया है। सिसोदिया द्वारा खुली कार में हाथ में तिरंगा लिए समर्थकों संग नारेबाजी किए जाने पर भी तंज कसा और कहा कि उनका यह व्यवहार ऐसा था मानो आप ने भ्रष्टाचार का विश्व कप जीता हो।

मनोज तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार देश के महापुरुषों का अपमान कर रहे हैं। सत्येन्द्र जैन जेल में है और दूसरे मंत्री मनीष सिसोदिया कानून के गिरफ्त में हैं।

### महानायकों की आड़ में भ्रष्टाचार छुपाने की कोशिश : कांग्रेस

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री के जुलूस निकालने पर प्रदेश कांग्रेस ने हमला बोला है। प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल ने कहा कि सिसोदिया यह समझ चुके है कि उनका अगला घर जेल होगा। शायद उसी गलती को स्वीकार कर वह पेशी से पूर्व महात्मा गांधी की समाधि पर राजघाट पहुंचे, जहां उनके चेहरे पर भय और खौफ साफ दिख रहा था। मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सिसोदिया की तुलना महानायक महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह से करना स्वतंत्रता सेनानियों उनके बलिदान का अपमान है।

# रंजीत नगर में युवक की मौत के बाद तनाव, बढ़ी सुरक्षा

- पुलिस ने वारदात के पीछे सांप्रदायिक पहलू से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के रंजीत नगर इलाके में सड़क पर हुए झगड़े के दौरान युवक की मौत के बाद इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है। उसने इस वारदात के पीछे कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं होने की बात कही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, घटना के बाद से किसी भी तरह की अराजकता से बचने और कोई अप्रिय घटना न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उस क्षेत्र और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। इस घटना का स्पष्ट रूप से कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं है। यह कथित तौर पर बाइक सवार लोगों द्वारा हॉर्न बजाए जाने का मामला है। जिसके चलते हाथापाई हुई। यह घटना 12 अक्टूबर की रात की है जब तीन लोगों ने बाइक सवार कुछ लोगों द्वारा हॉर्न बजाने पर आपत्ति जताई थी। आपत्ति जताने वालों में वह युवक भी शामिल था जिसकी इस झगड़े में जान गई थी। मंदिर वाली गली के निकट चावला बेकरी के पास झगड़े की सूचना देने के लिए रंजीत नगर थाने में फोन किया गया, लेकिन जब पुलिस मौके पर गई तो वहां कोई नहीं मिला। विवाद तब शुरू हुआ था जब नीतेश, आलोक और मोंटी ने बाइक पर सवार तीन लोगों को कथित तौर पर हॉर्न बजाने से मना किया और उनमें से एक के साथ मारपीट की जो नीचे गिर गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले कहा था कि जैसे ही बाइक असंतुलित हुई, बाइक सवार दो अन्य लोग भी गिर गए और दोनों समूहों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

पुलिस आयुक्त श्वेता चौहान ने रविवार को कहा था, चूंकि किसी के द्वारा कोई बयान नहीं दिया गया था, इसलिए रंजीत नगर पुलिस थाने में डीडी प्रविष्टि पर भारतीय दंड संहिता की धारा 308 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया था और एक जांच शुरू की गई थी।

सिर में चोट लगने के बाद बेहोश हुए नीतेश ने शनिवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार



महावीर मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र ट्रॉफी के साथ।

### मानसिक जागरूकता बढ़ाने को डॉक्टरों ने खेला क्रिकेट

**नई दिल्ली।** मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्रों ने रविवार को आपस में क्रिकेट मैच खेला। महात्मा गांधी लीजेंड कप के मैच में आरएमएल अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर एसोएिशन के महासचिव डॉ. अजय यादव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। एडीआर टीम मैच में विजयी रही। मैच के मैन ऑफ द मैच डॉ. पंकज रैना रहे। वहीं डॉ. राकेश बागड़ी बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जीता। विजेता टीम के कप्तान आरएमएल अस्पताल के डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना जरूरी है। सफदरजंग के रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. मनीष जांगड़ा ने बताया कि डॉक्टरों पर काफी दबाव होता है। कोरोना काल में एम्स के तीन डॉक्टरों और कुछ दिनों पहले सफदरजंग अस्पताल के एक डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली थी।

### अनूसूचित जाति के हितों पर डाका बर्दास्त नहीं : विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा कि मतांतरित अनुसूचित समाज को आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग न केवल संविधान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है अपितु अनुसूचित जाति के अधिकारों पर खुला डाका है। जैन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मिशनरी व मौलवी बार-बार यही दोहराते हैं कि उनके मजहब में जाति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। उनका धर्म स्वीकार करने के बाद कोई पिछड़ा नहीं रह जाता है। इसके बावजूद जब वे मतांतरितों के लिए बार-बार आरक्षण की मांग करते हैं तो न केवल उनका समानता का दावा खोखला सिद्ध होता है अपितु, उनके गलत इरादों का भी पर्दाफाश होता है। उनका उद्देश्य न्याय दिलाना नहीं अपितु मतांतरण की प्रक्रिया को तेज करना है। यह अनुचित मांग न केवल सामाजिक न्याय अपितु संविधान की मूल भावना के विपरीत किया गया एक षड्यंत्र है।

### डीयू दाखिला : खेल कोटे से दाखिला आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में खेल कोटे से दाखिले की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। राष्ट्रीय कैडेट कोर श्रेणी से इस बार शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए ईसीए कोटे के माध्यम से 14 श्रेणियों में प्रवेश किया जा रहा है, जिसमें सबसे अधिक 1748 पंजीकरण हुए हैं। ईसीए प्रवेश 2022-23 के लिए ट्रायल मंगलवार, 18 अक्टूबर बृहस्पतिवार 27 अक्टूबर तक होंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि ईसीए के तहत सीट आवंटन के लिए, सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (स्नातकोत्तर) के संयुक्त स्कोर और ट्रायल तथा प्रमाण पत्र पर विचार किया जाएगा। एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना को छोड़कर, 12 श्रेणियों के लिए 75 अंकों के ईसीए स्कोर के लिए, शारीरिक परीक्षण के आधार पर 60 अंक और जमा किए गए प्रमाणपत्रों के आधार पर 15 अंक दिए जाएंगे।

# इंटरपोल महासभा : राजधानी में 4 दिन प्रभावित रहेगा यातायात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंटरपोल की 90वीं वार्षिक आमसभा मंगलवार को प्रगति मैदान में शुरू हो रही है। इस कार्यक्रम की वजह से राष्ट्रीय राजधानी में चार दिनों तक यातायात प्रभावित रहेगा।

दिल्ली यातायात पुलिस ने लुटियंस दिल्ली में विभिन्न संगठनों को सलाह दी है कि वे अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दें या आयोजन के मद्देनजर चार दिनों के लिए काम के घंटों में बदलाव करें।यातायात पुलिस की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधि सात होटलों में ठहरेंगे।

इन होटलों में ललित, इंपीरियल, शांगरी ला, ली मेरिडियन, ओबेरॉय, हयात रिजेंसी और अशोक शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि अशोक रोड, जनपथ, मथुरा रोड, भैरों रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, जाकिर हुसैन मार्ग, राजेश पायलट मार्ग, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग, कमल अतातुर्क मार्ग पर यातायात नियंत्रित रहेगा। इसके अलावा कई अन्य सड़कों पर यातायात प्रभावित रहेगा।

### तेजी से पैर पसार रहा डेंगू, दो हफ्ते में 635 केस

**नई दिल्ली।** डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश के कारण डेंगू मच्छर का प्रसार तेजी से फैला है। इसी वजह से केसों में इजाफा हुआ है। दिल्ली में 12 अक्टूबर तक डेंगू के 635 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके साथ ही इस साल ऐसे मामलों की संख्या बढ़कर 1,572 तक पहुंच गई।

नगर निगम के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक सामने आए डेंगू के 1,572 मामलों में से 693 केवल सिंतबर में सामने आए हैं। आंकड़ों के अनुसार इस साल सितंबर अंत तक डेंगू के 937 मामले सामने आए थे।

# दिल्ली-एनसीआर व पंजाब में घटी पराली जलाने की घटनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली, उसके निकटवर्ती राज्यों और पंजाब में इस साल अब तक पराली जलाने की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। इलाकों में अभी तक पराली जलाने के कुल 1,695 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 3,431 मामले पाए गए थे।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2021 में गठित इस वैधानिक निकाय ने एक बयान में बताया कि पंजाब के खेतों में पराली जलाए जाने के 1,444 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में ये मामले 2,375 थे।

हरियाणा में 2021 के l,026 मामलों की तुलना में इस साल पराली जलाए जाने के 244 मामले दर्ज किए गए हैं और उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) जिलों में पिछले साल के 30 मामलों की तुलना में इस वर्ष केवल पांच ऐसी घटनाएं दर्ज की गई हैं। दिल्ली में इस साल अब तक पराली जलाए जाने की दो घटनाएं दर्ज हुई हैं।


### वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में, पारा सामान्य से नीचे

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता सोमवार को लगातार दूसरे दिन खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री तो न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को आसमान मुख्य तौर पर साफ रहेगा जबकि न्यूनतम व अधिकतम तापमान क्रमश: 17 और 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

# हिमालय में 550 जड़ी बूटियों संग खोजी तीन चोटियां: बालकृष्ण

## पतंजलि योग पीठ के प्रमुख आचार्य का दावा



**अजीत तिवारी।** नई दिल्ली

हिमालय के गोमुख ग्लेशियर के ऊपरी भाग में नए क्षेत्र में तीन चोटियों की खोज के साथ 550 नई जड़-बूटियों की खोज की गई है।

यह दावा पंतजलि योग पीठ के प्रमुख आचार्य बालकृष्ण ने हाल ही में उच्च हिमालयी क्षेत्र के 15 दिवसीय प्रवास के बाद किया है। आचार्य बालकृष्ण ने पायनियर से एक बातचीत में गोमुख ग्लेशियर के ऊपर के नवीन हिमालयी क्षेत्रों की खोज के बारे में जानकारी दी। बालकृष्ण ने कहा कि हमारा प्रयास हिमालय के उन क्षेत्रों का पता लगाना था जो अभी तक मानव संपर्क से अछूते रहे हों। इस दिशा में इससे पहले 1981 पहले एक दल ने गोमुख से ऊपर के क्षेत्रों की खोज का प्रयास किया था लेकिन वे सफल नहीं हुए थे। पंतजलि योगपीठ के इस दुर्गम अनुसंधान में नेहरु पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) के प्रिंसिपल कर्नल अमित बिष्ठ समेत चार पर्वतारोही थे। बालकृष्ण ने कहा कि इस अनुसंधान में शामिल तीन पर्वतारोही एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर चुके हैं वहीं कर्नल बिष्ट को भी पर्वतारोहण का अनुभव था। इस टीम में सबसे अधिक उम्र का मैं था, जिसे पर्वतारोहण का कोई अनुभव भी नहीं था। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि इस अनुसंधान में 550 जड़ी बूटियों की खोज के साथ हिमालय के ग्लेशियर की तीन चोटियों वाले क्षेत्र का नामकरण ऋषि परंपरा के आधार पर किया गया। इस क्षेत्र की सबसे ऊंची चोटी का राष्ट्र ऋषि, दूसरी चोटी का योग ऋषि और तीसरी चोटी का आयुर्वेद ऋषि नाकरण किया गया। इन तीनों चोटियों के मध्य के वृहद् क्षेत्र का नाम ऋषि ग्लेशियर या ऋषि बामक रखा गया। आचार्य बालकृष्ण ने उच्च हिमालयी क्षेत्र से प्राप्त 550 जड़ी बूटियों के चिकित्सकीय उपयोग के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी। इन जड़ी बूटियों पर शोध कार्य शुरू हो गया है।

### कोविड के प्रकोप से बचने को शोध जारी

आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि कोविड के इलाज, दुष्प्रभाव आदि से बचने के लिए पंतजलि योग पीठ के समृद्ध वैज्ञानिकों की टीम लगातार शोध व अनुसंधान में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जैसा आप सभी जानते हैं कि कोविड महामारी से बचाव में आयुर्वेद की भूमिका को पूरी दुनिया ने माना है।

*'पंतजलि योग पीठ का प्रयास स्वस्थ जीवन शैली के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करना है। इन बीमारियों से बड़ी संख्या में लोगों के प्रभावित होने के साथ ही जन और धन की हानि हो रही है। इसके लिए पंतजलि योगपीठ समाचार चैनलों, सोशल मीडिया और विभिन्न जन जागरूकता अभियान चला रही है।'*

-बालाकृष्ण

### अभियान पर संयुक्त टीम हुई थी रवाना

10 सितंबर को पतंजलि, उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान और नई दिल्ली स्थित भारतीय पर्वतारोहण संस्थान का संयुक्त दल गंगोत्री हिमालय के रक्तवर्ण ग्लेशियर क्षेत्र के लिए रवाना हुआ था। यह दल 25 सितंबर को वापस लौटा था। अभियान का नेतृत्व एनआईएम के प्रधानाचार्य कर्नल अमित बिष्ट और पतंजलि आचार्य बालकृष्ण ने किया। अभियान का लक्ष्य अनाम चोटी का आरोहण के साथ नई जड़ी-बूटी और पादपों की खोज करना था। दल में पतंजलि के जड़ी बूटी विशेषज्ञ डा. राजेश मिश्रा, वनस्पति विज्ञानी डॉ. भाष्कर जोशी निम के प्रशिक्षक दीप शाही, विनोद गुसांई तथा आइएफएफ के बिहारी सिंह राणा शामिल थे।



# पद के दुरुपयोग को लेकर डीडीसीडी उपाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रवक्ता के तौर पर काम करते हुए सरकारी पद का दुरुपयोग करने के आरोपों पर दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग के उपाध्यक्ष जैसमीन शाह को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। वर्मा ने 13 सितंबर को अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि डीडीसीडी के उपाध्यक्ष के तौर पर काम करते हुए जैसमीन शाह ने राजनीतिक फायदे के लिए आम आदमी पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के तौर पर काम किया, जो स्थापित प्रक्रियाओं का उल्लंघन और शाह द्वारा सरकारी पद के दुरुपयोग के कुछ कथित उदाहरण हैं। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि इस मामले में दिल्ली सरकार के योजना विभाग ने जांच की है।

# सभी लैब व 50 बेड से अधिक क्षमता वाले अस्पताल कराएं पंजीकरण

## हरियाणा हेल्थ डॉट एनआईसी पर करा सकते हैं पंजीकरण

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला में क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट (सीईए) को प्रभावी ढंग से लागू कराने को लेकर लघु सचिवालय में संबंधित विभागों की बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने की।

बैठक में गुरुग्राम के सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की सचिव डॉ. सारिका वर्मा, आईएमए के प्रतिनिधि डा. रमेश व डॉ. सुरेश, एसीपी हेडक्वार्टर अभिलक्ष जोशी सहित गुरुग्राम में सीईए के नोडल अधिकारी डॉ. अनुज उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिसके तहत गुरुग्राम जिला में सभी लैब सहित 50 बेड से अधिक क्षमता वाले सभी अस्पतालों का हरियाणा हेल्थ डॉट एनआईसी पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एक्ट में अस्पतालों की विभिन्न सेवाओं में पारदर्शिता को लेकर कई प्रकार के प्रावधान किए गए हैं, जिसमें अस्पताल, डायग्रोस्टिक सेंटर, नर्सिंग होम्स तथा क्लीनिक इत्यादि की जवाबदेही को तय किया गया है। एक्ट के मापदंडों की उल्लंघना पर जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है।

# गुरुग्राम में बर्फ पर करतब दिखाएंगे 18 जिलों के खिलाड़ी

## गुरुग्राम में 7 नवम्बर से होगी छठी स्टेट आईस स्केटिंग चैम्पियनशिप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**छठी** स्टेट आइस स्केटिंग चैंपियनशिप का आगाज सात से नौ नवम्बर 2022 को यहां एंबियंस मॉल स्थित आईस्केट हाल में होगा। जिसमें स्पीड व फिगर आईस स्केटिंग श्रेणी में 18 जिलों के 300 से अधिक स्केटर्स अपना कौशल दिखाएंगे।

हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह के मुताबिक इस बार की स्टेट चैम्पियनशिप कई मामलों में खास होगी। इस ईवेंट के आधार पर वर्ष 2024 में होने वाले यूथ गेम्स, वर्ल्ड कप सहित विदेशों में होने वाले आइस स्केटिंग के सभी प्रकार के ईवेंट को लेकर उनकी नीति एवं रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही वर्ष 2026 में इटली के मिलान और कोर्टिना में आयोजित होने वाले 25वें शीतकालीन ओलंपिक में हरियाणा प्रदेश भी भावी रणनीति के लिए इस बार की स्टेट चैम्पियनशिप का विशेष महत्व रहेगा।

आईस स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव सेलपाड़ के अनुसार गुरुग्राम के एंबिएंस मॉल स्थित आईस्केट में होने वाले इस विशेष



ट्रेनिंग कैम्प व चैम्पियनशिप में 20 से अधिक नेशनल एवं इंटरनेशनल स्केट्स हिस्सा लेंगे। इस दौरान विदेशी कोच भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे।

प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान के अनुसार इस चैम्पियनशिप में गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, जींद, कैथल, भिवानी, सोनीपत, रोहतक, अम्बाला, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ सहित 18 जिलों के लगभग 300 स्केटर्स अपना कौशल दिखाएंगे। सभी जिला एसोसिएशन को अपने खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 30 अक्टूबर 2022 तक करवाना होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## हर दिन-हर घर आयुर्वेद थीम पर रवाना किया जागरुकता वाहन



**गुरुग्राम।** आयुष विभाग द्वारा 7वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिला में हर दिन हर घर आयुर्वेद के आह्वान के साथ आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता वाहन को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला आयुष अधिकारी डा. मंजू बांगड़ के मार्गदर्शन में इस जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को दैनिक जीवन में आयुर्वेद के फायदों के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डा. मंजू बांगड़ ने बताया कि इस दौरान आयुर्वेदिक दवाओं व जड़ी बूटियों के साथ-साथ इम्यूनिटी को बढ़ाने वाले न्यूट्रिशस फूड के बारे में भी लोगों का बताया जाएगा। कहा भी गया है जब सही भोजन-सही प्रकार से लेते हैं तो दवा की आवश्यकता नहीं। जब भोजन सही नहीं है तो दवा भी कोई काम नहीं करती। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी मक्का इत्यादि का सेवन गेहूं के साथ मिलाकर या अलग से करना चाहिए। स्नैक्स के रूप में बिस्किट-नमकीन की जगह मुरमुरे, चिवड़ा, नारियल, भुने चने, मूंगफली इत्यादि का सेवन करना लाभकारी है। सर्दियों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हरी सब्जियां जैसे सलाद इत्यादि का उपयोग करें। सर्दियों में उपलब्ध हरा आंवला और कच्ची हल्दी का प्रयोग उचित मात्रा में करना अत्यंत लाभदायक है। केवल भोजन के सही तरीके को अपनाकर बालक अच्छा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पा सकते हैं और वृद्ध स्वास्थ्य प्राप्त करने के साथ-साथ रोगों से दूर रह सकते हैं। आयुर्वेद के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान भी आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग की ओर से डा. निर्मल यादव, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा सोमवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल भीमगढ़ खेड़ी में बच्चों को दैनिक जीवन में आयुर्वेद के लाभों के बारे में बताया गया।

## मजदूर की कैंटर के कुचलकर मौत

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र के नया गांव में टेंट के कपड़ों के बीच सौ रहे 30 वर्षीय मजदूर की कैंटर के कुचलने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बिहार मूल के निवासी गौरी यादव ने पुलिस को बताया कि वह हाल में दिल्ली मुबारिकपुर रह रहा है। उसके साथ उसका साला धर्मबीर उर्फ सुक्कन भी रहता है। वे दोनों टेंट का काम करते हैं। उनके द्वारा भोंडसी थाना के नया गांव में भड़ाना हाऊस में टेंट लगाने का कार्य चल रहा है। शनिवार को वह दिल्ली चला गया था। नया गांव में सामान के पास धर्मबीर को छोड़कर गया था। धर्मबीर देर रात तक टेंट लगाने का काम करते हुए वही पर कपड़ों पर सौ गया। इस दौरान कैंटर चालक ने रात के अंधेरे में कैंटर को धर्मबीर के ऊपर से उतार दिया। जिससे धर्मबीर की मौत हो गई। रविवार की सुबह-सुबह जब धर्मबीर कहीं नजर नहीं आया तो उसे टेंट के कपड़ों के बीच देखा। जहा वह मृत पाया गया। पास में ही कैंटर के टायरों के निशान मिले। भौंडसी पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## गुरुग्राम शहर में लोगों को घर के नजदीक मिलेगा इलाज



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं होने के बावजूद नागरिक अस्पताल व बड़े निजी अस्पतालों पर मरीजों का अत्यधिक दबाव है। शहर के लोगों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। शहरवासियों को अब घर के पास ही इलाज मिलेगा। ऐसे में छोटी-छोटी बीमारियों व टेस्ट के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। अब ऐसा नहीं होगा। शहर में 40 स्थानों पर अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर खोले जाएंगे। सोमवार को यहां लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी क्षेत्र में हेल्थ एन्ड वेलनेंस सेंटर खोले जाने को लेकर उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बैठक ली। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव से इस मिशन की विस्तृत रिपोर्ट लेने के बाद डीसी ने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेंटर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में खोले जाएं तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सेंटर के लिए जगह चिन्हित करने के लिए उन्होंने गुरुग्राम निगमायुक्त मुकेश आहूजा से बात की है। उन्होंने निगम क्षेत्र में ऐसे 65 सामुदायिक भवन उपलब्ध होने की बात कही है। जहां ये हेल्थ वेलनेस सेंटर शुरू किए जा सकते हैं। डीसी श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी क्षेत्र में हेल्थ एन्ड वेलनेंस सेंटर खोले जाने से लोगों को सुविधा मिलने के साथ साथ नागरिक अस्पताल पर मरीजों का दबाव भी कम होगा। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने उपायुक्त निशांत कुमार यादव को बताया कि जिला के ग्रामीण क्षेत्र में इस समय 72 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर वर्किंग में हैं। शहरी क्षेत्र में खोले जा रहे इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बनने से जिला में इनकी संख्या 112 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में 40 स्थानों पर खोले जाने वाले इन अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर में डॉक्टर सहित पांच अन्य लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसमें जांच 12 चिकित्स्य सुविधा सहित 14 टेस्ट की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए 105 प्रकार की दवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। बैठक में सिविल एनएचएम से उप-सविल सर्जन डॉ. प्रदीप, नोडल अधिकारी डॉ. शालिनी गोयल, डॉ. अनुज उपस्थित रहे।

# भाविप की युवा भारत शाखा एवं गुरु द्रोणाचार्य शाखा ने मनाई दिवाली

## दिवाली परिवार मिलन समारोह का किया गया आयोजन

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, हरियाणवी डांस, डांडिया एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया



गुरुग्राम में भाविप की युवा भारत शाखा एवं गुरु द्रोणाचार्य शाखा की ओर से दिवाली मिलन समारोह में मौजूद सदस्यगण।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** विकास परिषद गुरुग्राम की युवा भारत शाखा एवं गुरु द्रोणाचार्य शाखा द्वारा दिवाली परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। अल्पाइन स्कूल सेक्टर-38 में आयोजित इस समारोह में दोनों शाखाओं के लगभग 100 परिवार उपस्थित रहे। सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, हरियाणवी डांस, डांडिया एवं स्वादिष्ट व्यंजनों से कार्यक्रम का आनंद लिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीके शर्मा डायरेक्टर अल्पाइन स्कूल, रेखा शर्मा प्रिंसिपल अल्पाइन स्कूल, उषा प्रियदर्शिनी समाज सेविका, भारत विकास परिषद के केंद्रीय संयुक्त महासचिव तरुण प्रताप त्यागी, प्रांतीय टीम से प्रदीप जैन, युवा भारत शाखा के संरक्षक डॉ. अनुज गर्ग उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल, जिला महासचिव डीपी गोयल, युवा भारत शाखा के संरक्षक डॉ. अनुज गर्ग ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे पर्व हमारी एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। हमें हर त्योहार धूमधाम से मनाया चाहिए। हमारी भारतीय संस्कृति की परम्परा यही रही है कि हम सामान्य जीवन के मतभेद भुलाकर त्योहारों को एक होकर मनाते हैं।

युवा भारत शाखा से सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भरपूर मेहनत की। सतीश तायल द्वारा गाय के गोबर से बने हुए सुंदर दीपक वितरित किए गए। कार्यक्रम शाखा की महिला सदस्यों द्वारा बहुत ही सुंदर रंगोली एवं मंच संचालन किया गया। शीतल गुप्ता, नीतू गुप्ता, विधि मंगला, सिमरन गर्ग, शिनम सिंगला, दुर्गेश, बबीता सिंहल, अनीता सिंगला, शिखा मंगला, ममता अग्रवाल का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए मनीष जैन, सचिन गुप्ता, प्रिंस मंगला, सुमित सिंगला, सतीश तायल, सुनील गर्ग, राजेश बंसल, विवेक गुप्ता, मनोज सिंहल आदि का योगदान रहा। गुरु द्रोणाचार्य शाखा से संदीप गुप्ता, सुशील गर्ग एवं उनकी पूरी टीम ने कार्यक्रम आयोजित करने में मार्गदर्शन किया।

# अग्रसमागम : आयोजक युवा टीम को नवीन गोयल ने किया सम्मानित



अग्रसमागम की सफलता को लेकर युवाओं को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुग्राम में आयोजित अग्रसमागम 2022 की सफलता में सहयोगी रहे सदस्यों का सम्मान समारोह एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सभी सदस्यों को जयंती समारोह के आयोजक नवीन गोयल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, समाजसेवी कपिल रतेरिया भी मौजूद रहे।

युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि समाज के कार्यों में हमें सदैव आगे रहना चाहिए। हमें हमारे पूर्वजों ने जो सेवा की सीख दी है, उसे सदा कायम रखना है। महाराजा अग्रसेन जी ने समाजसेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह सदियों तक चलता रहे, इसकी जिम्मेदारी हम सबकी है। हमें पीढ़ी-दर-पीढ़ी सेवा की मशाल को जलाकर रखना है। श्री गोयल ने युवाओं की टीम से आग्रह किया कि हमें पर्यावरण के क्षेत्र में अधिक काम करने की जरूरत है। डा. डीपी गोयल ने कहा कि अग्रसमागम के माध्यम से समाज की एकता और अधिक मजबूत हुई है। सर्व समाज में इसका बहुत अच्छा संदेश गया है। इस आयोजन की यही सार्थकता है कि समारोह में प्रदेशभर से आए अग्र वंशजों ने महाराजा अग्रसेन जी को नमन करके उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि गुरू द्रोणाचार्य की धरती से महाराजा अग्रसेन जी की जयंती का यह भव्य आयोजन देश-विदेश के लोगों ने डिजिटल रूप में देखा।

# गाड़ी ऑवरटेक करने वालों ने सगे भाइयों पर किया हमला

## घायल भाइयों को नागरिक अस्पताल में इलाज को दाखिल कराया

**सोहना।** गाड़ी ऑवरटेकिंग को लेकर युवकों के दो गुटों के बीच डंडे, सरिया और लोहे की रॉड चल गईं। इससे दो सगे भाई लहुलुहान हो गए। घायल भाइयों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस आरोपियों की पहचान में जुट गई है।

जिला नूंह का गांव इंडरी निवासी सोनू ने बताया कि वह और उसका भाई सुनील अपनी कार में सवार होकर बस स्टैंड से गांव की तरफ जा रहे थे। हर के अंबेडकर चौक पर पीछे से तेज गति में आई इको चालक ने उनका कार को टक्कर मार दी। जिसकी चलते हुए शिकायत करने पर इको में सवार 7/8 युवकों ने उनकी कार के आगे अपनी इको लगा दी। जिसमें से उतरने बाद युवक पहले उनकी कार पर चढ़े और फिर लात घूसों से हमला करने लगे। हमलावरों ने फोन करके अपने और 15/20 साथियों को बुला लिया। जैसे वे दोनों भाई अपनी जान बचाते हुए यहा बनी मार्केट की दुकान में घुसे। आरोपियों ने वहा भी घुसकर उन्हें बुरी तरह से मारा। जानलेवा हमला होता देख आसपास के दुकानदारों ने उन्हें बचाया। जाते समय सभी आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। जिनमें से एक बाईपास निवासी जकरिया भी था। सगे भाइयों पर हुए हमले के विरोध में कुछ युवक बाईपास चौक पर खड़े होने लगे। जिन्हें पुलिस ने चौक से हटाया और यातायात सुचारू किया।

# जजों को सत्य बोलने से घबराना नहीं चाहिए : जस्टिस नरेंद्र जैन

## अयोग्य लोगों के आगे बढ़ने पर भी उठाए सवाल

## जनसेवा के लिए अस्पताल भी बनाए जैन समाज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** सरकार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग के चेयरमैन जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि जैन समाज धर्म के काम में आगे है। धर्म के साथ-साथ ऐसे काम भी करें, जिससे कि सभी को लाभ मिले। कोरोना महामारी में जो हालात हुए, उनसे सीख लेकर अब जैन समाज को बड़े अस्पतालों का भी निर्माण करना चाहिए। यह बात उन्होंने यहां जैन बारादरी में राष्ट्र संत मुनिश्री 108 विहर्ष सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित जैन एकता एवं सल्लेखना चर्चा संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही।

विहर्ष सागर महाराज ने कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारियां समझनी होंगी। इससे समाज में एकता भी होगा और बहुत सारी समस्याओं का समाधान कर पाएंगे। दिगम्बर जैन



गुरुग्राम जैन बारादरी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते भारत सरकार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग के चेयरमैन जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन।

समाज के प्रधान नरेश जैन से सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। मंच संचालन जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन ने किया। कार्यक्रम के संयोजक अंकित जैन रहे।

जस्टिस जैन ने कहा कि हमारे देश में धर्म के साथ अधर्म की भी छूट है। आज ऐसे लोग समाज में अग्रणी हैं, जो खुद शिक्षित होकर कामयाब नहीं हो पाए। ऐसे लोग यूनिवर्सिटी, कालेज चला रहे हैं। उनके जानने वाले भी बहुत ऐसे लोग हैं, जो टीचर, क्लर्क के लायक नहीं, वे यूनिवर्सिटी चला रहे हैं। गत चार वर्षों से आयोग में चेयरमैन जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन इस बात को भी जिम्मेदारी के साथ कहा कि हमारे देश में अल्पसंख्यक की परिभाषा (माइनॉरिटी डिफाइन) सही नहीं है। संविधान का मतलब सम-विधान है, लेकिन विधान-सम नहीं है। सही मायने में तो संविधान हमारे देश में लागू ही नहीं है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जजों को सदा सत्य बोलना चाहिए। घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारे तीर्थ स्थल सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सरदार बल्लभ भाई पटेल का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने सभी रियासतों को एक किया। उन्होंने जैन समाज को प्रेरणा देते हुए कहा कि समय के साथ खुद को बदलें। अपने स्किल अपडेट करें। नहीं तो वही होगा जो महाभारत काल में अभिमन्यु के साथ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आदमी को महत्वाकांक्षी तो होना चाहिए लेकिन लालची नहीं।

यूनिवर्सल जैन लायर एसोसिएशन (उजला) के प्रधान वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील जैन ने कहा कि जैन समुदाय में बालक पैदा होते ही संथारा या सल्लेखना का पालन करने लगता है। उजला के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता अजयवीर सिंह जैन ने कहा कि जैन समुदाय की शक्तियों उनके सिद्धांतों का पालन करने में है।

# वार्ड-13 की पार्षद को एसडीएम ने दिया विकास कार्य कराने का आश्वासन



सोहना के वार्ड 13 के आम रास्ते में जमा गंदा पानी।



सोहना के वार्ड के मुख्य मार्ग के साथ बना नाला कूड़े से भरा हुआ।

## वार्ड के मुख्य पुराना अलवर मार्ग के साथ बना नाला भरा हुआ है गंदगी से

## पार्षद आशा ने कहा, वार्ड-13 में कराएं साफ सफाई और विकास कार्य

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** नगर परिषद के वार्ड 13 की पार्षद आशा ने विकास कार्यों को लेकर गणमान्य लोगों के साथ मुलाकात की। इसके साथ वार्ड के नालों की तुरन्त प्रभाव से सफाई कराने की मांग की गई।

सोमवार को नगर परिषद के वार्ड 13 की नवनिर्वाचित पार्षद आशा देवी और गणमान्य लोग एसडीएम जितेन्द्र गर्ग से उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पार्षद आशा और उनके पति टेकचंद समेत अन्य नागरिकों ने वार्ड में विकास कार्य कराए जाने की मांग की। पार्षद आशा ने बताया कि उनके वार्ड कई गलियां ऐसी है। जहां पर जलभराव होता है। जिसके कारण मक्खी मच्छरों का आतंक बना हुआ है। ऐसे रास्तों को पक्का कराने की मांग की गई। इसके साथ वार्ड के मुख्य पुराना अलवर मार्ग के साथ बना नाला गंदगी से भरा हुआ है। हाल ही में परिषद द्वारा चलाया नालों की सफाई अभियान में भी यहा के नालों की सफाई नहीं की गई। उन्होंने ने बताया कि वार्ड में विकास के कार्य पिछले कई सालों से हुए नहीं है।

पार्षद पति टेकचंद ने बताया कि परिषद के एक्सइएन से भी वार्ड में विकास कार्य कराने की मांग की गई थी, लेकिन उन्होंने वार्ड में अवैध क्षेत्र होने के कारण विकास कार्य कराने से इंकार कर दिया था।

**एसडीएम ने दिया आश्वासन :** एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने वार्ड पार्षद समेत अन्य लोगों को विकास कार्य कराने का आश्वासन देते हुए विवादित क्षेत्र में किसी प्रकार का कार्य न कराने की बात कही गई है। नालों की सफाई व वैध क्षेत्र में सभी प्रकार के विकास कराने की बात कही है।

# छात्राओं ने कपड़े, धागे से ज्वैलरी बनाने का लिया प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में महिला प्रकोष्ठ की ओर से ज्वैलरी मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने अलग-अलग डिजायन में ज्वैलरी बनाना सीखा।

ट्रेनर आरती दहिया ने छात्राओं को कपड़े तथा धागे का इस्तेमाल करके चूड़ियां, झुमके तथा मालाएं बनानी सिखाईं। उन्होंने छात्राओं को खुद ज्वैलरी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सुंदर, टिकाऊ ज्वैलरी बनाने के टिप्स भी दिए। कार्यशाला में 60 से अधिक छात्राओं ने ज्वैलरी बनाने का प्रशिक्षण लिया। आरती दहिया ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमें ऐसे प्रशिक्षण भी लेने चाहिए, जिन्हें भविष्य में हम रोजगार के रूप में भी ले सकें।

उन्होंने कहा कि नौकरी से ज्यादा फोकस अगर हम खुद को प्रशिक्षित करके स्वरोजगार के लिए तैयार करें तो हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। लोकल फॉर वोकल के लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का आह्वान किया है। आज अनेक ऐसी चीजें हैं, जो लुप्त हो चुकी थी, लेकिन अब चलन में आ गई हैं। ऐसे अवसरों का हमें लाभ लेना चाहिए।



**निःशुल्क कैंसर जांच शिविर भी लगाया :** भारतीय कैंसर सोसाइटी (आईसीएस) के सहयोग से महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए निःशुल्क गतिमान कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया।

ईएनटी सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ और पुरूष चिकित्सक सहित 14 सदस्यों की टीम ने स्क्रीनिंग की। एक्स-रे, डिजिटल रक्त प्रोफाइल, मौखिक जांच, गर्भाशय ग्रीवा), स्तन परीक्षण (मैमोग्राफी) एवं पूर्ण पुरुष जांच की गई7 करीब 130 सदस्यों ने जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन प्राचार्य रमेश गर्ग और बायोटेक्नोलॉजी विभाग की इंदु राठी, डॉ. प्राची गुप्ता, डॉ. मानसी अरोड़ा और संगीता के निर्देशन में हुआ। यह पहल गुरु अंगद देव टीचिंग लर्निंग सेंटर (जीएडी-टीएलसी) खालसा कॉलेज नई दिल्ली और आईसीएस कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के तहत की गई थी।

# सेवादारों ने गुरूजी के आने की खुशी में अस्पताल में बांटे फल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरूजी** संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इंसा के 40 दिन के लिए आगमन की खुशी में देश-विदेश की संगत की तरह गुरुग्राम की संगत ने भी पूरे जोश और जुनून के साथ सेवा की। डेरा प्रेमियों ने यहां सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में मरीजों और शहर की कालोनियों में बच्चों, बुजुर्गों को फल वितरित किए।

शाह सतनाम सिंहजी ग्रीन एस. वेलफेयर फोर्स विंग की ड्रेस पहने काफी संख्या में सेवादार फलों से भरे कंटेनर लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। कुछ सेवादार आपातकालीन विभाग तो कुछ वार्डों में पहुंचे और वहां पर उपचाराधीन मरीजों को फल वितरण करने शुरू किए। मरीजों के परिजनों ने सेवादारों से पूछा कि वे कहां से आए हैं। उन्हें बताया गया कि वे डेरा सच्चा सौदा के सेवादार हैं। यह सुनकर मरीजों और उनके परिजनों ने सेवादारों के इस कार्य की सराहना की। पूरे अस्पताल में मरीजों को सेवादारों ने फल वितरित करके गुरूजी के आगमन की खुशी जाहिर की। अस्पताल के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में भी जाकर सेवादारों ने बच्चों और बुजुर्गों को फल वितरित किए।



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करने पहुंचे डेरा सच्चा सौदा के सेवादार।

सेवादार बहनें आशा इंसा, आरती इंसा, खुशबू इंसा, सेवादार भाई पुनीत इंसा, मुकेश इंसा, रणविजय इंसा, पवन इंसा, विनोद इंसा, मदन इंसा, देवेंद्र इंसा, कृष्ण इंसा और उमेश इंसा ने कहा कि पूज्य गुरूजी के आगमन से उनकी दीवाली की खुशी कई गुणा बढ़ गई है। गुरूजी ने फिर से दर्शन करके वे निहाल हो गए हैं। 40 दिन के लिए आए गुरूजी ने लाइव दर्शन देकर संगत को निहाल किया है।

## नाम चर्चा घर में भी मनाई जा रही खुशियां

**गुरूजी** के आगमन को लेकर साध-संगत ने साउथ सिटी स्थित नाम चर्चा घर में भी खुशियां मनाई। भंगीदास श्याम सुंदर इंसा, सेवादार राजेंद्र सिरोही, बहन निर्मला इंसा समेत अनेक सेवादारों ने नाम चर्चा घर की सजावट करवाई। गुरूजी के पावन वचनों, भजनों का श्रवण करके सेवादारों ने गुरूजी को नमन किया। नाम चर्चा घर को भव्य तरीके से सजाया गया है। नाम चर्चा घर के अंदर व बाहर रात को दीये भी जलाए गए। दीयों से एमएसजी व दिल का आकार बनाकर सेवादारों ने गुरूजी के आगमन का स्वागत किया। भले ही गुरूजी यूपी के बरनावा आश्रम में हैं, लेकिन संगत की खुशी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे गुरूजी को हमेशा अपने पास ही महसूस करती है। गुरूजी के लाइव कार्यक्रम देखकर संगत सत्संग जैसा आभास कर रही है।

# दृष्टिहीनों के लिए लगी विशेष फ्लोर टाइल्स हो रही गायब

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बाजारों में ऐसी सुविधाएं नहीं हैं, जिनसे दिव्यांग वहां आकर आसानी से अपनी जरूरत का सामान खरीद सकें, लेकिन सरकारी दफ्तरों और अस्पताल में भले ही मरीजों को दवाइयां और अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हो, लेकिन लाखों रुपये खर्च करके नेत्रहीनों के लिए लगाई गई विशेष फ्लोर टाइल्स अस्पताल में देखरेख के अभाव और घटिया इस्तेमाल की गई सामग्री के कारण उखड़ने लगी हैं। अस्पताल परिसर में दिव्यांगजनों के लिए लगाई गई पीली पट्टियां इस कदर उखड़ गई हैं कि वहां मरीज आए दिन आते-जाते लड़खड़ा जाते हैं।


बीके अस्पताल में दृष्टिहीनों के लिए लगी विशेष फ्लोर टाइल्स पर लड़खड़ाता एक व्यक्ति।

**लगी थी पीली पट्टियां :** बीके अस्पताल समेत कुछ सरकारी इमारतों में दिव्यांगजनों के लिए बेहतर कार्य किया गया था। जिसके तहत उनके लिए अलग से व्यवस्था करते हुए, शौचालय बनाए गए थे तो वहीं रैम्प भी बनाई गई थी। इसी कड़ी में बीके सिविल अस्पताल में भी उनके लिए ब्रेल लिपि में अंकित पट्टिकाएं जगह-जगह अस्पताल परिसर में लगाई गई थी। वहीं दृष्टिहीनों के लिए विशेष फ्लोर टाइल्स, उनके चलने के लिए अलग से गई थी।

**उखड़ गई पट्टियां :** दृष्टिहीनों के लिए विशेष फ्लोर टाइल्स बीके अस्पताल परिसर में जगह-जगह चिपका कर लगाई गई थीं, लेकिन यहां दृष्टिहीनों के लिए विशेष फ्लोर टाइल्स का रास्ता अब दिव्यांगजन, मरीजों और तीमारदारों के लिए खतरा बन रहा है। घटिया सामग्री के इस्तेमाल से लगी यह पीले रंग की पट्टियों वाला रास्ता पूरी तरह से खराब होने लगा है। पट्टियों की गोंद खत्म होने के कारण वह उखड़ रही है।

**चोट लगने का डर :** समाजसेवी विष्णु गोयल ने कहा कि दृष्टिहीनों के लिए लगी विशेष फ्लोर टाइल्स जगह-जगह से उखड़ रही हैं। ऐसे में उन्हें चोट लगने का भी डर रहता है। दृष्टिहीन लोगों के लिए तो दिक्कतें और ज्यादा हैं, क्योंकि पैदल एक से दूसरे स्थान पर जाने में उन्हें दिक्कतें होती हैं।

उन्होंने कहा कि कहीं भी दिव्यांगों का ध्यान अस्पताल में नहीं रखा जा रहा है। अस्पताल की टाइल्स टूट कर इस कदर उखड़ गई हैं कि कोई भी गिर सकता है। उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल प्रशासन ने जल्दी ही इस समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया तो कभी भी इन टूटी पट्टियों की वजह से किसी दिव्यांगजन को गंभीर चोट भी लग सकती है।

# झोलाछाप कर रहा था नाक, कान का इलाज सीएम फ्लाइंग ने दबोचा

## अस्पताल संचालिका की गैरमौजूदगी में मरीजों के जीवन से हो रहा था खिलवाड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के आकाश सिनेमा हॉल के निकट स्थित एक निजी अस्पाल में एक झोलाछाप खुद को नाक, कान और गले का विशेषज्ञ बताते हुए लोगों का इलाज कर रहा था। अस्पताल की संचालिका ने करीब 15 दिन पहले एक शिशु को जन्म दिया था। जिससे वह अस्पताल नहीं आ रही थी। ऐसे में आरोपी लोगों का इलाज कर रहा था। एक सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग स्क्वायॅड की टीम ने छापा मारकर आरोपी को रंगेहाथों दबोच लिया। टीम ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सतबीर सिंह उप निरीक्षक व राजेन्द्र उप निरीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा फर्जी डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही के लिये सिविल सर्जन, फरीदाबाद द्वारा डॉ मान सिंह उप सिविल सर्जन, पूजा चौधरी ड्रग कंट्रोल ऑफिसर और स्थानीय पुलिस की मदद से बल्लभगढ़ के मोहना रोड पर स्थित सदभाव अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौका पर अस्पताल में डाक्टर की सीट पर एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला। पूछताछ पर फर्जी डॉक्टर ने अपना नाम दरबान सिंह पुत्र हयात सिंह निवासी म.न. 5635 सैक्टर-3, फरीदाबाद बतलाया। उस दौरान वह राकेश नामक एक मरीज का इलाज करता हुआ पाया। जिसके नाम की ओ.पी.डी. पर्ची भी मेज पर रखी हुई मिली। संयुक्त टीम द्वारा मरीजों का इलाज कर रहे व्यक्ति से दरबान सिंह से नाक, कान व गला संबंधित बीमारियों के मरीजों को इलाज व दवाईयां देने बारे वैध दस्तावेज पेश करने बारे कहा। लेकिन मौका पर वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। दरबान सिंह ने पूछताछ करने पर बतलाया कि डॉक्टर की गैर मौजूदगी में वह उनकी सहमति से नाक, कान व गला के मरीजों को अटैंड करके, उपकरणों से चैक करके दवाइयां दे देता है। मौका पर सदभाव अस्पताल के रिसेप्शन काउंटर से आज सोमवार को फर्जी डाक्टर द्वारा अटैंड किये जा चुके मरीजों का ब्यौरा प्राप्त किया गया। रिसेप्शन पर रखे हुये एक रजिस्टर अनुसार दरबान सिंह द्वारा करीब 8-9 मरीजों को इलाज दिया जाना पाया। इस प्रकार दरबान सिंह पुत्र हयात सिंह ने डॉ. वंदना की गैर मौजूदगी में उनकी सहमति से बिना किसी वैध दस्तावेजों के नाक, कान व गला की बीमारियों से पीड़ित आम नागरिकों को इलाज देकर उनकी जान से खिलवाड़ किया है। इस सम्बंध में थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ में विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया है।


बल्लभगढ़ मोहना रोड स्थित निजी अस्पताल में छापे के दौरान पूछताछ करते मुख्य मंत्री उड़न दस्ते के अधिकारी व डाक्टर।

# युवक को बंधक बनाकर चार लोगों ने बेरहमी से की मारपीट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अनखीर** गांव में एक युवक को चार लड़कों ने बंधक बनाकर बुरी तरह से पीटा। युवक की मां को जब इसकी सूचना मिली तो वह अपने घायल बेटे को बीके अस्पताल लेकर पहुंची। जहां घायल पवन का उपचार बीके अस्पताल के डॉक्टरों ने शुरू कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।


मारपीट में घायल युवक पवन।

**यह है पूरा मामला :** अनखीर गांव निवासी उपासना ने बताया कि वह मानव रचना यूनिवर्सिटी में जॉब करती है। वह अन्य दिनों की तरह सोमवार को भी काम पर गई थी। दोपहर को 12 बजे के करीब उसके पास एक फोन आया कि आंटी आपके बेटे को किसी ने बुरी तरह से मारा है। जिस पर वह जॉब से अवकाश लेकर अनखीर पहुंची तो देखा कि उसके बेटे पवन के शरीर पर पीटने के निशान थे और उसके मुंह व नाक से खून निकल रहा था। पैरों पर किसी चीज के बांधने के निशान थे। पवन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि चार युवकों ने रास्ते में रोककर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसके बाद उसे बांध कर उसके मुंह में कपड़ा ठूस कर उसके साथ प्लास्टिक की पानी भरने वाली पाइप और बेल्टो व अन्य चीजों से खूब मारपीट की। बेहोश होने तक वह उसे मारते रहे। जब वह बेहोश हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उसका कहना है कि आरोपियों से उसका कोई झगड़ा नहीं है। वह अनखीर गांव के ही निवासी है। उपासना ने बताया कि वह यहां किराये पर रहकर गुजर बसर कर रही है। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है।

# अहोई अष्टमी पर गढ़खेड़ा में शक्ति चौपाल हुई आयोजित


गांव गढ़खेडा में अहोई अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम शक्ति चौपाल को संबोधित करते मुख्य मंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ।

**फरीदाबाद।** समय अब बदल रहा है। महिलाएं रूढ़ीवादी परंपराओं को तोड़कर नये जमाने के साथ कदमताल करना चाहती है। स्वरोजगार से धीरे-धीरे आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं हर चुनौती को लांघ जाने को तैयार हैं। सोमवार को ऐसी बानगी गढ़खेड़ा गाँव में देखने को मिली। जहां सैंकड़ों महिलाओं ने हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में आयोजित शक्ति चौपाल पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता से सीधा संवाद किया और महिला चौपाल की फीता काटकर शुरुआत की।

इस मौके पर महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत परेशानी से लेकर समाज परिवर्तन पर चिंता जताई। गाँव फतेहपुर बिल्लौच की समूह सदस्य ललिता ने बताया कि उसे तीन साल पहले मिशन के कार्यों से जुड़ी थीं। विभागीय सहयोग मिलने से आज वह खिलौना बनाती है। आजीविका वर्धन होने से उसने अपनी बेटी को उच्च शिक्षा देने में कामयाब रही। इसी तरह साहुपुरा गांव की समूह सखी राधा ने बताया कि दृढ़विश्वास से जीवन में हर मुकाम पाया जा सकता है। उसे आजीविका मिशन से जुड़ एक ऑटो किराए पर खरीदा है। दरअसल, शक्ति चौपाल मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसका थीम ग्रामीण विकास में महिला समूहों की आवश्यकता एवं भूमिका थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि महिला शक्ति का रूप है।

# शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट ने के क्राउन इंटीरियर मॉल सेक्टर 35 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप का उद्घाटन क्राउन ग्रुप के चेयरमैन आरएस गांधी ने किया। आरएस गांधी ने बताया की रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट का सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान है। इसी को देखते हुए हमने यहां मॉल में कैंप लगाया। कैंप में रोटरी ब्लड बैंक की टीम ने 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा ने बताया की दीपावली पर्व को देखते हुए यहां मॉल में रक्तदान शिविर लगाया जिसमे पांच लड़कियों ने आस्था, साधना, श्रेया, नेहा, प्रांगुल ने पहली बार रक्तदान किया। कुलबीर ने बताया की रोटरी ईस्ट हर महीने रक्तदान शिविर आयोजित करता है जिससे शहर में जरूरतमंद को रक्त की कमी ना हो। रोटरी ब्लड बैंक के उपाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया एक यूनिट रक्त दान करने से तीन लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। रक्त केवलमात्र मानव शरीर से ही बनता है, इसलिए रक्त दान महादान की श्रेणी में है। दीपक ने बताया शहर के सैंकड़ों लोगों को रोजाना रक्त उपलब्ध करवाया जाता है।

# आईडी ने उत्तर भारत में मैन्यूफैक्चरिंग को विस्तार दिया

## 20 करोड़ रुपये की लागत से तैयार स्किड माउंटेड ग्रीनफील्ड प्लांट से वित्त वर्ष 2022-23 में 50 करोड़ के राजस्व की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देश** के सबसे बड़े फ्रेश फूड ब्रांड आईडी फ्रेश फूड ने उत्तर भारतीय बाजारों से, विशेष तौर पर दिल्ली-एनसीआर से ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा में अपना नया स्टेट ऑफ द आर्ट मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लॉन्च किया है। इस प्लांट को 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और वित्त वर्ष 2022-23 में इससे 50 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की उम्मीद है।

यह सकिड माउंटेड ग्रीनफील्ड प्लांट दिल्ली से मात्र 60 किलोमीटर की दूरी पर हरियाणा के पलवल में हिंद टर्मिनल पर 15,000 वर्गफीट से ज्यादा क्षेत्र में बना है। पहली अक्टूबर से शुरू किए गए इस प्लांट की क्षमता रोजाना 15 टन आईडी फ्रेश के फ्लैगशिप प्रोडक्ट इडली एवं डोसा बैटर बनाने की है। साथ ही यहां चार टन मालाबार एंड व्हीट परोटा बनाने की भी क्षमता है। ग्राहकों की मांग पर परोटा का उत्पादन दोगुना किया जा सकता है। भारत में आईडी के नए मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट को लेकर आईडी फ्रेश फूड के सीईओ एवं सह-संस्थापक पीसी मुस्तफा ने कहा, एक समय था जब माना जाता था कि नरम इडली और करारे डोसे का आनंद बस दक्षिण भारत के लोग ही ले सकते हैं। आज यह देश के हर कोने में पसंद किए जाने वाली डिश बन चुके हैं। हमारे इडली एवं डोसा बैटर और मालाबार परोटे की मांग लगातार बढ़ रही है, वह भी उत्तर भारत के बाजार में। बिना किसी प्रिजर्वेटिव एवं केमिकल के आसानी से सभी को फ्रेश एवं हेल्दी फूड देने के अपने वादे के अनुरूप यह जरूरी है कि हम अपने मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट में निवेश करें। अपने प्रोडक्ट के प्रकार को ध्यान में रखते हुए हमारे लिए जषी है कि हम अपने बाजार के नजदीक ही मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करें। हम देश में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचने को लेकर उत्साहित हैं। हरियाणा में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट से न केवल आईडी फ्रेश की देशभर में मजबूती को ताकत मिलेगी, बलकि इससे कंपनी को मेट्रो से इतर जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ और आगरा जैसे अन्य क्षेत्रों में भी ग्राहकों की मांग को पूरा करने का मौका मिलेगा। इस नए प्लांट को लेकर चीफ मैन्यूफैक्चरिंग ऑफिसर जीएलएन मूर्ति ने कहा, आईडी फ्रेश का मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट सकिड माउंटेड है। इसका अर्थ है कि इसे आसानी से एक से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। अभी 100 कर्मचारी यहां परिचालन संभाल रहे हैं। और आगामी महीनों में हम और भी बहुत कुछ करने को उत्साहित हैं।



# केक काटकर मनाया एनआईटी फरीदाबाद का जन्मदिन

## एनएच दो स्थित भाटिया सेवक समाज समेत कई स्थानों पर काटा गय केब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


फरीदाबाद के जन्मदिन पर केक काटते समाज सेवी मोहन लाल भाटिया व अन्य।

**एनआईटी** फरीदाबाद का स्थापना दिवस सोमवार को रेडियो महारानी में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सी. दास ग्रुप के चेयरमैन बीआर भाटिया ने शहर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों के साथ केक काटा और सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। इसके अलावा एनएच दो स्थित भाटिया सेवक समाज समेत शहर के अन्य कई हिस्सों में फरीदाबाद का जन्मदिन मनाया गया।

फरीदाबाद इंडस्ट्रीज असोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष व सी. दास ग्रुप के चेयरमैन बीआर भाटिया ने कहा कि देश विभाजन के समय उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत के छह जिलों बन्नू, कोहाट, मर्दान, पेशावर, हजारा, डेरा इस्माइल खान (अब पाकिस्तान में) से 50 हजार लोग शरणार्थी बन कर आए थे, उनके पास कुछ भी नहीं थी।


इन शरणार्थियों ने अपने पुरुषार्थ से त्रासदी के दंश को एक तरफ रखते हुए इसे अवसर में बदला और धीरे-धीरे स्थिति को सामान्य करते हुए बाद में अपने उद्यम स्थापित करते हुए हरियाणा प्रदेश और भारत देश की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाई। हमारे बुजुर्ग जब देश विभाजन के बाद फरीदाबाद आए, तो अपने साथ शहीदे आजम सरदार भगत सिंह के विचारों को साथ लिए, उनमें वही चेतना थी, जो भगत सिंह जी में थी। अपने पुरुषार्थ से एनआईटी को स्थापित किया और इसे पूरे विश्व में पहचान दिलाई।

कार्यक्रम में मौजूद भाटिया सेवक समाज के प्रधान मोहन सिंह भाटिया ने कहा कि एनआईटी शहर 30 हजार लोगों के लिए बसाया गया था व पांच हजार मकानों का निर्माण किया गया था। इसके लिए सरकार ने पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, लेकिन हमारे मेहनतकश लोगों ने इसे आधे बजट में ही पूरा कर दिया। 17 अक्टूबर, 1949 को तत्कालीन तालीमी संघ की संयुक्त सचिव आशा रानी के नेतृत्व में एनआईटी-5 स्थित भगत सिंह चौक पर पहला फावड़ा चलाकर एनआईटी की नींव रखी। एनआईटी का नक्शा जर्मन आर्किटेक्ट निस्सन ने तैयार किया था व इसको आकार देने के लिए बनाए गए विकास बोर्ड देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद व योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एलसी जैन जैसे गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम में बीडी भाटिया, सी. दास ग्रुप के निदेशक राजकुमार भाटिया, विपिन भाटिया, बन्नूवाल बिरादरी फरीदाबाद के प्रधान राजेश भाटिया, सुधीर भाटिया, राधेश्याम भाटिया, एनआईटी-5 तोचि सभा गुरूद्वारे के प्रधान नरेंद्र भाटिया, वेद भाटिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने रेडियो महारानी की की दूसरी वर्षगांठ की भी बधाई दी।

# 32 लाख रुपये की लूट में मास्टरमाइंड समेत दो काबू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने 6 दिन पहले हुई 32 लाख रुपए की लूट मामले में बचे हुए आखिरी दो आरोपियों को भी काबू कर लिया है।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 11 अक्टूबर को देर शाम करीब 8.45 पर गणेश नाम के व्यक्ति के साथ 32 लाख रुपये तथा सोने की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम द्वारा 4 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें आरोपी मयंक उर्फ मन्नू, कुनाल, रोहित उर्फ चैटा तथा एक नाबालिग का नाम शामिल हैं। सभी आरोपी फरीदाबाद के सारन एरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से करीब 15 लाख रुपये पहले ही बरामद किए जा चुके हैं जिसके पश्चात आरोपी रोहित उर्फ चैटा व मयंक को एक दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी रोहित से 2.84 लाख रुपये व एक बटनदार चाकू, आरोपी मयंक से 2 लाख रुपये बरामद किए गए। वारदात में शामिल मास्टरमाइंड आरोपी मनीष उर्फ मन्नु को क्राइम ब्रांच ने एनआईटी तथा नाबालिग को सारन गांव से काबू किया था। नाबालिग के कब्जे से 6 लाख रुपये तथा आरोपी मनीष उर्फ मनु से 835 ग्राम सोना बरामद किया गया। पूछताछ के पश्चात नाबालिग को बाल सुधारगृह छोड़ा गया है वहीं आरोपी मनीष को अदालत में पेश करके जेल भेजा गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दिवाली पार्टी में महिलाओं ने दिखाया जलवा



**फरीदाबाद।** दिवाली के अवसर पर ग्रेटर फरीदाबाद वूमेन्स क्लब के द्वारा दिवाली पार्टी का शानदार आयोजन किया गया। क्लीनिक काइजेन हीलर सेंटर में आयोजित समारोह ने विभिन्न वेशभूषा में शामिल होकर अनेकता में एकता का संदेश दिया। इस मौके पर ईको फ्रेंडली दिवाली मनाने का संदेश देते हुए सभी सदस्यों ने खुद, परिवार व दोस्तों को जागरूक करने की शपथ ली। दिवाली पार्टी के मौके पर महिलाओं ने विभिन्न परिधानों के साथ बॉलीवुड व देशी गानों की थीम पर रैंप वॉक किया। इस मौके पर राजस्थानी, हरियाणवीं समेत कई राज्यों के परिधानों में सजी महिलाओं ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। क्लब की फाउंडर रजनी वर्मा ने बताया कि जिस प्रकार दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। क्लब की सभी सदस्यों ने साथ मिलकर हम ईको फ्रेंडली दिवाली मनाने का निर्णय किया है। महासचिव रूपाली ने बताया कि दिवाली पर हर घर खुशियों से रोशन हो इसके लिए अपने आसपास के गरीब परिवार के बच्चों को मिठाई, नए कपड़े समेत उनके साथ दिवाली मनाएंगे। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए क्लब की सदस्यों ने कई सारे फन गेम्स भी खेले। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर क्लब सचिव पूजा धर, कोषाध्यक्ष काजल, प्रचार प्रमुख सरबजीत और कोर कमेटी सदस्य डॉ सुनीता डीडवानिया और अंजलि ने विजेता महिलाओं को सम्मानित किया।बनाने के लिए क्लब की सदस्यों ने कई सारे फन गेम्स भी खेले। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर क्लब सचिव पूजा धर, कोषाध्यक्ष काजल, प्रचार प्रमुख सरबजीत और कोर कमेटी सदस्य डॉ सुनीता डीडवानिया और अंजलि ने विजेता महिलाओं को सम्मानित किया।

## भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** दीपावली के समय वायु प्रदूषण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने प्रदूषण फैलाने वाले 25.700 किग्रा पटाखे जब्त करके आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम मनीष है जो आदर्श नगर का रहने वाला है। जिसकी अपनी दुकान है। क्राइम ब्रांच की टीम आदर्श नगर एरिया में गश्त कर रही थी की गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपनी दुकान के बाहर अवैध पटाखे बेच रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को दुकान पर अवैध पटाखों सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के दो कट्टों में भरे 25.700 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। जप्त किए गए पटाखों में प्रदूषण फैलाने वाले विभिन्न प्रकार के पटाखे, आतिशबाजी इत्यादि शामिल थे। उसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा सरकारी आदेशों की अवहेलना करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पटाखे वायु प्रदूषण के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी फैलाते हैं इसीलिए इसी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 31 जनवरी 2023 तक ग्रीन क्रैकर्स को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन बिक्री व उपयोग पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। सभी दुकानदारों को हिदायत दी जाती है कि वह पटाखों की खरीद बेच ना करें और यदि वह सरकारी आदेशों की अवहेलना करते हैं तो उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इस्कॉन मंदिर द्वारा भजन संकीर्तन का आयोजन

**फरीदाबाद।** अचीवर्स सोसाइटी सेक्टर-49 में इस्कॉन मंदिर फरीदाबाद द्वारा भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें भजन-संकीर्तन में सोसाइटी के करीब 700 वासियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर इस्कॉन फरीदाबाद के प्रेसिडेंट गोपेश्वर दास प्रभु के द्वारा सुंदर,मधुर भजनों प्रस्तुत किए गए। जिस पर अचीवर्स की महिला शक्ति के साथ युवा व बच्चें भी खूब झूमे। कार्यक्रम समाप्ती के पश्चात सभी आए हुए श्रद्धालुओं व भक्तों को लंगर प्रसाद भेंट किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गिरीश डूडेजा, अभिषेक जग्गी, नीतीश मित्तल और आंचल ठकुराल का कहना है कि वो काफी समय से इस्कॉन मन्दिर से जुड़े हुए है और इस प्रकार का आयोजन अपनी सोसाइटी में करवाना उनके लिए काफी गर्व की बात है। इस मौके पर राजीव छिब्बर, कुलदीप जाखड़, सुरेश गुलाटी, सागर आहूजा, हेमंत शर्मा, राजीव नागपाल, अजय बत्रा, सुनील गुसाईं, नवीन यादव ने भी सहयोग दिया।

## बेस्ट ड्रामेबाज ग्रुप में मेहर मदान रहा प्रथम

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद द्वारा तीसरे दिन सोमवार को बाल महोत्सव 2022 के आयोजन की कड़ी मे प्रतियोगिताओं के बारे में जिला बाल अधिकारी एसएल खत्री ने बताया, कि बाल महोत्सव की प्रतियोगिताओं में बेस्ट ड्रामेबाज ग्रुप 1और 2, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ग्रुप 2, 3 और 4, एकल नृत्य ग्रुप 1, 2, 3 और 4 में प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। आज की प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद जिले के 95 स्कूलों के लगभग 550 बच्चों व उनके साथ आये एस्कोर्ट ने भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण चंडीगढ़ मानन्द महासचिव रंजीता मेहता के निर्देशों अनुसार एवं उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद विक्रम सिंह, भाप्र से के कुशल नेतृत्व में बाल भवन में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें छुपी प्रतिभा को निखारने लिए विभिन्न प्रतियोगिताओ एवं कार्यकलापों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें फरीदाबाद जिले के सभी बच्चों को बाल भवन में करवायी जाने वाली प्रतियोगिता व कार्यकलापों में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। निर्णायक मंडल की भूमिका विनोद कुमार, मोनिका, अंशुल, रूप किशोर, कमल शर्मा, मनोज शास्त्री, देवेंद्र गौड़, संजय मिश्रा, सुनील नागर ने निभाई। प्रतियोगिताओं में मंच का संचालन उदय चंद लेखाकार एवं गीता सिंह, अंजू यादव एवं पुष्पा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुनीश चैयरमैन टूगेदर वी विल फरीदाबाद के साथ साथ बाल भवन स्टाफ में मीनू शर्मा, सुमित शर्मा, मांगेराम, राधा लखानी, अरुणा, हरजीत कौर, सुनीता देवी, मोनिका, नाथूराम, भगवान सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## सीएम के समक्ष समस्या रखने पर विधायक का आभार




**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक राजेश नागर द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद सोसाइटीज की बात रखने पर निवासियों ने नागर का धन्यवाद व्यक्त किया है। सेक्टर 78 स्थित ओमेक्स स्पा विलेजज के निवासियों ने अपने हाथों में पोस्टर लहराते हुए अपनी खुशी का इजहार किया है। इन पोस्टरों पर एक ओर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अभिनन्दन जैसे शब्द लिखे गए हैं वहीं स्थानीय विधायक राजेश नागर का विशेष धन्यवाद भी व्यक्त किया गया है। इस बारे में ओमेक्स स्पा विलेजज आरडब्ल्यूए के प्रधान नरेश पाठक ने बताया कि हमारे यहां सोसाइटीज में बिल्डर की नजरअंदाजी व अन्य कारणों से कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसके निराकरण के लिए विधायक राजेश नागर निरंतर प्रयासरत हैं। लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष जनसुनवाई में भी नागर ने हमारा पक्ष रखा है। जिसपर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इससे हमें उम्मीद है कि हमारी समस्याओं का जल्द निपटारा होगा। आरडब्ल्यूए सचिव ओमेश वशिष्ठ ने कहा कि विधायक राजेश नागर ने एक नागरिक बनकर नागरिकों की बात को मजबूती से उठाया। उसके लिए हम उनके धन्यवादी हैं। इसके लिए हम विधायक का धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022



## बाइडेन की टिप्पणी
### नाराज़ पाकिस्तान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पाकिस्तान को 'दुनिया का एक सबसे खतरनाक देश' कह दिया। इससे हमारे पश्चिमी पड़ोसी की त्यौरियां चढ़ गई हैं। इसके साथ ही, इस बयान से नई दिल्ली में बहुत से लोग खुश हो गए हैं, लेकिन यथार्थ अधिक जटिल है। कम से कम इस टिप्पणी को वाशिंगटन व इस्लामाबाद के बीच किसी नीतिगत परिवर्तन की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। बाइडेन ने कहा था, 'एक व्यक्ति, यानी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग हैं जो समझते हैं कि वे क्या चाहते हैं, लेकिन उनके सामने असंख्य समस्यायें हैं। हम उनसे कैसे निबटेंगे? हम उनके उस रिश्तेदार से कैसे निपटेंगे जो रूस में सक्रिय है? मेरे विचार से दुनिया का एक सबसे खतरनाक देश पाकिस्तान है। उसके पास नाभिकीय आयुध हैं, लेकिन कोई समन्वय नहीं है।' व्हाइट हाउस के प्रेस वक्तव्य के अनुसार बाइडेन ने यह टिप्पणी डेमोक्रेटिक पार्टी के एक आयोजन में की थी। जैसी कि उम्मीद थी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बाइडेन की टिप्पणी अस्वीकार करते हुए दावा किया कि पाकिस्तान एक 'सर्वाधिक जिम्मेदार नाभिकीय देश रहा है जहां उसके नाभिकीय कार्यक्रम का प्रबंधन एक तकनीकी रूप से उत्कृष्टतम व गलतियों से रहित कंट्रोल व कमांड व्यवस्था से किया जाता है।' पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के कार्यालय में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम को तलब कर अपनी नाराजी जताई। इससे ब्लोम को तगड़ा झटका



लगा होगा जो कुछ दिन पहले पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके जा चुके थे। घोषित रूप से उन्होंने वहां आजाद जम्मू कश्मीर विश्वविद्यालय में एक पौधा लगाया तथा 2005 के भूकंप पीड़ितों को श्रृद्धांजलि दी। भारत ने कठोर शब्दों में इस यात्रा का विरोध किया था।

विदेश मंत्रालय में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को समझना चाहिए कि यदि पश्चिमी देशों का दृष्टिकोण भारत के प्रति कठोर नहीं हो रहा है तो भी वह पहले की तुलना में कम मैत्रीपूर्ण है। इसका कारण विदेश मंत्रालय द्वारा यूक्रेन युद्ध के मामले में पुरानी, पर विफल हो चुकी गुटनिरपेक्ष नीति पर अमल करना है। ऐसी अनेक गतिविधियां हुई हैं जो भारत को पसंद नहीं आई हैं जिनमें ब्लोम की कुख्यात पीओके यात्रा शामिल है। सालों पहले आतंकवाद को प्रायोजित करने तथा मनी लांड्रिंग के आरोप में पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डालने वाले व पश्चिमी प्रभुत्व वाले वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ द्वारा उसे इस सूची से बाहर करने की उम्मीद है। वैश्विक वित्तीय निगरानी संस्था इस दृष्टिकोण के निकट पहुंच रही है कि पाकिस्तान एफएटीएफ कार्ययोजना के अनुसार काम कर रहा है। निगरानी संस्था की बैठक 18-21 अक्टूबर को पेरिस में है, इसलिए यह काम जल्दी ही हो सकता है। केवल एफएटीएफ के अधिकारी ही कुछ लचर तर्कों के आधार पर कह सकते हैं कि निकट अतीत में पाकिस्तान ने उनके निर्देश के क्रियान्वयन में क्या कदम उठाए हैं क्योंकि वह आज भी उसी प्रकार जिहाद की फैक्ट्री है जैसा कि चार या 14 साल पहले था। आठ अक्टूबर को अमेरिका ने अपने नागरिकों को सलाह जारी कर कहा कि वे 'अपराध व आतंक' के कारण भारत की यात्रा करते समय 'अधिक सावधानी' बरतें। आश्चर्य है कि आखिर हमारे देश में अपराध और आतंक में बढ़ोत्तरी कहां हुई है। कुछ सप्ताह पहले अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 बेड़े के रखरखाव के लिए 450 मिलियन डालर की धनराशि जारी की थी। बाइडेन की टिप्पणी शायद नई दिल्ली की आहत भावनाओं पर मरहम लगाने का रास्ता हो सकता है। लेकिन इस टिप्पणी को बहुत गंभीरता से लेना उचित नहीं होगा क्योंकि यह एक सरसरी टिप्पणी है।

# महिला अधिकारों हेतु तालिबान से संघर्ष

तालिबान शासन में महिलाओं की स्थिति दयनीय हो गई है। विश्व समुदाय को अफगान महिलाओं के पक्ष में खड़े होना चाहिए।



**श्रेया गर्ग**
(लेखिका, महिला अधिकारों की विश्लेषक हैं)



**कहा** जाता है कि यदि महिलायें किसी समुदाय के पुरुषों से विवाह करने में गर्व का अनुभव करें तो वह समुदाय प्रगति करता है। लेकिन इसका विपरीत भी सत्य है, यानी यदि महिलायें किसी खास समुदाय के दूल्हे को पसंद नहीं करती हैं तो उस समुदाय का पतन होता है। इस स्थिति में वह समुदाय कमजोर हो जाता है तथा उस पर संकट मंडराने लगता है। यदि तालिबान सोचते हैं कि एक समुदाय के रूप में वे अपनी महिलाओं को कमतर समझ कर बचे रहेंगे तो उनकी सोच गलत है। महिलाओं की ऐसे समाज में इच्छायें मर जाती हैं और वे अपनी स्वायत्तता खो देती है। इसका कारण यह है कि महिलायें भावी पीढ़ी को बड़ा करने व उसके पालन-पोषण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। यदि महिलाओं को शिक्षा के मूलाधिकार से वंचित किया जाए तो समाज समग्र रूप से कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। तालिबान शासित अफगानिस्तान में महिला अधिकारों के प्रति अज्ञानता भयावह रूप में व्याप्त है। कहा जाता है कि अज्ञान से अज्ञान की बढ़ोत्तरी होती है और 'अज्ञान हमेशा लाभदायक नहीं हो सकता है।' अफगानिस्तान में युद्ध भले ही समाप्त हो गया हो, पर आज भी यह समाज रक्तरंजित है। इस बार भले ही सड़कों पर खून न बह रहा हो, पर गहराई में लगातार परोक्ष घाव नुकसान पहुंचा रहे हैं क्योंकि यहां मानवता को रोज नए नए घाव दिए जा रहे हैं। धीरे-धीरे, पर निश्चित रूप से अफगानिस्तान में कोई महिला डाक्टर, प्रसूति रोग विशेषज्ञ या बाल रोग विशेषज्ञ भी नहीं बचेंगी। ऐसे में शिशु मृत्यु दर तेजी से ऊपर चढ़ेगी, पुरुषों व महिलाओं के बीच अनुपात तेजी से घटेगा तथा इससे समुदाय को भारी धक्का लगेगा।

इसे समझने के लिए इस बात पर गौर करना जरूरी है कि अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां लड़कियों को स्कूल जाने पर प्रतिबंध है। उनका कम आयु में विवाह हो जाता है, वे घरेलू हिंसा का शिकार बनती हैं तथा स्वयं को गुलामी के दलदल में जकड़ा पाती हैं व अत्यधिक असहाय भाव का अनुभव करती हैं। खबरें हैं कि तालिबानों ने लड़कियों के स्कूलों की जांच की तथा सैकड़ों रजस्वला आयु वाली छात्रओं को स्कूलों से निकाल दिया। इसके पीछे तर्क यह है कि रजस्वला आयु की होने पर उसके पुरुषों की 'बुरी नजर' का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है। इस प्रकार अफगानिस्तान में लगभग तीन मिलियन लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा से वंचित किया जा रहा है जिसे संयुक्त राष्ट्रसंघ एक मूलाधिकार मानता है। अफगान महिलाओं को अपना जीवन पर्दे या बुर्के के पीछे गुजारना पड़ता है, उसे घर की चारदीवारियों में कैद कर दिया जाता है तथा अपने ही देश में उसे अपने घरों से बाहर निकलने की कोई स्वतंत्रता नहीं है। घर से बाहर निकलने पर उसके साथ एक पुरुष होना जरूरी है। यह स्थिति मानवता पर एक धब्बा है। अफगान महिलाओं का जीवन उन लोगों के तानाशाही फरमानों पर निर्भर है जो कुख्यात रूप से महिला-विरोधी हैं। वे महिलाओं को एक खतरे की तरह देखते हैं और सोचते हैं कि महिलाओं का अस्तित्व केवल बच्चे पैदा करने के लिए है।

शिक्षा मानवजाति में समानता लाने का एक महत्वपूर्ण कारक है। चाहे किसी की जाति, धर्म या सामाजिक स्तर कुछ भी हो एक शिक्षित व्यक्ति को भलाई की दिशा में मोड़ा जा सकता है। किसी को शिक्षा से वंचित करना उत्पीड़न, अत्याचार, अमानवीयता तथा उसकी प्रगति में जानबूझ कर बाधा डालने का उपकरण है। तथ्य यह है कि अतीत में 1996-2001 तक तालिबान लड़कियों को स्कूलों से दूर रखने में सफल हुए थे और आज भी वे यही कर रहे हैं। दुनिया के सभी देशों को पूरी गंभीरता के साथ इस प्रवृत्ति की निन्दा करनी चाहिए।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला यूसुफजई ने कहा था, 'जब लड़कियां स्कूल जाती हैं तो देशों को एक बार शांति स्थापित होने पर जल्द ही टकरावों से मुक्ति मिलती है। लड़कियों को शिक्षा देने से समाज में स्थायित्व आता है और समुदाय एकजुट होते हैं।' इसका उल्टा भी सच है। जब लड़कियां स्कूल नहीं जाती हैं तो युद्ध और विनाश होता है तथा अराजकता व अस्थिरता पैदा होती है। किसी भी अर्थव्यवस्था की प्रगति के लिए महिलाओं की सहभागिता अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि वे जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होती हैं।

तालिबानों के 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा के बाद अनेक संगठनों व देशों ने मानवीय संकट से मुक्ति पाने के लिए उसकी सहायता की थी। उन्होंने यह शर्त भी लगाई थी कि लड़कियों की शिक्षा जारी रहेगी और उस पर रोक नहीं लगाई जाएगी। तालिबान इस पर सहमत हो गए थे, लेकिन बाद में वे इस बहाने से अपने वादों पर अमल करने से इनकार करते हैं कि कट्टरपंथी महत्वपूर्ण पदों पर हैं। तालिबानों को जवाबदेह ठहराते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगातार मुखर होकर लड़कियों की शिक्षा के अधिकार पर जोर देना जारी रखना चाहिए। वास्तव में, भविष्य में तालिबानों को दी जाने वाली सहायता उनके स्कूलों में लड़कियों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए। सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, एनजीओ व सामाजिक समूहों को यह जिम्मेदारी अपने ऊपर लेनी चाहिए कि वे लड़कियों से सीधा संपर्क बनाएं तथा परंपरागत व गैर-परंपरागत तरीके से उनकी शिक्षा सुनिश्चित करें। अफगानिस्तान में वर्तमान मानकों के आधार पर जैंडर समानता सुनिश्चित करना बहुत दूर का सपना है।

लेकिन जैसा कि हम जानते हैं शिक्षा के माध्यम से अज्ञानता तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता में व्याप्त अंतर दूर किया जा सकता है। इससे महिलाओं का सशक्तीकरण होगा, उनको मुक्ति मिलेगी तथा वे अपने पैरों पर खड़ी होकर आगे बढ़ सकती हैं। इससे चीजों में धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगेगा। शिक्षा और केवल शिक्षा ही किसी समतापूर्ण समाज का आधार है। यह ऐसा समाज होगा जहां पुरुषों व महिलाओं के बीच कोई भेद नहीं होगा तथा जेंडर पूर्वाग्रहों को समाप्त कर दिया जाएगा।

चूंकि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का आधार व्यक्तिगत अधिकार, समानता व मूलभूत मानवीय गरिमा है, अत: भारत के भी हित में होगा कि वह अन्य देशों के साथ संबंध बनाने में जेंडर समानता, शिक्षा तथा मूलाधिकारों को आधार बनाए। मूल्यों के प्रति हमारा दृष्टिकोण एक मुक्त व उदारवादी समाज के प्रति प्रतिबद्धता है और यह बात दुनिया के दूसरे देशों को भी स्पष्ट कर देनी चाहिए। दुनिया की एक सर्वाधिक प्राचीन सम्यता होने के नाते भारत की जिम्मेदारी है कि वह उचित चीजों के पक्ष में खड़ा हो। इस दृष्टिकोण से हमें अपनी विदेश नीतियां किसी देश में महिलाओं की गरिमा के आधार पर बनानी चाहिए और उनको प्रचारित करना चाहिए।

# कल्याणकारी उपाय से अधिक है पीएम-सम्मान निधि

"यह न केवल एक आय-सहायता कार्यक्रम है, बल्कि अन्य मोर्चों पर प्रगति प्राप्त करने वाला एक आवश्यक कल्याणकारी उपाय भी है।"

**नवीन पी सिंह**
(लेखक कृषि लागत एवं कीमत आयोग के सदस्य हैं)



**केंद्र** सरकार की आय सहायता योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 12वीं किस्त रबी सीजन की शुरुआत से पहले जमा होने की उम्मीद है। स्थापना के बाद से पिछले तीन वर्षों में अब तक कुल 2 लाख करोड़ रुपये सीधे बैंक खातों में जारी किए गए हैं। इतनी बड़ी आबादी और किसानों के लिए भी यह पहला प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) उपाय है। इस योजना का उद्देश्य उचित फसल स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और प्रत्येक फसल चक्र के अंत में प्रत्याशित कृषि आय के अनुरूप उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आदानों की खरीद में किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। यद्यपि इस योजना का मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त आय सहायता प्रदान करना है, आय-समर्थन हस्तक्षेप का समग्र प्रभाव किसान जीवन और ग्रामीण समृद्धि के लाभ से कहीं अधिक है। इसके अलावा, पीएम-किसान अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए मौद्रिक और राजकोषीय उपाय से परे जाता है, जो अक्सर सुस्त ग्रामीण मांग से प्रभावित होता है। इसलिए, पीएम-किसान न केवल एक आय-सहायता कार्यक्रम है, बल्कि अन्य मोर्चों पर भी महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त करने वाला एक आवश्यक कल्याणकारी उपाय है।

सामान्य रूप से कार्यक्रम के लहर प्रभाव और विशेष रूप से किसान कल्याण के बारे में जागरूक होना उचित है। पीएम-किसान का महत्व किसी की अपेक्षा से कहीं अधिक व्यापक है। सबसे पहले, पीएम-किसान कार्यान्वयन और इससे जुड़े मुद्दों में ऐसे कारक शामिल होंगे जो अनिवार्य रूप से सफलता और विफलता का संकेत देते हैं। समाज के बड़े वर्ग को प्रभावित करने वाली एक योजना शुरू करने के परिणामस्वरूप निहित गुणक प्रभाव पूरी शासन प्रक्रिया, लोगों की भागीदारी और विकास को भी जोड़ता है।

परिणामस्वरूप किसानों को उत्पादक पूंजीगत संपत्ति और मानव संसाधन विकास में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के अलावा, इसका किसानों द्वारा खेती और प्रौद्योगिकी अपनाने पर प्रभाव पड़ेगा।

दूसरा, भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय समावेशन और लोगों की बैंकिंग आदतों को बढ़ाने पर महत्वपूर्ण राशि खर्च करता है, फिर भी केवल 40.1 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान ही वित्तीय रूप से समावेशी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, पीएम-किसान लॉन्च के बाद, लोगों की बैंकिंग आदतों में काफी सुधार हुआ है और वित्तीय उत्पादों के बारे में जानने की उनकी उत्सुकता में भी काफी उछाल देखा गया है। इस प्रकार कृषि प्रधान समाज के बड़े तबके का वित्तीय समावेशन बिना किसी शोर-शराबे के हो रहा है। तीसरा, यह पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि प्रमुख सरकारी कार्यक्रम अक्सर अभिजात वर्ग के कब्जे और चयन पूर्वाग्रहों के अधीन होते हैं। मजबूत डीबीटी नेटवर्क के साथ पीएम-किसान ने कार्यक्रम के कार्यान्वयन से जुड़े पूर्वाग्रहों को अनिवार्य रूप से दूर कर दिया है। सामाजिक, आर्थिक और कृषि विशेषताओं के संबंध में अन्य हस्तक्षेपों में पूर्वाग्रह की नगण्य मात्रा जुड़ी हुई है। वास्तव में पीएम किसान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा दी गई बोली के लिए एक संकल्प है कि दलितों के कल्याण के लिए हर रुपये का केवल 15 पैसा लाभार्थी तक पहुंचता है।

चौथा, शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि पीएम-किसान के किसान लाभार्थी को जमा की गई आधी से अधिक राशि कृषि पर खर्च की जाती है, या तो मौजूदा खर्च या निवेश (यदि बुवाई के मौसम के दौरान स्थानांतरित की जाती है) को पूरा करने पर खर्च किया जाता है। जब कृषि में निजी निवेश, विशेष रूप से कॉर्पोरेट निवेश, कम होता है, तो किसानों को सुनिश्चित आय सहायता कृषि में कॉर्पोरेट निवेश लाने के लिए प्रभावित कर सकती है। पीएम-किसान के समर्थन से किसानों द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए बढ़ी हुई खर्च क्षमता कृषि आदानों के विपणन के तरीके को बदल रही है और साहूकारों पर निर्भरता कम कर दी है।

पांचवां, किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि को अक्सर अपर्याप्त बताया जाता है, लेकिन योजना के तहत भुगतान की गई राशि छोटे और सीमांत किसानों के दृष्टिकोण से और कृषि पारिस्थितिक क्षेत्रों में वर्षा आधारित खेती के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण राशि है, जबकि उन्हें आसान बनाते हुए इनपुट की परिवर्तनीय लागत से प्रभावित तरलता की कमी। देश के समृद्ध किसानों और राज्यों से परे पीएम-किसान के माध्यम से आय समर्थन देखना होगा।

बिहार, झारखंड, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के छोटे और सीमांत किसानों के लिए, पीएम-किसान के तहत भुगतान की गई राशि 20-50 प्रतिशत के बीच कहीं भी खेती की लागत को बचाती है और इसके परिणामस्वरूप बचत भी होती है; इसे आधुनिक तकनीक को अपनाने में निवेश करने के लिए प्राप्त किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में पीएम किसान के प्रारंभिक अध्ययन में कहा गया है कि पीएम किसान ने धान की उन्नत किस्मों को अपनाने में 4-15 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे पता चलता है कि पीएम-किसान के अतिरिक्त प्रभाव पूरी कृषि प्रणाली को प्रभावित कर रहे हैं और इसके लिए प्रतिष्ठित शोध की आवश्यकता है।

बेशक, अभी भी किरायेदारों (भूमि मालिक के अधिकारों को खतरे में डाले बिना) और पट्टेदार और भूमिहीन किसानों को शामिल करना एक अहम मुद्दा अवश्य बना हुआ है। यह अन्य प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों, जैसे मनरेगा, पीएमकेएसवाई, कृषि क्षेत्र में सुधार पर खाद्यान्न खरीद के साथ पीएम किसान कार्यक्रम के मूल्यांकन के लिए भी उपयुक्त होगा, जिसमें हाशिए के वातावरण और वर्षा बहुल पारिस्थितिकी व छोटे किसानों को मुख्यधारा में शामिल करने वाला सिद्ध होगा।

## आप की बात

### मुल्ला-मौलवियों का फ़रमान

**आज** विश्व भर में महिलाओं को हिजाब से आजादी चाहिए इसका बड़ा उदाहरण है ईरान जैसा देश जहां संविधान नहीं शरियत का कानून चलता है। आज के समय में हिजाब का सर्वाधिक विरोध भी ईरान में ही हो रहा है। आज माह भर से ईरान की महिलाएं सड़कों पर आकर हिजाब का कडा विरोध कर रही है। इस विरोध के चलते कुछ महिलाओं की मौत भी हो गई  है अब इसे क्या कहे कि आज देश भर में सभी महिलाओं की आजादी एवं उन्हें शिक्षा की बात तो सभी करते हैं परंतु उन्हें हिजाब पहनने का दबाव भी डालते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कुरान में आपको सदा हिजाब पहनना है इस बात को कहीं नहीं कहा गया है फिर भी आज के मुल्ला देश भर में इस बात की जिद पर अड़े हैं कि हमारे देश में मुस्लिम बच्चियां हिजाब पहनकर घर से बाहर निकले। आज जब काफी समय बाद उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सहूलियत मिली है तो वे इस आजादी का खुल कर लाभ उठाना चाहती है। माता पिता द्वारा उन्हें पढ़ाया लिखाया जा रहा है एवं वह अपने हिसाब से वस्त्र आदि पहन कर घर से निकलना चाहती है मगर उन पर घर से निकलते ही हिजाब का दबाव डाला जा रहा है यहां तक कि शिक्षण संस्थानों तक में उन्हें हिजाब पहनकर जाने को कहा जा रहा है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### डेंगू का प्रकोप

**दिल्ली** एनसीआर में डेंगू का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है बुखार से पीड़ित मरीजों के टेस्ट करने पर अधिकांश मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए जा रहे हैं. यह बेहद चिंता का विषय है कि जितने भी डेंगू पॉजिटिव हॉस्पिटल जा रहे हैं उनमें से 10 प्रतिशत को आईसीयू की जरूरत पड़ रही है। मेरा मानना है कि दिल्ली में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार एवं नगर निगम प्रशासन को अपने सभी अस्पतालों ने डेंगू प्रकोप से निपटने के लिए विशेष इंतजाम करने होंगे। अस्पतालों में समुचित इलाज का प्रबंधन सरकार की जिम्मेदारी है. जागरूक अभियान के तहत डेंगू से बचाव के लिए भी गंभीर प्रयास करने होंगे। एनसीआर के सभी अस्पतालों में इमरजेंसी बेड की संख्या बढ़ाने से आपातकालीन इलाज में मदद मिलेगी जिससे कई जानें बचाई जा सकती हैं। दिल्ली में जेजे क्लस्टर, मलिन बस्तियां, झुग्गी झोपड़ी कलस्टर और ग्रामीण इलाकों में कूड़ा निस्तारण प्रबंधन को मजबूत करना होगा, सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करना होगा, गंदा पानी सड़कों पर ना फैला इसकी जिम्मेदारी सिविक एजेंसियों को लेनी होगी ताकि मच्छर की उत्पत्ति को रोका जा सके। दिल्ली एनसीआर की जनता को भी बड़ी जिम्मेदारी लेनी होगी।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### बढ़ती उलझने

**जाति** व्यवस्था के खिलाफ संघ प्रमुख मोहन भागवत का बयान, बौद्ध धर्म की दीक्षा पर विवाद के बाद दिल्ली के मंत्री राजेंद्र गौतम का इस्तीफा और बिहार में जातिगत जनगणना की तेज होती मुहिम के बीच धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों के आरक्षण के लिए आयोग के गठन से उलझनें बढ़ती जा रही हैं। साफ संवैधानिक कानून होने के बावजूद हमारा देश कई वर्षों से आरक्षण जैसी बातों को लेकर उलझ रहा है.  एक और हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि कानून की एक्सपायरी डेट होना चाहिए एक निश्चित अवधि के बाद वह कानून अपने आप समाप्त हो जाना चाहिए. और खुद उन्हीं की सरकार बाबा जी द्वारा 10 वर्ष के लिए दिए गए आरक्षण को बार-बार बढ़ाती जा रही है. उस कानून को एक्सपायर नहीं होने दे रही हो  तो प्रतिभाशाली गरीब आरक्षण के कारण हाशिए पर धकेल दिए गए हैं। अमित शाह हिमाचल प्रदेश में नये आरक्षण की घोषणा कर आते हैं, तो उधर सदन के पटल पर आज भी महिला आरक्षण का बिल दशकों से पेंडिंग पड़ा है।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




"**विपथगामी** औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर उपनिवेशवाद की बेड़ियों को तोड़ना हमारे लिए महत्वपूर्ण है, तभी भारत सही मायने में प्रगति कर सकता है।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**रूसी** सेना के साथ (नाटो) सैनिकों का सीधा टकराव बहुत खतरनाक है जो तबाही का कारण बन सकता है।

- **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति





**हर** संस्था किसी न किसी समय पुरानी हो जाती है और नवीनीकरण की आवश्यकता होती है और मैं कांग्रेस पार्टी को सुधारने और नवीनीकृत करने की कोशिश कर रहा हूं।

- **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता"

# व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होंगे

## अगले साल होने वाले अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर मुख्यमंत्री से मिले 15 देशों में तैनात भारत के राजदूत

● पीएम के विजन के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी, टूरिज्म से रफ्तार पकड़ेगा यूपी का विकासः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अगले** साल होने वाले अंतराष्ट्रीय इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 देशों में तैनात भारत के राजदूतों ने भेंट की। विकास की दौड़ में पिछड़े 8 आकांक्षात्मक जनपदों के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का अवलोकन कर राजधानी आए इन वरिष्ठ राजनयिकों ने अपने भ्रमण के अनुभवों को मुख्यमंत्री से साझा किया और प्रदेश के विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने सभी राजदूतों को रात्रिभोज भी दिया।

इस मौके पर सीएम ने कहा कि अगले वर्ष 10-12 फरवरी को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अभूतपूर्व होगा, ऐतिहासिक होगा और नए उत्तर प्रदेश की आकांक्षाओं को उड़ान देने वाला होगा। व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट वर्ष 2023 तक प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होगा। इसमें राजदूतगणों के सहयोग अपेक्षित है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए ट्रिपल टी का मंत्र दिया है। ट्रिपल टी यानी ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म। उप्र इन मंत्रों को आत्मसात कर लगातार आगे बढ़ रहा है। राजदूत गणों का सहयोग प्रदेश के विकास में सहायी होगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रदेश के नागरिक दक्षिण-पूर्व एशिया, खाड़ी देशों में प्रवास करते हैं। इनमें बड़ी संख्या अकुशल श्रमिकों की है। अकुशल होने के कारण आमतौर पर उनका पारिश्रमिक भी कम होता है। ऐसे में सरकार इनके कौशल उन्नयन के लिए प्रयासरत है। राजदूत गणों के सहयोग से ऐसे लोगों को चिन्हित कर इनके कौशल संवर्धन के काम किया जा सकता है। सीएम ने बताया कि आकांक्षात्मक जनपदों की तर्ज पर राज्य सरकार ने आकांक्षात्मक विकासखंडों के सामाजिक-आर्थिक सुधार के लिए विशिष्ट प्रयास प्रारंभ किया है। एक कार्ययोजना तैयार की है। कुल 100 आकांक्षात्मक विकासखंडों का चयन पूर्ण हो गया है। तय 75 इंडिकेटर पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आकांक्षात्मक विकास खंडों में लागू मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के अभिनव प्रयास की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि विकास खंडों को सतत मॉनीटरिंग और वास्तविक स्थिति के सटीक आंकलन के लिए सीएम फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया गया है। सीएम ने राजदूतों को प्रदेश के पारंपरिक शिल्पकला के प्रोत्साहन के लिए शुरू की गई अभिनव ओडीओपी योजना के बारे में भी बताया। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक पार्क, टॉय पार्क, फिल्म सिटी, लॉजिस्टिक पार्क, मेगा लेदर पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे सेक्टर आधारित प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। निवेशकों के लिए यह अच्छा अवसर हो सकता है। इस सम्बंध में राजदूत गणों का सहयोग अपेक्षित है। उप्र 13 एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश बनने की राह पर है। 6 तो क्रियाशील भी हो चुके हैं। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मुख्यत: दो ही एयरपोर्ट थे। तब 4 एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों तक वायुसेवा उपलब्ध थी आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और 10 पर काम जारी है। आज 75 गंतव्यों तक वायुसेवा की सुविधा है। यह तब है जबकि बीते 2 वर्ष से हम कोरोना का सामना कर रहे हैं।

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित होंगे स्मार्ट गांव

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगाः उपमुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्मार्ट सिटी की तर्ज पर स्मार्ट गांव विकसित किए जायेंगे, ग्राम्य विकास से जुड़े अधिकारी व जनप्रतिनिधि मिलकर इस दिशा में तेजी से कार्य करें। श्री मौर्य ने कहा कि गरीबों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाने का मनरेगा अच्छा माध्यम है। गांवो के विकास की महायोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर गांव के विकास कार्य में क्रांति लाने का काम करना है। गांवों का विकास कर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है और इस उद्देश्य की पूर्ति करने में सरकार पूरी संकल्पबद्धता व प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज मनरेगा में एम आई एस (मैनेजमेंट आफ इन्फार्मेशन सिस्टम) से सम्बंधित 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बोधन के दौरान कही। श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांव गरीब की सेवा करना हमारे स्वभाव में होना चाहिए तभी हम सही मायने में गरीब कल्याण की योजनाओ को धरातल पर उतारने में पूरी तरह सफल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन व रोजगार देने में ग्रामीण विकास विभाग का कार्य सराहनीय है। टीम भावना से कार्य करते हुये ग्राम्य विकास विभाग ने नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं, इसकी बानगी है कि अमृत सरोवरो के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे हैं। मनरेगा श्रमिकों को श्रम विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के मामले में उत्तर प्रदेश आगे हैं। कोरोना काल में जब आय के सारे स्रोत बन्द हो गये थे, मनरेगा में करोड़ों लोगों को रोजगार दिया गया।मनरेगा में 100 दिन काम करने वाले श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल श्रमिक बनाने की दिशा में काम करके श्रमिकों के घर परिवार में खुशियां बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के माध्यम से गरीबों के जीवन में दिवाली लाएं। कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को समारोह करके सम्मानित किया जाए, ताकि और ग्राम पंचायते भी इससे प्रेरणा ले सकें। ग्राम्य विकास से जुड़े अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का मंडल स्तर पर सम्मेलन कराया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गांव के विकास में पसीना बहाने वाले श्रमिकों को सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## भाजपा कोर कमेटी बैठक में निकाय चुनाव पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** भाजपा कोर कमेटी की बैठक सोमवार शाम पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुई इस बैठक में संगठन और सरकार से जुड़े विभिन्न विषयों पर बात हुई। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डी पुरंदेश्वरी भी इस बैठक में मौजूद रही। इस दौरान आगामी निकाय चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर भी बात हुई। पार्टी ने निकाय चुनाव में सभी 17 नगर निगम सहित अन्य निकाय जीतने का लक्ष्य रखा है। अब सबकी निगाहें निकायों के आरक्षण पर लगी हैं। बैठक में मिशन-2024 को लेकर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों की रूपरेखा पर भी बात हुई। बैठक में यूपी प्रभारी राधामोहन सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स कोटे से पुलिस में भर्ती के लिए 31 तक ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) ने स्पोर्ट्स कोटा से कांस्टेबल के 534 पदों पर भर्ती को लेकर अहम नोटिस जारी किया है। योग्य व इच्छुक उम्मीदवार 31 अक्टूबर 2022 तक ऑनलाइन आवेदन सब्मिट कर सकेंगे। इस भर्ती के तहत कांस्टेबल के पद पर 335 पुरुष और 199 महिला समेत कुल 534 कुशल खिलाड़ियों की भर्ती की जानी है। यूपीपीबीपीबी की वेबसाइट पर जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए ओपन टेंडर के माध्यम से तीसरी बार आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इससे पहले जब आवेदन आमंत्रित किए गए थे तो आरएफक्ययू के सापेक्ष केवल एक एजेंसी द्वारा ही निविदा प्रस्तुत की गई है। ऐसे में पूर्व के आवेदन को निरस्त कर 17 अक्टूबर 2022 से आरक्षी नागरिक पुलिस के 534 पदों पर स्पोर्ट्स कोटा से सीधी भर्ती के लिए 28 अक्टूबर 2022 को दोपहर 12.20 बजे तक फि र से निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। कांस्टेबल के 534 पदों के लिए योग्य व इच्छुक उम्मीदवार 31 अक्टूबर 2022 तक ऑनलाइन आवेदन सब्मिट कर सकेंगे। इस भर्ती के तहत कांस्टेबल के पद पर 335 पुरुष और 199 महिला समेत कुल 534 कुशल खिलाड़ियों की भर्ती की जानी है। यूपीपीआरपीबी ने हाल में अभ्यर्थियों को सहूलियत देते हुए कहा था कि अभ्यर्थी गूगल फॉर्म की बजाए ई-मेल से या हाथों हाथ अपना आवेदन जनपद लखनऊ के बोर्ड कार्यालय के अलावा जनपद गाजियाबाद व जनपद प्रयागराज की रिजर्व पुलिस लाइंस (आदेश कक्ष) में भी हाजिर होकर जमा कर सकते हैं।

# समाज के हर वर्ग और तबके को पार्टी के साथ जोड़ना हैः पुरंदेश्वरी

## बीजेपी की राष्ट्रीय महामंत्री अपने तीन दिन प्रवास पर लखनऊ पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** की राष्ट्रीय महामंत्री डी पुरंदेश्वरी अपने तीन दिन के प्रवास पर सोमवार को लखनऊ पहुंचीं और बीजेपी मुख्यालय पर निकाय चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक की। पुरंदेश्वरी ने कहा कि सशक्त मंडल सक्रिय बूथ हमारी संगठनात्मक संरचना का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भाजपा पूरे देश में सर्वव्यापी, सर्वस्पशी व सर्वग्राही बन चुकी है। फिर भी हमें अपने संगठन विस्तार की यात्रा को धीमा नहीं करना है बल्कि हमें सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की पार्टी की नीति को आगे बढाते हुए समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर संगठन की योजनानुसार प्रवास, संवाद और समन्वय के आधार पर पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने पूरे विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे गरीब कल्याण के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण समाज के हर वर्ग का आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी एक लम्बे काल खण्ड के बाद जनता ने लगातार दूसरी बार हमारी पार्टी को अपना आशीर्वाद देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम किया है। ऐसे में हम सब की जिम्मेदारी है कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले और इसके लिए भी संकल्पबद्ध होकर कार्य करना है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रंशसा करते हुए कहा कि पूरे देश में संगठनात्मक कार्यो के निर्वहन में उत्तर प्रदेश सदैव प्रथम आता रहा है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम का ही परिणाम है कि भाजपा लगातार हर चुनाव में प्रदेश में सफलता हासिल कर रही है लेकिन हमें अभी और आगे जाना है। इसलिए संगठन की योजनानुसार हमें अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इसके पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि संगठनात्मक कार्यों के निष्पादन में पार्टी के प्रदेश भर के कार्यकर्ता सदैव अग्रणी रहते हैं। आगामी कार्यक्रमों, अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों के संदर्भ में जो भी योजना बनेगी उस पर शत प्रतिशत अमल होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों के माध्यम से पूरे प्रदेश में रचनात्मक कार्यक्रम व अभियान चलाए है।

## मोदी-योगी जैसे नेताओं के कुशल नेतृत्व के चलते ही देश व प्रदेश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा

**लखनऊ।** बीजेपी की राष्ट्रीय महामंत्री डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि देश में केवल भाजपा है जो सत्ता में मिली शक्ति को गरीब कल्याण और आमजन की सेवा को समर्पित कर रही है। पुरंदेश्वरी सोमवार को लखनऊ महानगर द्वारा सहकारिता भवन में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में बोल रही थी।

उन्होंने कहा कि मोदी-योगी जैसे नेताओं के कुशल नेतृत्व के चलते देश एवं प्रदेश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। इस कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। 2014 से अब तक की मोदी सरकार की उपलब्धियॉ सिलसिलेवार गिनायीं। उन्होंने कहा कि देश की एक सौ तीस करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश मोदी जी की एक आवाज पर उनके पीछे खड़ा हो जाता है। कोरोनाकाल में इसका उदाहरण दिखा। वैसे ही जैसे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आह्वान पर लोगों ने सप्ताह में एक दिन का व्रत रखना शुरु कर दिया था। विपरीत परिस्थितियों में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया देश की एकजुटता की ताकत दिखायी। सच साबित हुआ कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा चरितार्थ हुआ है।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में यूपी इकाई में पड़े 97.5 प्रतिशत वोट

● प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सहित सभी प्रमुख नेताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, मल्लिकार्जुन खरगे का पड़ला दिखा भारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश से 1200 से अधिक डेलिगेट्स ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खरगे और शशि थरूर जैसे दिग्गज नेताओं के बीच मुकाबला है। राजधानी लखनऊ में यूपी कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में मतदान संपन्न हुआ। मतदान शाम 4 बजे तक चला। मतगणना 19 अक्टूबर को होनी है। वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने दावा करते हुए कहा कि करीब 95 प्रतिशत पदाधिकारियों न मल्लिकार्जुन खरगे के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनमें दम हो तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए इस तरह से मतदान कराकर दिखाएं। महराजगंज जिले की फरेंदा सीट से कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि मैं कह सकता हूं कि अगर किसी पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है, तो वह कांग्रेस ही है। पीसीसी के 1247 डेलीगेट्स में से 1200 से अधिक ने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में भाग लिया। मतदान के लिये 6 बूथ बनाए गए थे। प्रत्येक बूथ पर लगभग 200 के आसपास डेलीगेट्स को मतदान करना था। पार्टी प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए हुए मतदान ने एक बार पुन: साबित कर दिया कि केवल कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें अध्यक्ष पद के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत चुनाव कराया जाता है, बाकी अन्य दलों में मनोनयन ही उनकी प्राथमिकता है। प्रवक्ता बताया कि प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना, विधायक एवं प्रांतीय अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद निर्मल खत्री, राज बब्बर, प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, नकुल दुबे, आदि ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## लखनऊ व गौतम बुद्ध नगर जिलों में एक-एक निजी विश्वविद्यालय को आशय पत्र जारी करने की संस्तुति

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में तीन प्रस्ताव प्रस्तुत किये गए। विचार-विमर्श के उपरान्त समिति ने दो नए निजी विश्वविद्यालय जेबीएम ग्लोबल विश्वविद्यालय गौतमबुद्धनगर व सरोज इंटरनेशनल विश्वविद्यालय लखनऊ को आशय पत्र जारी करने की संस्तुति की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना के संबंध में प्राप्त सभी प्रस्तावों को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षण करने के उपरान्त निर्धारित समयावधि में समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायें। जिन संस्थाओं की औपचारिकताएं अपूर्ण हैं, उनके साथ बैठक कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास सुनिश्चित किये जायें। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के सम्बन्ध में औपचारिकतायें पूर्ण करने के लिए जो समय दिया गया है, निर्धारित समय में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# उत्तराखंड की एसीएस गृह के बयान पर यूपी पुलिस ने जताया कड़ा ऐतराज

पायनियर समाचार सेवा। लखऊ

**उत्तराखंड** की अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी की ओर से दिया गया बयान दो प्रदेशों के बीच तकरार का कारण बन गया। रतूड़ी ने कहा कि यूपी पुलिस निर्दोष लोगों को पकड़कर केस सॉल्व करती है। उनके इस बयान पर यूपी पुलिस ने कड़ा ऐतराज जताया हैं। यूपी के एडीजी काननू-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि ये बयान खेद जनक है और तथ्यों पर आधारित नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की एसीएस गृह को क्या मुख्तार अंसारी और विजय मिश्रा, जिन्हें न्यायालय ने सजा दी है वे निर्दोष लगते हैं। क्या खनन माफिया जफर और ऊधम सिंह नगर का ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख उन्हें निर्दोष लगते हैं।

प्रशांत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस ने अपराध और अपराधियों के प्रति कार्रवाई करके एक नजीर प्रस्तुत की है। उत्तर प्रदेश पुलिस उत्तराखंड सरकार से मांग करती है कि इस तरह के गैर जिम्मेदाराना बयान पर रोक लगाई जाए। दरअसल यूपी और उत्तराखंड पुलिस उस घटना को लेकर पिछले कई दिनों से आमने सामने है जिसमें खनन माफिया जफर को गिरफ्तार करने उत्तराखंड के कुंडा गई मुरादाबाद पुलिस की टीम पर फायरिंग की गई थी। इस घटना में कई पुलिस कर्मी जख्मी हुए थे जबकि जफर के करीबी ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख की पत्नी की मौत हो गई थी। उत्तराखंड पुलिस का आरोप था कि दबिश डालने की कोई सूचना यूपी पुलिस ने उन्हें नहीं दी। इसी घटना को लेकर मीडिया की ओर से आज पूछे गए सवाल पर एसीएस गृह राधा रतूड़ी ने ऐसा बयान दे दिया जिससे विवाद और गहरा गया। विभिन्न अपराधों पर पुलिस की भूमिका को लेकर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पुलिस अपराधियों को पकड़ने में कोई कोताही नहीं बरतती है। उन्होंने कहा कि क्राइम को सही तरीके से सॉल्व किया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश पुलिस कई बार निर्दोष लोगों को पकड़कर अपराधिक घटना का खुलासा करने का दावा कर देती है लेकिन ऐसा करने से दूसरे कई अपराधी समाज में पैदा हो जाते हैं। हालांकि बाद में यूपी के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के कड़े ऐतराज के बाद उत्तराखंड की एसीएस गृह राधा रतूड़ी ने सफाई पेश कर दी।

# पुलिस स्मृति दिवस 21 को

## सीएम योगी शहीदों के परिजनों को करेंगे सम्मानित



**लखनऊ।** कर्तव्यों की बलिवेदी पर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिसजनों की स्मृति में हर वर्ष की तरह इस बार भी 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर लखनऊ की रिजर्व पुलिस लाइन में शोक परेड निकाली जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शोक परेड की सलामी लेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा शहीद पुलिसजनों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही उनके परिजनों को सम्मानित भी करेंगे।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस दिन हम उन वीर शहीद पुलिसजनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र व समाज की रक्षा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति दी है। यह शौर्य गाथा 63 वर्ष पुरानी है जब 21 अक्टूबर 1959 को भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख के हिमाच्छादित जनहीन क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान नियमित गश्त पर निकले थे। स्वचालित रायफलों व मोर्टारों से लैस चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक हमारे क्षेत्र में एम्बुश लगाकर अचानक उन पर हमला कर दिया। अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये साधारण शस्त्रों के बावजूद चीनी सैनिकों का डटकर मुकाबला करते हुए केन्द्रीय पुलिस बल के इन बहादुर जवानों ने अपने प्राणों की आहुतियां दी थी। इन्हीं वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए कर्तव्यपथ पर प्राणोत्सर्ग करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पुलिस स्मृति दिवस मनाने की परम्परा प्रचलित है। हमारे पुलिस कर्मियों का बलिदान उनकी सच्ची समर्पण भावना एवं कर्तव्य परायणता का द्योतक है तथा कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति उनकी संकल्पबद्धता को प्रतिबिम्बित करता है। वीर पुलिस कर्मियों का त्याग एवं बलिदान देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण बनकर हमारी भावी पीढ़ी को सदैव कर्तव्य परायणता के मार्ग पर निर्भीकता के साथ अनुगमन की प्रेरणा देता रहेगा।

## योजनाओं के व्यापक प्रचार के लिए आधुनिक साधनों का प्रयोग करेंः नरेन्द्र कश्यप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योजनाओं के व्यापक प्रचार हेतु सभी आधुनिक साधनों का प्रयोग किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाय। इसके अलावा वाल पेंटिंग भी प्रचार प्रसार के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। कश्यप सोमवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण के अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश में दिव्यांगता निवारण बचाव उपचार एवं पुनर्वासन योजना के अंतर्गत अनुदान समिति की बैठक अपने विधानसभा कार्यालय कक्ष में कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में दिव्यांगता निवारण हेतु प्रचार प्रसार के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में दिव्यांगता निवारण के प्रचार प्रसार हेतु अनुदान नियमावली प्रख्यापित की गई है। उन्होंने निर्देशित किया कि अनुदान नियमावली के अंतर्गत दिव्यांग का निवारण बचाव, उपचार, शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य का प्रोत्साहन तथा पुनर्वासन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं तथा अधिनियम के प्रावधानों प्रावधानों का प्रचार प्रसार करने हेतु गैर सरकारी शैक्षिक संस्थाओं को अनुदान दिए जाने और उपलब्ध धनराशि से विभिन्न संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने की व्यवस्था की जाय।

# फूल वालों की सैर में यूपी को मिला द्वितीय पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** एकता एवं साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से महरौली नई दिल्ली में आयोजित फूल वालों की सैर 2022 कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा पंखे स्टेज पर लगाये जाने वाले कार्यक्रम में भी उत्तर प्रदेश को उत्कृष्ट श्रेणी का पुरस्कार मिला। निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त निदेशक सूचना भूपेंद्र सिंह यादव द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया गया। संयुक्त निदेशक सूचना द्वारा नई दिल्ली में प्राप्त पुरस्कार के प्रतीक चिन्ह को निदेशक सूचना शिशिर को हस्तगत सोमवार को किया गया। निदेशक सूचना शिशिर ने सूचना विभाग की टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय हैं कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महरौली में फूल वालो की सैर 2022 कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, तमिलनाडू व अन्य राज्यों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उत्तर प्रदेश की ओर से सूचना विभाग के कलाकारों के द्वारा राष्ट्रीय एकता व सद्भाव पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति की गयी। उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक टीम बुलदेलखण्ड लोक कला संस्थान द्वारा बृज की फूलों की होली लोक नृत्य एवं बुलदेलखण्ड का राई नृत्य की प्रस्तुति की गई।

## जिला चिकित्सालय कानपुर देहात के सीएमएस निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रशासनिक** कार्यों सहित पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही के आरोप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर कानपुर देहात जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के साथ ही डॉ गुप्ता को परिवार कल्याण निदेशालय से संबद्ध कर दिया गया है। कानपुर देहात के जिला अस्पताल में सीएमएस के पद पर तैनात डॉ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता पर प्रशासनिक कामों में लापरवाही की शिकायत हुई थी। मरीजों से जुड़े कामों को लेकर भी वह गंभीर नहीं थे। परेशान हाल मरीजों को अस्पताल में इलाज हासिल करने में अड़चन आ रही थी। मामले की उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से शिकायत हुई।

# शराब माफियाओं के खिलाफ 21 से प्रदेश में चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश स्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीमों का गठन करते हुए दबिश एवं चेकिंग कार्यवाही की जाएगी। जिसमें अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों पर दबिश दिए जाने के साथ-साथ राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों की भी जांच कराई जाएगी। अभियान के अन्तर्गत गठित संयुक्त टीमों द्वारा आबकारी दुकानों की भी सघन चेकिंग की जाएगी। संयुक्त आबकारी आयुक्त जोन तथा उप आबकारी आयुक्त प्रभार के द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री तथा तस्करी के विरुद्ध चलाए जाने वाले विशेष प्रवर्तन अभियान की दैनिक समीक्षा की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्य मार्गों पर वाहनों की भी चेकिंग कराई जाएगी, जिससे कि अवैध मदिरा की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं पर आबकारी अधिनियम की धाराओं के साथ-साथ आईपीसी की सुसंगत धाराओं में भी एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी. द्वारा अवगत कराया गया कि अभियान के दौरान यदि किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी अथवा अवैध शराब से जुड़ी कोई सूचना प्राप्त होती है तो वह तत्काल आबकारी मुख्यालय, प्रयागराज में स्थापित 24 गुणे 7 कार्यरत कन्ट्रोल रूम के टोल फ्री नम्बरों 14405 के साथ-साथ व्हाट्सएप नं. 9454466019 पर भी सूचना दे सकते हैं। अभियान के अन्तर्गत दुकानों पर ओवर रेटिंग की क्रास चेकिंग कराई जाएगी तथा ओवर रेटिंग का प्रकरण पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पीएम ने किसानों को दिया तोहफा

# 5 लाख 39 हजार 571 किसानों को मिली सम्मान निधि

संवाददाता। सीतापुर

- सीजी-किसानों के खाते में पहुंची सम्माननिधि की 12वीं किस्त
- जिला मुख्यालय सहित कुल 20 कॉल सेंटरों की हुई स्थापना
- इन मोबाइल नम्बरों पर दर्ज कराएं षिकायत 7839882193 एवं 7839882195
- प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेगी हेल्प डेस्क

**प्रधानमंत्री किसान** सम्माननिधि से सम्बन्धित शिकायतों का समाधान किसान अब घर बैठे करा सकेगें। उन्हें जिला मुख्यालय या ब्लाक मुख्यालय तक भाग दौड़ नहीं करनी होगी। शिकायतों के समाधान के लिए जिला मुख्यालय सहित विकास खंड स्तर पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर काल सेंटर की स्थापना की गई है। जनपद में कुल 20 काल सेंटर स्थापित होगें। सीतापुर में सोमवार को खैराबाद स्थित उपकृषि निदेशक कार्यालय पर काल सेंटर का शुभारम्भ भी हो गया। किसान इस सेंटर पर प्रातः 8 से रात 8 तक मोबाइल नम्बर 7839882193 एवं 7839882195 पर अपनी पीएम किसान निधि से सम्बन्धित शिकायतें मोबाइल के जरिए दर्ज कराकर समाधान पा सकते है। अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी ने इस सम्बंध में निर्देश निर्गत किए है। उपकृषि निदेशक सीतापुर एस.के. सिंह ने बताया कि खैराबाद स्थित कार्यालय पर स्थापित हेल्पडेस्क पर 4 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रातः 8 से 2 बजे तक और दोपहर 2 बजे रात 8 बजे तक दो-दो कर्मचारी किसानों की समस्याओं को रजिस्टर पर दर्ज करेंगे। तत्पश्चात विवरण का अवलोकन करने के बाद समस्या का सामधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि जिला प्रशासन के प्रयासों के बाद भी कई किसानों का भूलेख अंकन नहीं हो पाया है, इसके अलावा आधार इनवैलेड एवं नाम मिसमैच के भी प्रकरण लम्बित है, जिनमें डाटा सुधार जरूरी है।

प्रकाश पर्व दीपावली से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को एक तरफसे तोहफा दिया है। सोमवार को उन्होंने सीतापुर के 5 लाख 39 हजार 571 किसानों के बैंक खातों में 12वीं किश्त के रूप में दो-दो हजार रूपये भेज दिए है। बता दें सीतापुर में कुल 7 लाख 36 हजार 382 किसान पंजीकृत हैं, भूलेख अंकन सत्यापन के दौरान इनमें से 14 हजार 222 किसान मृतक पाए गए। जबकि 6 हजार 807 किसान भूमिहीन श्रेणी में होने के बावजूद पीएम किसान सम्माननिधि योजना का लाभ ले रहे थे पंजीकृत कुल किसानों में 63 हजार 665 ऐसे किसान जांच के दौरान पाए गए जो डुब्लीकेट निकले। उपकृषि निदेशक एसके सिंह ने बताया कि जनपद में 6 लाख 64 हजार 694 किसान पंजीकृत रह गए है। रबी सीजन के दौरान किसानों के खातों में सम्माननिधि का पैसा आने से उन्हें रबी फसलों की बुवाई आदि में काफी मद्द मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों का सत्यापन और भूलेख अंकन नहीं हो पाया है, उनकी किश्त फिलहाल संभवता अटक सकती है।

## अध्यापक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली ।** आयुर्वेदिक कॉलेज के एक अध्यापक ने कॉलेज परिसर में स्थित अपने कमरे में बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी । फरीदपुर थाना क्षेत्र मे आरके इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वैदिक मेडिकल साइंस के अध्यापक पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव करेली निवासी जतिन शर्मा की लाश आज सुबह कॉलेज परिसर में स्थित एक कमरे में छत के पंखे से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई मृतक के परिजनों ने बताया कि जतिन शर्मा के विवाह के संबंध में बातचीत चल रही थी और लगभग 1 महीने पहले ही कॉलेज में पढ़ाने के लिए आए थे वह मानसिक रूप से कुछ परेशान कर रहे थे जिसके चलते वह घर के लोगों से भी बातचीत नहीं करते थे कल शाम को घर वालों ने कॉलेज के कर्मचारियों की मदद से उनसे बातचीत की थी रात में किसी समय जतिन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली शुरू होने पर जब वह सो कर नहीं उठे तो कॉलेज के कर्मचारी उन्हें जगाने पहुंचे लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था तब घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन और पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर जतिन के शव को फांसी से उतारा ।

# बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए होम्योपैथी ज्यादा भरोसेमंद: डॉ. विजय

संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**होम्योपैथिक** विभाग के तत्वाधान में मंडल स्तरीय होम्योपैथिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन सोमवार को बिसवां कस्बे के बीपीएस ओपेन हार्ट स्कूल में किया गया। मेले में 400 से भी अधिक लोगों ने चिकित्सकों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी सलाह और दवाएं प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने की और मुख्य अतिथि महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या रहीं। इस मौके पर उन्होंने होम्योपैथिक की उपयोगिता पर विस्तृत विचार रखे। विधान परिषद के पूर्व सदस्य भरत त्रिपाठी ने होम्योपैथी को अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं होम्योपैथिक विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय पुष्कर ने राज्य सरकार द्वारा आयुष विभाग को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज की तारीख में पूरी दुनिया में 30 करोड़ से ज्यादा लोग होम्योपैथी में भरोसा करते हैं। एलोपैथी जहां बीमारियों का पता लगाने, जांच करने का सबसे विश्वसनीय तरीका है, वहीं बीमारी को दबाने की बजाय उसे जड़ से खत्म करने के लिए होम्योपैथी आज भी ज्यादा भरोसेमंद मानी जाती है। इसके अलावा होम्योपैथिक दवाओं के कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य मेले के व्यवस्थापक एवं लालपुर राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल के प्रभारी डॉ. उदय राज मौर्या ने कहा कि मेले का उद्धदेश्य आमजन तक होम्योपैथिक चिकित्सा को पहुंचाना है। प्रदेश सरकार के इसी उद्धदेश्य को लेकर इस मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 35 होम्योपैथिक अस्पतालों के माध्यम से लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा दी जा रही है। इस मौके पद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चेतना त्रिपाठी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. किरन कुमारी दास, लखनऊ के जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमला रावत, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य आकषर्ण हर दिन, हर घर होम्योपैथी के तहत घरेलू और उपयोगी पौधों की प्रदर्शनी रही। जिसे लोगों ने खूब सराहा। काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत 154 मरीजों और 300 छात्र-छात्राओं को सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूक कर हाथ धोने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन जन सेवा समिति और दवा निर्माता कंपनी एसबीएल के सहयोग से किया गया। इस मौके पर जन सेवा समिति के डॉ. राजेंद्र कुमार मौर्या, सहित मनीष कुमार सिंह, मुकुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बिसवां में बाढ़ राहत कार्यों की मंत्रियों के समूह ने की समीक्षा

संवाददाता। सीतापुर

- बाढ़ से प्रभावित गांवों का जाना हाल
- कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने बाढ़ प्रभावितों से की बात
- मंत्री मंयकेष्वर शरण सिंह व कपिल देव अग्रवाल भी रहे मौजूद

**सीतापुर के** बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने आया तीन मंत्रियों के समूह ने पहले तो बाढ़ राहत कार्यों की बिसवां में समीक्षा बैठक की, इसके बाद सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए बाढ़ प्रभावितों की समस्याएं भी जानी। मंत्रियों के समूह में लोकनिर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह और राज्यमंत्री व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग कपिल देव अग्रवाल रहे। इससे पहले रेउसा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाके में मंत्रियों ने चौपाल लगाई और पीड़ितों की समस्याएं जानी। बिसवां में बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा बैठक करने के बाद कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद से जब बाढ़ से हुए नुकसान एवं राहत आदि को लेकर जानना चाहा गया तो वह कोई भी जवाब देने से बचते नजर आए और आई इंडिया से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि इस सवाल का जवाब साथ आए राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल देगें। बिसवां पहुंचने पर मंत्रियों का बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक महेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता राजकुमार जैन, समाज सेवी मोहित जायसवाल, पीयूष मौर्या, आलोक गुप्ता, कौशलेंद्र वर्मा आदि ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह पुलिस अधीक्षक घुले पुलिस उपाधीक्षक राजीव दीक्षित, एसडीएम पीएल मौर्य, एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्रा, सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजय, सीएमओ डॉ मधु गैरोला, अधिशासी अभियंता विद्युत केसी आजाद, अधिशासी अभियंता महमूदाबाद जयप्रकाश, एसडीओ बिसवां विशाल शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर फिर चमकी सीतापुर की मेधा

# सीता इंटर कॉलेज के छात्र को सीईयूटी परीक्षा में देश में तीसरी रैंक

संवाददाता। सीतापुर

- महमूदाबाद के रवि प्रताप वर्मा ने सीयूईटी परीक्षा में देश में पायी तीसरी रैंक
- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा संपन्न कराई गई थी देश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा

**कौन कहता** है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता... एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों...। दुष्यंत कुमार की यह पंक्तियां महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के एक मेधावी छात्र पर सटीक बैठती है। पालीटेक्निक में सिविल टेऊड की परीक्षा में कालेज टाप करने के बाद हौंसलों की उड़ान ने छात्र को इस कदर रोमांचित किया कि गांव की गलियों से निकलकर अब वह देश के दूसरे नम्बर की सबसे प्रतिष्ठित सीयूईटी परीक्षा में पूरे देश में तीसरी रैंक प्राप्त की। छात्र ने सेल्फस्टडी के दम पर मुकाम हासिल कर लिया। सीता इंटर कालेज से 2018 बैच में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास किए छात्र की सफलता के बाद परिवार और गांव में हर्ष का माहौल है। बधाईयों का तांता लगा हुआ है। महमूदाबाद से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर महिमापुर गांव के रहने वाले रवि वर्मा ने देश की दूसरे नम्बर की सबसे प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा कामन यूनिवर्सिटी इंटेंस टेस्ट की परीक्षा में अपना लोहा मनवाया है। रवि को आल इंडिया में तीसरी रैंक हासिल हुई है। रवि का परिणाम आया तो उन्हें खुशी का ठिकाना न रहा। रवि ने बताया कि उन्होने कोई कोचिंग नहीं ली थी। यूट्यूब और गूगल की मदद से उन्होने परीक्षा की तैयारी के लिये मैटेरियल इकट्ठा किया और वह परीक्षा पास करने में सफल हो गये। सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने बताया कि महिमापुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता छोटे लाल वर्मा के पौत्र रवि प्रताप सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा संपन्न कराई गई देश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में स्वाध्याय के बल पर तीसरी रैंक लाकर रवि ने संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में सीता इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर रवि ने महमूदाबाद स्थित जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक में सिविल ट्रेड में एडमिशन लेकर कॉलेज टॉप किया था। स्वाध्याय के बल पर रवि ने कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में हिस्सा लेकर ऑल इंडिया में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रवि के पिता उदय प्रताप साधारण किसान हैं उनके पास मात्र 17 बीघे जमीन है। मां गीता देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती तथा बड़ी बहन अपर्णा सिंह खैराबाद डाइट से डीएलएड का कोर्स कर रही है। रवि ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों के साथ गुरुजनों को दिया। कालेज से वर्ष 2019 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर निकले छात्र अमित कुमार वर्मा ने भी उक्त परीक्षा में ऑल इंडिया 542 वे रैंक लाकर संस्था व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि इसी संस्था से इंटरमीडिएट परीक्षा पास कर निकले आयुष शुक्ला पुत्र सतीश शुक्ल ने देश की प्रतिष्ठित पश्चिम बंगाल स्थित संस्था राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्गापुर में प्रवेश प्राप्त किया। रवि की सफलता पर सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर, राकेश शुक्ल आदि ने गांव पहुँचकर छात्र को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी। रवि की इस सफलता पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, डा. अम्मार रिजवी, कालेज प्रबंधक रमेश चंद्र वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, रामकुमार वर्मा, सीपी तिवारी, राजेश सिंह, पालीटेक्निंक के प्रचार्य सीपी त्रिपाठी, अतुल वर्मा, जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनंत रत्नम्, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, आदर्श जायसवाल, अवनीश अवस्थी, एसआर वर्मा सहित कई अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## क्विक न्यूज

### 30 दिवसीय आवासीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण संपन्न

**लखीमपुर खीरी ।** इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को 30 दिवसीय आवासीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह समापन मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबन्धक एलडीएम अजय कुमार पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप अपने सुनहरे भविष्य के लिये एक छोटा उद्यम स्थापित कर एक छोटी सी शुरुआत कर सकते हैं। यह एक छोटी सी शुरूआत भविष्य में आपको आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगी तथा आपको अपने गांव में सामाजिक रूप से भी सशक्त बनायेगी। जिसके लिये आपको अपना कार्य पूरी लगन तथा ईमानदारी के साथ करते रहना होगा तथा अन्त में उन्होंने सभी सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किये। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं के उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी तथा अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिये भी प्रेरित किया।

### एएसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**मोहम्मदी खीरी।** अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिह ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया जहाँ उन्होंने मुकदमो की विवेचना सहित गोला विधानसभा चुनाव को लेकर की गयी कारवाई के बारे मे अभिलेख देखे। वहीं शीघ्र लंबित मुकदमों की विवेचनाओ के बारे मे अचित दिशा.निर्देश दिए। वहीं उसके उपरांत श्री राम लीला में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखते हुए तथा दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंहए पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा और प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने दल बल के साथ पूरे मेले का किया पैदल मार्च।

### कब्रिस्तान में पेड़ से गिरने पर युवक की मौत

**मोहम्मदी खीरी।** बरवर रोड पर निवास कर रहे सरीफुल 23 वर्ष अपने जानवरो बकरी के लिए बरबर रोड पर ही एक कब्रिस्तान के एक पेड पर चढ कर पत्ते तोड़ रहा था। अचानक पेड की ऊंचाई से नीचे गिर गया जो काफी घायल हो गया था। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल एंबुलेंस से मौके पर सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# अब उपचुनाव में 40 लाख तक अधिकतम खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी : प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- आरो दफ्तर से निर्वाचन व्यय के लिए एजेंट कराएं नामित
- चुनाव के लिए खुलेगा अलग खाता उसी से होगा लेनदेन

**विधानसभा निर्वाचन** क्षेत्र गोला गोकरण नाथ के उप निर्वाचन 2022 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 40 लाख नियत की है। उक्त आशय की जानकारी प्रभारी अधिकारी व्यय लेखाध् वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद कुमार ने दी।उन्होंने कहा कि नामांकन से पूर्व चुनाव के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा अलग से एक खाता अवश्य खोल लिया जाए एवं सभी लेनदेन इसी खाते के जरिए हो यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। वही 10 हजार तक ही किसी भी डोनर से नगदी के रूप में धनराशि ली जाए। इससे अधिक डीडीए आरटीजीएसए नेफ्ट एवं चेक के रूप में प्राप्त की जाएं। निर्वाचन व्यय के लिए रिटर्निंग अधिकारी से एक अतिरिक्त एजेंट अवश्य नामित करा ले। एसटीओ ने बताया कि 10 हजार से अधिक की धनराशि चुनाव के दौरान लघु खर्च के रूप में नगदी के रूप में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी फर्म व्यक्ति को न करें। इससे अधिक मात्र नेफ्टए आरटीजीएसए डीडी एवं चेक के रूप में भुगतान किया जाए।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक टीमों ने बांटी राहत किट

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सोमवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक टीमों ने संबंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के नेतृत्व में प्रभावितों को युद्धस्तर पर बाढ़ राहत सामग्री की किट का वितरण सुनिश्चित कराया।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह स्वयं प्रतिदिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत इंतजामोंए ब्लीचिंग का छिड़कावए हेल्थ कैंप एवं दवा वितरणए पशु राहत चिकित्सा कैंप सहित बाढ़ राहत सामग्री कीट के वितरण की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अफसरों का स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी प्रभावित परिवार प्रशासन की मदद से वंचित न रहेए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए।

### फसलों के नुकसान की भी होगी भरपाई

**डीएम ने** कहा कि आंशिक क्षतिग्रस्त मकानों के लिए भी आपदा राहत कोष से मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बा? के कारण फसलों को जो नुकसान हुआ हैए उसके लिए निर्देश दिया है कि हर प्रभावित ग्राम पंचायत में सर्वे कराकर जल्द से जल्द फसलों की क्षतिपूर्ति की धनराशि किसानों के खातों में भेजी जाए।

### बाढ़ग्रस्त इलाकों में प्रशासन ने बांटी राहतकिट

**तहसील गोला** गोकर्णनाथ के बाढ़ग्रस्त इलाके में एसडीएम अनुराग सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीमों ने कोरियाना मजरा रूरा सुल्तानपुर में सभी प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत खाद्यान्न किट प्रदान की। प्रशासनिक टीमों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कोई भी प्रभावित परिवार खाद्यान्न किट से वंचित नहीं रहेगा। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में तहसील सदर एवं विकासखंड फूलबेहड़ के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र जदीदपुरवा इच्छारामपुरवा एवं लंगडीपुरवा में 760 प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट वितरित की गई।

## बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचीं पशुपालन की टीमें

**लखीमपुर खीरी।** खीरी के बाढ़ग्रस्त इलाकों में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर पशुपालन विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पशुपालन विभाग की टीमों ने जहां एक और भ्रमणसील रही। वहीं कई गांव में शिविर लगाकर औषधियां वितरित की। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ का पानी गांव से धीरे धीरे समाप्त हो रहा है। प्रशासनिक टीमें अपने पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण में गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छि?काव तथा दवाओं का वितरण करा रहा है ताकि गांव में बीमारी अपना पैर न पसार सके। वह बराबर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ पीढ़ितों को हरसंभव मदद दिया जाएगा। सोमवार को पशुपालन विभाग लखीमपुर खीरी ने बाढ़ग्रस्त इलाके ग्राम नयापुरवाए बेचेपुरवाए हुजूरपुरवा में सघन भ्रमणकर पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए। इस दौरान पशुपालन विभाग की चिकित्सीय टीमों ने पशुओं का न केवल उपचार किया बल्कि 558 पशुओं के लिए पशुपालकों को दवा वितरित प्रदान की। ब्लॉक बिजुआ के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय स्वरूप गुप्ता ने अपनी टीम के साथ न केवल बाढ़ ग्रस्त इलाकों में दस्तक दी बल्कि पशुओं के लिए निशुल्क दवा भी बाटी। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

## पेज एक का शेष

### दीपावली बाद आएगी...

देश में इस समय सक्रिय मामलों की संख्या 26,834 है। यह देश के कुल सकारात्मक मामलों का 0.06 प्रतिशत है। भारत की दैनिक सकारात्मकता दर 1.86 प्रतिशत है, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता दर वर्तमान में सोमवार को 1.02 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में कुल 2,060 कोविड मामले सामने आए। एक दिन पहले यह संख्या 2,401 थी। फौसी ने 2021 की गर्मियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि उस दौरान अमेरिका में महामारी बहुत हद तक सीमित हो गई थी, लेकिन ओमीक्रोन वैरिएंट के उभरने से पिछली सर्दियों में कोविड मामलों में रिकॉर्ड-तोड़ उछाल आया। उसके बाद से अमेरिका में ओमीक्रोन के कई सब-वैरिएंट कहर बरपा चुके हैं। सीडीसी डाटा के मुताबिक इन सब-वैरिएंट में बीए.5 भी शामिल है, जो वर्तमान में सभी मामलों का 81.3 प्रतिशत है। शोध से पता चलता है कि बीए.5 और इसके पूर्ववर्ती, बीए.4, मूल कोविड टीकों से एंटीबॉडी के प्रति तीन गुना कम संवेदनशील हैं। यहां तक कि मूल ओमीक्रोन स्ट्रेन से भी ये कम संवेदनशील हैं। फौसी ने कहा कि यदि इस बार सर्दी के सीजन में एक और नया, अधिक संक्रामक सब-वैरिएंट सामने आए तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं।

### खरगे और थरूर की किस्मत...

मतदान की शुरुआत से पहले कांग्रेस अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। थरूर ने ट्वीट किया, मल्लिकार्जुन खरगे से आज सुबह बात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके प्रति सम्मान और कांग्रेस की सफलता के प्रति दोनों के साझा समर्पण को व्यक्त किया। खरगे ने ट्वीट कर कहा, शशि थरूर जी को मेरी शुभकामनाएं। आज उनसे बात की। हम दोनों कांग्रेस की मजबूती के लिए लड़ रहे हैं, ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए पहले से मजबूत और बेहतर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। कांग्रेस के करीब 9900 डेलीगेट पार्टी प्रमुख चुनने के लिए मतदान करने के पात्र थे। कांग्रेस मुख्यालय समेत लगभग 68 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। कांग्रेस पार्टी के 137 साल के इतिहास में छठी बार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक, अध्यक्ष पद के लिए अब तक 1939, 1950, 1977, 1997 और 2000 में चुनाव हुए हैं। पूरे 22 वर्षों के बाद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हो रहा है। इस चुनाव से 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर कोई नेता देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष चुना जाएगा। इससे पहले सीताराम केसरी गैर-गांधी अध्यक्ष रहे थे। थरूर ने निर्वाचकों से बदलाव अपनाने का साहस दिखाने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा था कि वह जिन बदलावों के बारे में सोच रहे हैं, उनमें पार्टी के मूल्यों में कोई बदलाव नहीं होगा और केवल लक्ष्य पाने के तरीकों में परिवर्तन आएगा। वहीं, खरगे ने रविवार को कहा था कि अगर वह अध्यक्ष बनते हैं तो उन्हें पार्टी के मामलों में गांधी परिवार की सलाह और सहयोग लेने में कोई झिझक नहीं होगी, क्योंकि उस परिवार ने काफी संघर्ष किया है और पार्टी के विकास में बड़ा योगदान दिया है।

### भाजपा ने अंधेरी ईस्ट उपचुनाव...

भाजपा की उपचुनाव नहीं लड़ने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऋतुजा लटके ने कहा कि वह उन सभी की ऋणी हैं, जिन्होंने इस चुनाव को निर्विरोध प्रक्रिया बनाने के लिए काम किया। जयंत पाटिल ने कहाकि भाजपा और शिंदे गुट को शायद एहसास हो गया होगा कि उन्हें लटके के खिलाफ बहुत अपमानजनक हार का सामना करना पड़ेगा। हम इस बात की सराहना करते हैं कि अंततः सदबुद्धि आई।

### सिसोदिया से नौ घंटे तक ...

सीबीआई मुख्यालय पहुंचने से पहले वह राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर भी गए। सीबीआई अब खत्म हो चुकी आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सिसोदिया से पूछताछ कर रही है। वह इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। केजरीवाल सरकार में सिसोदिया के पास उपमुख्यमंत्री होने के साथ-साथ आबकारी समेत कई विभाग हैं। सीबीआई ने 17 अगस्त को सिसोदिया और 14 अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें 120-बी (आपराधिक साजिश) और 477 ए (रिकॉर्ड का मिथ्याकरण), और धारा 7 शामिल है। पिछले साल नवंबर में लायी गई इस शराब नीति को लागू करने एवं क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद सीबीआई मुख्यालय से बाहर निकले सिसोदिया ने सोमवार देर रात दावा किया कि उन पर आम आदमी पार्टी छोड़ने के लिए दबाव डाला गया और मुख्यमंत्री पद की पेशकश की गई। सिसोदिया ने पूछताछ के बाद पत्रकारों से कहा कि भाजपा कहती है कि आबकारी घोटाला 10,000 करोड़ रुपए का है। मैंने सीबीआई कार्यालय में पाया कि कोई घोटाला नहीं है और मामला फर्जी है। मेरे खिलाफ फर्जी मामला भाजपा के ऑपरेशन लोटस को दिल्ली में सफल बनाने का षड्यंत्र है। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्हें आप छोड़कर दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने जेल जाने का विकल्प दिया गया। हालांकि सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री सिसोदिया के इस आरोप का कड़ाई से खंडन किया कि उन्हें उनका राजनीतिक दल छोड़ने के लिए धमकाया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारियों ने उनसे पेशेवर और कानूनी तरीके से पूछताछ की है।

### केंद्र ने बलात्कार के आरोप...

महिला के आरोप के अनुसार, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पूर्व मुख्य सचिव सहित दो अधिकारियों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया था। महिला के आरोप के अनुसार उसके साथ बलात्कार पूर्व मुख्य सचिव के सरकारी आवास पर किया गया था। आरोप के बाद, जांच के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया और एबरडीन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। महिला ने आरोप लगाया था कि बलात्कार में शामिल अन्य अधिकारी श्रम आयुक्त आर. एल. ऋषि थे और वे दो मौकों पर कथित अपराध में शामिल थे। संपर्क किए जाने पर नारायण ने पिछले सप्ताह पीटीआई-भाषा से कहा था कि वह इस मुद्दे पर टिप्पणी नहीं कर सकते क्योंकि मामला विचाराधीन है। महिला ने 21 अगस्त को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने दो बार अप्रैल और मई में अपने साथ हुए कथित यौन हमले का विस्तृत विवरण दिया था और सबूत के लिए तत्कालीन मुख्य सचिव के आवास के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखे जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने अधिकारी के आवास पर मौजूद कर्मचारियों की शिनाख्त परेड (टीआईपी) कराने का भी अनुरोध किया था। शिकायतकर्ता ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोप का विवरण देते हुए अपना बयान भी दर्ज कराया है।

महिला ने दावा किया कि वह नौकरी की तलाश में थी और एक होटल मालिक के माध्यम से उसे ऋषि से मिलवाया गया जो कथित तौर पर उसे नारायण के घर ले गया। महिला ने दावा किया कि नारायण के आवास पर उसे शराब दी गई लेकिन उसने पीने से मना कर दिया। उसने दावा किया कि उन्होंने उसे सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में दो पुरुषों द्वारा उसका कथित तौर पर यौन शोषण किया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि दो हफ्ते बाद उसे फिर से तत्कालीन मुख्य सचिव के आवास पर बुलाया गया और हमला दोहराया गया।

### न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ देश...

असहमति को लोकतंत्र के सेफ्टी वाल्व के रूप में देखने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कई संविधान पीठ और ऐतिहासिक फैसले देने वाली उच्चतम न्यायालय की पीठों का हिस्सा रहे हैं। इनमें अयोध्या भूमि विवाद, आईपीसी की धारा 377 के तहत समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, आधार योजना की वैधता से जुड़े मामले, सबरीमला मुद्दा, सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन देने, भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने, व्यभिचार को अपराध की श्रेणी में रखने वाली आईपीसी की धारा 497 को असंवैधानिक घोषित करने जैसे फैसले शामिल हैं।

### राज्यपाल और केरल सरकार...

केरल विधानसभा द्वारा पारित लोकायुक्त विधेयक और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राज्य के विश्वविद्यालयों में नियुक्ति आदि मुद्दों को लेकर खान और सत्तारूढ़ वाम मोर्चा आमने-सामने हैं। कई वामपंथी मंत्रियों का कहना है कि राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सिफारिश के अनुसार कदम उठाने के लिए बाध्य हैं और किसी विधेयक पर हस्ताक्षर किए बिना या उसे वापस भेजे बिना अनिश्चितकाल तक उसे लटका कर नहीं रख सकते। कुछ वाम नेताओं और मंत्रियों ने आरोप लगाया है कि खान भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इशारे पर राज्य में संवैधानिक संकट पैदा कर रहे हैं और केरल में आरएसएस की नीतियों को लागू करने का प्रयास कर रहे हैं।

# राहुल को भारत जोड़ो यात्रा रोककर, हिमाचल व गुजरात पर ध्यान देना चाहिए : सरदिन्हा

**भाषा।** पणजी



**कांग्रेस सांसद** एवं गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री फ्रांसिस्को सरदिन्हा ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा रोक देना चाहिए और हिमाचल प्रदेश तथा गुजरात में होने वाले चुनावों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हरा सकती है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 150 दिनों में 3,570 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और जम्मू-कश्मीर में समाप्त होगी।


राहुल गांधी की अगुवाई में यह यात्रा अब तक चार राज्यों - तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से आगे बढ़ चुकी है। सरदिन्हा ने पणजी में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अध्यक्ष पद के लिए मतदान के दौरान संवाददाताओं से कहा, भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि पार्टी जमीनी स्तर पर आगे बढ़े। उन्होंने (राहुल गांधी ने) शानदार काम किया है, लेकिन अब मैं चाहता हूं कि राहुल जी तुरंत रुक जाएं और हिमाचल प्रदेश तथा गुजरात जाएं जहां चुनाव होने हैं। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 12 नवंबर को होंगे और इसके नतीजे आठ दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।निर्वाचन आयोग ने अभी तक गुजरात के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है।सरदिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी को इन दोनों राज्यों के लोगों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है ताकि वे कांग्रेस को वोट दें।दक्षिण गोवा के लोकसभा सदस्य ने कहा कि एकमात्र पार्टी जो भाजपा को चुनौती दे सकती है और उसे हरा सकती है, वह है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जारी चुनाव पर सरदिन्हा ने कहा कि शशि थरूर को चुनाव की दौड़ से हट जाना चाहिए था, ताकि कांग्रेस के दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खरगे के निर्विरोध चुने जाने का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा, गोवा के 99 प्रतिशत कांग्रेसी मल्लिकार्जुन खरगे को वोट देंगे।

## वसुंधरा राजे के साथ भाजपा का अन्याय सबके सामने है: गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा पर कटाक्ष करते हुए सोमवार को कहा कि पार्टी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से किया जा रहा अन्याय सबके सामने है।

गहलोत ने कहा, राजे के साथ जो अन्याय कर रही है भाजपा, वो भी तो सबके सामने है। राजे के राजस्थान के बेरोजगारों द्वारा पलायन किए जाने संबंधी बयान के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने कहा, देखिए वसुंधरा राजे जी की जो स्थिति बनाई है भाजपा ने, इसलिए वो उनका फर्ज बनता है कि वो कुछ बातें, ऐसी बोलें जिससे कि दोबारा वो सामने आ सकें, और ए स्वाभाविक भी है। गहलोत ने कहा, मैं उनका बुरा नहीं मानता हूं क्योंकि उनके साथ जो अन्याय कर रही है भाजपा, वो भी तो सबके सामने है। एक पूर्व मुख्यमंत्री के साथ में आप व्यवहार भी ठीक नहीं करो, बातचीत भी नहीं करो, मिलने का मौका नहीं दो, ए तो हमारी पार्टी में कभी नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, हम भी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं, पूरा सम्मान मिला हमें पार्टी के अंदर, हमें पूर्व मुख्यमंत्री होते हुए भी गुजरात का प्रभारी बनाया गया, कांग्रेस का महामंत्री बनाया गया, संगठन महामंत्री बनाया गया, तो क्या पद से हटने के बाद आप इस प्रकार से आप व्यवहार करोगे तो फिर वो क्या करेंगी। वो भी कुछ करेंगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में भाजपा की राज्य इकाई भी गुटबाजी का सामना कर रही है। दो बार मुख्यमंत्री रहीं राजे ने हाल के दिनों में राज्य में कई इलाकों में दौरों के माध्यम से अपनी राजनीतिक ताकत दिखाई। राजे हाल ही में, वह बीकानेर दौरे पर थीं और उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया जिसमें भाजपा के बागी और पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी द्वारा लोग जुटाए गए। भाटी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अर्जुन राम मेघवाल को दूसरी बार टिकट दिए जाने के आलाकमान के फैसले के खिलाफ भाजपा छोड़ दी थी। राजे की बैठक से पहले भाटी ने घोषणा की थी कि वह पार्टी में वापसी करेंगे, हालांकि उनकी वापसी नहीं हो पाई।



मोदी एट द रेट 20 पुस्तक का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम गुजरात भूपेन्द्र पटेल

## केरल उच्च न्यायालय ने पीएफआई की हड़ताल के दौरान हिंसा में हुए नुकसान का ब्योरा मांगा

**भाषा।** कोच्चि

**केरल उच्च** न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा की गई हड़ताल और उस दौरान हिंसा में हुए नुकसान की राज्य सरकार से सोमवार को जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति ए.के. जयशंकर नाम्बियार और न्यायमूर्ति मोहम्मद नियास सी. पी. ने 23 सितंबर की हड़ताल के दौरान हुई हिंसा को लेकर दर्ज प्रत्एक मामले में नुकसान की जानकारी देने का निर्देश दिया। साथ ही, अदालत ने पीएफआई और इसके पूर्व महासचिव अब्दुल सतार की संपत्ति कुर्क किए जाने का विवरण देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

सरकार को हिंसा के सिलसिले में प्रत्एक अदालत में दायर जमानत अर्जियों का विवरण भी देने को कहा गया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई सात नवंबर को निर्धारित की है। पुलिस ने बताया कि उसने हड़ताल के दिन हुई हिंसा को लेकर अब तक कुल 361 मामले दर्ज किए हैं और 2,674 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में, अदालत ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई और उसके पूर्व महासचिव (केरल) सतार को क्षतिपूर्ति के तौर पर गृह विभाग के पास 5.2 करोड़ रुपए जमा करने का निर्देश दिया था। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम और सरकार ने हड़ताल के दौरान हुई हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने का अनुरोध किया था। निगम ने अपनी याचिका में दलील दी है कि हड़ताल के दौरान हुई हिंसा में उसकी 58 बसों की सीटों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, 10 कर्मचारियों और एक यात्री को घायल कर दिया गया था। पीएफआई के कार्यालयों पर देशभर में छापा पड़ने और इसके नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में संगठन के तत्कालीन महासचिव सतार ने हड़ताल का आह्वान किया था।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने पश्चिम बंगाल इकाई के कोर समूह का गठन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के कोर समूह का गठन किया। इस 20-सदस्ईय कोर समूह में प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी शामिल हैं। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस कोर समूह के विशेष आमंत्रित सदस्यों में पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडे, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, सह-प्रभारी अमित मालवीय और आशा लकड़ा शामिल हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्षों दिलीप घोष और राहुल सिन्हा को भी इस कोर समूह में जगह दी गई है। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार, निशिथ प्रामाणिक, शांतनु ठाकुर और जॉन बारला को इसका सदस्य बनाया गया है। अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों स्वपन दासगुप्ता और अनिर्बान गांगुली, सांसद लॉकेट चटर्जी और ज्योर्तिमय सिंह महतो को भी इस प्रमुख समूह का सदस्य बनाया गया है।

### टीआरएस के पूर्व सांसद बूरा नरसैय्या गौड़ 19 अक्टूबर को भाजपा में होंगे शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के पूर्व सांसद बूरा नरसैय्या गौड़ ने सोमवार कहा कि वह 19 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो जाएंगे। राज्य में तीन नवंबर को होने जा रहे मुनुगोडे विधानसभा उपचुनाव से पहले भाजपा के लिए यह सकारात्मक गतिविधि है। गौड़ ने दो दिन पहले टीआरएस को अलविदा कह दिया था। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में 19 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद बी संजय कुमार ने उनसे मुलाकात की थी और उन्हें पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।गौड़ ने आरोप लगाया कि टीआरएस का नेतृत्व लोगों की समस्याओं पर बात करने लिए उपलब्ध नही होता। उन्होंने कहा कि उन्हे लगा कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो उनका राजनीतिक जीवन व्यर्थ हो जाएगा।उन्होंने कहा कि वह लोगों के लिए काम करने के वास्ते राजनीति में आए थे और 2014-19 के दौरान लोकसभा के सदस्य रहते हुए उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में राजमार्ग बनवाए और केंद्रीय विद्यालय खुलवाया।संजय कुमार ने दावा किया कि गौड़ के भाजपा में शामिल होने से मुनुगोडे उपचुनाव में पार्टी की जीत तय है। मुनुगोडे विधानसभा उपचुनाव तीन नवंबर को होगा और छह नवंबर को मतगणना होगी।

### एल्गार परिषद मामला: बंबई उच्च न्यायालय ने कार्यकर्ता ज्योति जगताप को जमानत देने से इनकार किया

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार कार्यकर्ता ज्योति जगताप को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि उसके खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का मामला प्रथम दृष्टया सच है। एनआईए ने आरोप लगाया था कि जगताप प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा-माओवादी) की गतिविधियों का शहर में प्रचार कर रही थी। उसने 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन में दलितों को सरकार के विरोध में संगठित करने का प्रयास किया। न्यायमूर्ति ए.एस. गडकरी और एम. एन. जाधव की खंडपीठ ने 34 वर्षीय जगताप द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया। अपील में एक विशेष अदालत के फरवरी 2022 में जारी एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया था। अदालत ने कहा, हमारी राय है कि एनआईए का मामला प्रथम दृष्टया सही है। तदनुसार, अपील खारिज की जाती है।

### सौरव गांगुली को बीसीसीआई के दूसरे कार्यकाल से वंचित किए जाने से आश्चर्यचकित हूं : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के दूसरे कार्यकाल से वंचित किए जाने पर वह आश्चर्यचकित हैं। उत्तर बंगाल के दौरे पर जाने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए ममता ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करेंगी ताकि गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के प्रमुख पद का चुनाव लड़ने की अनुमति मिले। उन्होंने कहा, सौरव ने खुद को एक काबिल प्रशासक के तौर पर साबित किया है, और बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से उन्हे हटाए जाने से मै हैरान हूं। यह उनके साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री ने कहा, मै प्रधानमंत्री से आग्रह करूंगी कि वह यह सुनिश्चित करे कि गांगुली को आईसीसी प्रमुख पद का चुनाव लड़ने की अनुमति मिले।

## पीएमएलए मामले में ईडी ने राउत जमानत अर्जी पर दलील पूरी की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई में पात्रा चॉल पुनर्विकास से संबंधित धनशोधन मामले में शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत की जमानत याचिका पर अपनी दलीलें सोमवार को पूरी की। राउत को सोमवार को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे के समक्ष पेश किया गया। उनकी जेल की हिरासत मंगलवार तक बढ़ा दी गई, जब उनकी जमानत अर्जी पर आगे की सुनवाई होगी। राउत को उत्तरी मुंबई के गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। राउत ने पिछले महीने विशेष धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत से जमानत मांगी थी।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने राउत की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि संजय राउत और उनके सहयोगी एवं मामले के सह-आरोपी प्रवीण राउत को अपराध से अर्जित और भी धन प्राप्त हुआ होगा। सिंह ने ईडी के इस दावे को भी दोहराया कि संजय राउत, प्रवीण राउत के जरिए पर्दे के पीछे से काम कर रहे थे। ईडी ने अदालत को बताया कि शिवसेना सांसद ने न केवल जांच एजेंसी को गुमराह किया, बल्कि दोष दूसरों पर भी डाला है।एएसजी ने एक गवाह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि संजय राउत ने पूरी परियोजना में सक्रिय रुचि ली। ईडी की जांच गोरेगांव के पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है, जिसे सिद्धार्थ नगर के नाम से भी जाना जाता है और 47 एकड़ में फैला हुआ है और उसमें 672 किराएदार परिवार रहते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में गैर-स्थानीय लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने का विरोध करेंगे विपक्षी दल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में गैर-स्थानीय लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा गठित एक समिति ने सोमवार को इस मुद्दे पर जन समर्थन जुटाने के लिए विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला किया। आठ अक्टूबर को गठित इस समिति ने अपनी पहली बैठक आयोजित की है। समिति में गुपकार घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) के सभी पांच घटक और कांग्रेस तथा डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी (डीएसपीपी) जैसे कई अन्य राजनीतिक दल शामिल हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और सांसद हसनैन मसूदी ने यहां पीएजीडी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के आवास पर बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, चर्चा के बाद, हमने जनता के पास जाने और उन्हें जम्मू-कश्मीर में मतदाताओं के रूप में गैर-स्थानीय लोगों को शामिल करने से उत्पन्न खतरों के बारे में सूचित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, सड़कों पर हमारा विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्ण और हमारे संवैधानिक अधिकारों के तहत होगा। इस मौके पर मसूदी के साथ डीएसएसपी के पूर्व मंत्री लाल सिंह, अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मुजफ्फर अहमद शाह और पूर्व सांसद शेख अब्दुल रहमान सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। मसूदी ने कहा कि जनता के बीच जाने संबंधी कार्यक्रम को शुरू करने का अंतिम निर्णय वरिष्ठ नेताओं से परामर्श के बाद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पर जल्द काम शुरू होगा।

## मतांतरित समुदाय के सदस्यों को अनुसूचित जाति का दर्जा सामाजिक न्याय, संविधान की भावना के खिलाफ : विहिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व हिंदू परिषद** (विहिप) ने सोमवार को कहा कि मतांतरित समुदाय (धर्म परिवर्तन कर चुके लोग) के सदस्यों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाना सामाजिक न्याय और संविधान की मूल भावना के खिलाफ है और ऐसे कदम से अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों का द्वार खुल जाएगा। परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने संवाददाताओं से कहा कि मतांतरित समुदाय के लोगों को अनुसूचित जाति वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग न केवल संविधान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है, बल्कि अनुसूचित जाति के अधिकारों पर खुला डाका है। विहिप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए आयोग नियुक्त किया है। जैन ने चेताया कि अगर इस अवैध मांग को स्वीकार कर लिया जाता है तो इससे अवैध धर्मांतरण की गतिविधियां तीव्र हो जाएंगी, जनसंख्या असंतुलन के खतरे बढ़ जाएंगे और जिस अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है वे इससे वंचित हो जाएंगे। विहिप इस राष्ट्र विरोधी मांग के विरोध में एक राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान चलाएगा। जैन ने कहा कि विहिप इस मुद्दे पर गठित समिति के समक्ष अपना विचार व्यक्त करेगी। विहिप के संयुक्त महामंत्री ने कहा कि जो लोग मतांतरित लोगों के लिए बार-बार आरक्षण की मांग करते हैं, उनका उद्देश्य न्याय दिलाना नहीं अपितु मतांतरण की प्रक्रिया को तेज करना है तथा यह संविधान की मूल भावना के विपरीत षड्यंत्र है। अनुसूचित जाति के अधिकारों पर डाका डालने का ऐसे लोगों का प्रयास सफल नहीं हो पाएगा तथा अनुसूचित समाज किसी भी स्थिति में उनके षडयंत्रों को सफल नहीं होने देगा।

## 'लोजपा (रामविलास) गुजरात, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी'

**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने सोमवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खरगे के समर्थन में ट्वीट कर अजीबोगरीब स्थिति पैदा कर दी, क्योंकि वह पिछले साल कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को जारी मतदान में मल्लिकार्जुन खरगे का मुकाबला शशि थरूर से है। अभिजीत के पिता दिवंगत प्रणब मुखर्जी और दादा भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे थे। दो बार कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने गए अभिजीत मुखर्जी ने सोमवार सुबह ट्वीट किया, कांग्रेस पार्टी के सभी मतदाताओं से अपील है कि वे बेहद वरिष्ठ नेता खरगे जी को चुनें, जिन्होंने लोकसभा में पार्टी का नेतृत्व किया था। अभिजीत के इस ट्वीट के बाद ट्विटर पर लोगों ने उन्हें छोड़ दी गई पार्टी के मामलों में हस्तक्षेप न करने की सलाह दी, जबकि अन्य ने उनकी भविष्य की राजनीतिक योजनाओं का अनुमान लगाया।

## सिसोदिया और जैन की तुलना भगत सिंह से करना दुर्भाग्यपूर्ण : कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख

**भाषा।** चंडीगढ़

**कांग्रेस की** पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया और सत्एंद्र जैन की तुलना स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह से करने को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की सोमवार को आलोचना की तथा इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वड़िंग ने यहां एक ट्वीट में कहा, कोई भी व्यक्ति शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी के बलिदान और प्रतिबद्धता की बराबरी नहीं कर सकता। उन्होंने महज 23 साल की आयु में मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। भ्रष्टाचार के आरोपी सत्एंद्र जैन और मनीष सिसोदिया की भगत सिंह जी से तुलना दुर्भाग्यपूर्ण है। बाद में संवाददाताओं से वड़िंग ने कहा, भगत सिंह से किसी की तुलना करना सही नहीं है। चाहे वह राजा वड़िंग या कोई अन्य हो।

वड़िंग ने कहा कि (मनीष) सिसोदिया,(अरविंद) केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अच्छे व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन भगत सिंह से किसी की तुलना करना सही नहीं है। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा ने आप नेताओं और भगत सिंह की तुलना करने को लेकर केजरीवाल से माफी मांगने की मांग की। खैरा ने एक ट्वीट में कहा, शहीद भगत सिंह जी एवं अन्य शहीदों की तुलना भारत को लूट रहे सत्एंद्र जैन और मनीष सिसोदिया से करने को लेकर हम अरविंद केजरीवाल से बिना शर्त माफी मांगने की मांग करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रविवार को केंद्र के साथ अपनी सरकार की लड़ाई को आजादी की दूसरी लड़ाई बताया था तथा सिसोदिया और जैन की तुलना शहीद भगत सिंह से की थी। केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को आबकारी नीति (अब रद्द की जा चुकी) से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में पूछताछ के लिए सोमवार को बुलाया था।



अपने पिता मुलायम सिंह यादव की अस्थियों को हरिद्वार में गंगा में विसर्जित सपा प्रमुख अखिलेश यादव

## फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने संबंधी भाजपा के दावे की आलोचना की

**भाषा।** जम्मू

**नेशनल कांफ्रेंस** (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद स्थिति सामान्य हो जाने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को लेकर सोमवार को उसकी आलोचना की और कहा कि न्याय प्रदान किए जाने तक हत्याएं नहीं रूकेंगी। श्रीनगर से सांसद अब्दुल्ला ने कहा कि यदि जमीनी स्तर पर स्थिति बेहतर हो गई होती तो एक और कश्मीरी पंडित की हत्या नहीं होती।

उन्होंने संवाददाताओं से संक्षिप्त बातचीत में कहा, जब तक न्याय नहीं होगा, हत्याएं नहीं रूकेंगी। शोपियां में आतंकवादियों द्वारा एक कश्मीरी पंडित की हाल में हत्या कर दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने यह कहा। आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में स्थित चौधरी गुंड इलाके में पूरन कृष्ण भट नाम के व्यक्ति की शनिवार को गोली मार कर हत्या कर दी। उनके पैतृक घर के बाहर उन पर यह हमला किया गया था। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, वे यह शोरगुल कर रहे हैं कि यह (आतंकवाद) अनुच्छेद 370 का नतीजा है। आज, अनुच्छेद 370 नहीं है लेकिन फिर इस तरह की हत्याएं क्यों हो रही हैं और कौन जिम्मेदार है? उल्लेखनीय है कि केंद्र में भाजपा नीत सरकार ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा मुहैया करने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द कर दिया था और पूर्ववर्ती राज्य को पांच अगस्त 2019 को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी सहित चार अन्य दलों के साथ अब्दुल्ला की पार्टी (नेकां) गुपकर गठबंधन के बैनर तले विशेष दर्जा बहाल करने की मांग कर रही है। अब्दुल्ला ने कहा, यदि स्थिति बेहतर हो गई होती (जैसा कि भाजपा ने दावा किया है), इस बेकसूर (कश्मीरी) पंडित की हत्या नहीं होती। मुझे कोई बेहतर स्थिति नजर नहीं आती।

## ईडी ने टीआरएस सांसद, मधुकॉन समूह की 80 करोड़ रुपए मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने कथित धन शोधन के एक मामले में टीआरएस के लोकसभा सदस्य एन. नागेश्वर राव एवं उनके परिवार के सदस्यों की 80.65 करोड़ रुपए मूल्य की 28 अचल संपत्ति और अन्य संपत्ति अस्थाई रूप से कुर्क की है। यह मामला धन शोधन रोकथाम अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड, मधुकॉन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और इसके निदेशक एवं प्रवर्तकों से संबद्ध है। नागेश्वर राव मधुकॉन समूह की कंपनी के प्रवर्तक एवं निदेशक हैं और उन्होंने उस बैंक ऋण की व्यक्तिगत गारंटी ली थी, जिसे रांची एक्सप्रेसवे लि. द्वारा नहीं चुकाया गया। ईडी ने हैदराबाद, खम्मम और प्रकाशम जिलों में 67.08 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति के अलावा मधुकॉन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, मधुकॉन ग्रेनाइट्स लिमिटेड और मधुकॉन समूह की अन्य कंपनी में नागेश्वर राव और उनके परिवार के सदस्यों की अंशधारिता सहित 13.57 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है।

## नीतीश के शासन में अपराध, भ्रष्टाचार अपने चरम पर: लोजपा (रामविलास)

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोक जनशक्ति** पार्टी (रामविलास) ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना की और राज्य में अपराध तथा भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचने का आरोप लगाते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की यहां हुई बैठक में बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने का आम सहमति से एक प्रस्ताव पारित किया गया।

चिराग ने पार्टी की बैठक में पारित किए गए प्रस्ताव को पढ़ते हुए कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और गलत नीतियों से बिहार और बिहारियों को बहुत नुकसान हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, अपराध और भ्रष्टाचार राज्य में चरम पर हैं। उन्होंने कहा, लोजपा(रामविलास) ने यह प्रस्ताव पारित किया और मांग की है कि केंद्र बिहार सरकार को बर्खास्त करे तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करे। सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने बिहार में मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर तीन नवंबर को होने जा रहे उपचुनावों में उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है।गोपालगंज से भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुभाष सिंह का निधन हो जाने और विधानसभा में मोकामा का प्रतिनिधित्व कर रहे राष्ट्रीय जनता दल के अनंत सिंह को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद इन उपचुनावों की जरूरत पड़ी।हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि इस फैसले को राज्य में(राजद)-नीत महागठबंधन को समर्थन देने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। लोजपा(रामविलास) अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा, इस पर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

# रूसी हमलों के एक सप्ताह बाद धमाकों से फिर दहला कीव

एपी। कीव

**यूक्रेन** के कई शहरों में पिछले सप्ताह रूस द्वारा किए गए हमलों के बाद सोमवार को मध्य कीव एक बार फिर कई धमाकों से दहल गया। इस दौरान कईं इमारतों में आग लग गई और लोगों को आश्रय गृहों की ओर रूख करना पड़ा। हमले में रूसी बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन में ईरानी शाहेद शामिल थे। कीव पर पिछले दिनों किए गए हवाई हमलों में ज्यादातर मिसाइल शामिल थी। हमले में कितने ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, इसकी संख्या फिलहाल स्पष्ट नहीं थी। कीव शहर के मेयर विटाली क्लिचको ने कहा कि राजधानी का मध्य शेवचेंको जिला इस हमले से प्रभावित हुआ है। हमले में अपार्टमेंट के कईं ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गए और एक गैर-आवासीय भवन में आग लग गई। उन्होंने कहा कि एक इमारत के मलबे से 18 लोगों को बचाया गया और बचावकर्मी इसके




नीचे फंसे दो अन्य लोगों को बाहर निकालने के प्रयास में जुटे हुए हैं। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक फोटोग्राफर ने अपने कैमरे में एक ड्रोन की तस्वीर कैद की। हालांकि, हमले में हताहत हुए लोगों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं थी। रूस हाल के सप्ताह में बिजली केंद्रों सहित बुनियादी ढांचे को लक्षित करने के लिए तथाकथित आत्मघाती ड्रोन का बार-बार उपयोग कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, पूरी रात और पूरी सुबह, दुश्मन ने हमारे देश के लोगों को आतंकित किया है। उन्होंने कहा, कामिकेज ड्रोन और मिसाइलें पूरे यूक्रेन पर हमला कर रही हैं। उन्होंने लिखा, दुश्मन हमारे शहर पर हमला कर सकता है, लेकिन हमें कमजोर नहीं कर सकता। सोशल मीडिया पर अपलोड की गई तस्वीरों और पोस्ट में स्पष्ट रूप से मध्य कीव के क्षेत्र में हवा में उड़ते ड्रोन और आग लगने के कारण काले धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। एक वीडियो में लगातार गोलियों की आवाज भी सुनी जा सकती थी, जो ड्रोन को मार गिराने की कोशिश कर रही थी। विस्फोट उसी मध्य जिले में किए गए जहां एक सप्ताह पहले एक रूसी मिसाइल ने बच्चों के खेल के मैदान और कीव नेशनल यूनिवर्सिटी की मुख्य इमारतों के पास चौराहे को निशाना बनाया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी बलों ने कीव पर ईरानी शाहेद ड्रोन से हमला किया। दरअसल, बीते दिनों क्रीमिया से यूक्रेन को जोड़ने वाले पुल पर बमबारी की गई थी। इसका मकसद रूस से यूक्रेन में सैन्य सामग्री एवं रसद आपूर्ति रोकना था। हालांकि, पुल को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा और कुछ घंटों बाद ही इसे फिर खोल दिया गया। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रविवार रात अपने संबोधन में कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के बखमुट और सोलेदार शहरों के आसपास भारी लड़ाई चल रही थी।

### रूस की धमकी के बीच नाटो ने परमाणु अभ्यास शुरू किया

**ब्रसेल्स।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने सोमवार को उत्तर पश्चिमी यूरोप में अपना वार्षिक परमाणु अभ्यास शुरू किया। इसकी योजना लंबे समय से बनाई जा रही थी। नाटो का यह अभ्याय ऐसे समय हो रहा है जब यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने धमकी दी है कि उनका देश अपने भू-भाग की रक्षा के लिए किसी भी साधन का उपयोग कर सकता है। नाटो के 30 सदस्य देशों में से 14 इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं। सैन्य गठबंधन नाटो ने कहा कि इस अभ्यास में युद्धक जेट और निगरानी और ईंधन भरने वाले विमानों सहित लगभग 60 विमान शामिल किए जाएंगे। मुख्य अभ्यास रूस की सीमाओ से कम से कम।,000 किलोमीटर (625 मील) दूर होगा। लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम अमेरिकी युद्धक विमान बी-52 को भी इस युद्धाभ्यास में शामिल किया जाएगा। इस अभ्यास को स्टीडफास्ट नून नाम दिया गया है, जो 30 अक्टूबर तक चलेगा। नाटो ने इस अभ्यास से मीडिया को दूर रखा है। संगठन ने कहा कि प्रशिक्षण उड़ाने बेल्जियम, उत्तरी सागर और ब्रिटेन के ऊपर होंगी। इस साल के अभ्यास की मेजबानी बेल्जियम कर रहा है। अभ्यास में, परमाणु हथियार ले जाने मे सक्षम लड़ाकू विमानों को भी शामिल किया गया है, लेकिन उनमें बम नही होंगे।इस अभ्यास की योजना फरवरी मे रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के पहले बनाई गई थी।

### यूरोपीय संघ यूक्रेनी सैनिकों के प्रशिक्षण अभियान, शस्त्र कोष को हरी झंडी देने को तैयार

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) यूक्रेन के सैनिकों के लिए यूरोप में प्रशिक्षण अभियान और युद्धग्रस्त देश को हथियार खरीद में सहायता के लिए आधा अरब यूरो के अतिरिक्त कोष को हरी झंडी दे सकता है। ईयू विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने लक्जमबर्ग में संवाददाताओं से कहा, नैतिक रूप से, राजनीतिक रूप से, यहां तक कि सैन्य रूप से भी रूस इस युद्ध को हार रहा है। इसलिए, हमें यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखना होगा। बोरेल लक्जमबर्ग में ईयू के 27 सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बोरेल ने कहा कि ईयू यूक्रेन की सीमा से बाहर एक मजबूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मुख्य रूप से पोलैंड और जर्मनी में लगभग 15,000 यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षित करना है। बोरेल ने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य नवंबर में अयोजित किया जा सकता है।

पाकिस्तान उपचुनाव

# इमरान खान की पार्टी ने जीती सबसे अधिक सीटें

भाषा। इस्लामाबाद

**पूर्व** प्रधानमंत्री इमरान खान नीत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश में संसद और प्रांतीय विधानसभा की 11 सीटों पर हुए उपचुनाव में सबसे अधिक सीटों पर जीत दर्ज की है।

उपचुनाव के लिए रविवार को मतदान हुआ और मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बीच था।

अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव अपनी लोकप्रियता को परखने का एक मौका था।

● पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले इन उप चुनावों को माना जा रहा है लिटमस टेस्ट

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के अनुसार, संसद (नेशनल असेम्बली) की आठ और पंजाब प्रांत की विधानसभा की तीन सीट पर चुनाव हुआ। चुनाव में कुल 101 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से पंजाब में 52, सिंध में 33 और खैबर पख्तूनख्वा में 16 प्रत्याशी थे।

खान ने स्वयं संसद की सात सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें से छह पर उन्हें जीत मिली। कराची सीट पर पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के उम्मीदवार ने उन्हें मात दी। उनकी पार्टी को मुलतान में भी हार का सामना करना पड़ा, जहां पीटीआई ने मेहर बानो कुरैशी का समर्थन किया था। मेहर पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की बेटी हैं।

संसद की छह सीट के अलावा पीटीआई ने पंजाब विधानसभा की दो सीटों पर भी जीत दर्ज की। इससे पंजाब के उनके मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही की स्थिति और मजबूत हो गई है।

पीटीआई के महासचिव असद उमर ने कहा कि चुनाव के परिणाम नीति निर्माताओं के लिए अपनी गलती का एहसास करने और पाकिस्तान में नए सिरे से चुनाव करवाने का एक मौका है।

सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुलस्लीम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने केवल एक सीट पर ही जीत दर्ज की।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नीत पीएमएल-एन को बढ़ती महंगाई पर काबू ना कर पाने का खामियाज़ा भुगतना पड़ा। हालांकि पीटीआई को 11 में से उन तीन सीट पर हार का सामना करना पड़ा, जो सरकार गिरने के बाद उनके सांसदों के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थीं।


ह्यूस्टन में दिवाली और दशहरा मनाते हुए भारतीय लोग

PUBLIC NOTICE
I, Dharmender Kumar Batra, S/o Late C. M. Batra, Partner of NORTHERN ENGINEERING, 17/90, Ground Floor, Subhash Nagar, New Delhi–110027 declare that I am leaving the partnership from above mentioned firm with effect from 01.11.2022 at my own will and gifting my share to existing partners in equal amount.
Dharmender Kumar Batra (Partner)
Northern Engineering,
17/90, Ground Floor, Subhash Nagar,
New Delhi-110027

PUBLIC NOTICE
To be known to all that we, **(1) Mrs. Anjula Puri, W/o Late Mr. Deepak Puri (2) Mr. Nikhil Puri, S/o Late Mr. Deepak Puri, both residents of A-35, second floor, Anand Vihar, Delhi-110092,** are the sole heirs of late Mr. Deepak Puri and the owners of **Property F-229, Sarita Vihar, New Delhi vide Letter Allotment no.127 (338)86/SFS/SV/II.** We have lost/misplaced the original property papers of the said property, namely, the Allotment Letter, Possession Slip, Electricity and Water NOC, and Conveyance Deed. An FIR to this effect has been lodged in the **Police Station, vide LR No.879714/2021 dated 29/10/2021.** Any person claiming any right/interest or having any objection may contact the above named person at phone no. 9810276917 within 15 days from the date of publication of this notice.

PUBLIC NOTICE
General public is hereby informed that my client Mehtab Khan, R/o J4/128, First Floor, Khirki Extension, Malviya Nagar, South Delhi – 110017 along with his wife Mrs. Anjum Khan have disowned and cut-off all family ties from their son Mr. Saqib Khan aged 26 years from all the movable and immovable properties. My clients have been living separately from him and are not responsible for his actions in any manner whatsoever.
**SHOAIB KHAN (Advocate),** Ch. No. 308, C.K. Daphtary Block, Supreme Court of India

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large that **Mr. Binod Mahto** & Mrs. Manju Devi who are purchasing the Portion of Property No.194, area measuring 33 Sq. Yds., part of Khasra No.170, situated at Village Bindapur, colony known as Nand Ram Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059; from Mrs. Nirmala Rani who is owner/POA holder of the aforesaid property vide Notarized General Power of Attorney, Agreement to sell & WILL dated 27.09.1996 and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-49
Contact# 011-40046316

सार्वजनिक सूचना
**श्री आकाश यादव** पुत्र श्री लोकेश यादव पुत्र की ओर से एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि श्री लोकेश यादव जो 100 वर्ग (83.61 वर्ग मीटर), खसरा संख्या 167/883min. उकेरी गई भूखंड के मालिक हैं। जो कला एन्क्लेव, ग्राम खोड़ा, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद (यूपी) में बना हुआ है। और इसे श्री दिनेश पुत्र श्री धनपाल से इसे खरीदने के बाद बिक्री विलेख दिनांक 05.12.2017 के द्वारा, जो उप पंजीयक-गाजियाबाद-II के कार्यालय में दस्तावेज संख्या 11130 के रूप में पंजीकृत है और **प्रोटियम फाइनेंस लिमिटेड** लिए उक्त भूमि को अन्य भूमि के साथ गिरवी रखने का इरादा रखता है। जो, मूल बिक्री विलेख दिनांक 05.12.2017, जो उप पंजीयक-गाजियाबाद-II के कार्यालय में दस्तावेज संख्या 11130 के रूप में पंजीकृत है, जो उपलब्ध नहीं है/खो गया है, उपरोक्त विलेख के गुमशुदगी के संबंध में श्री आकाश यादव ने पुलिस थाना खोड़ा में जी.डी. सं. 038 दिनांक 10.10.2022 के तहत शिकायत दर्ज की हुई है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है।
लुसेम लीगल एलएलपी
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क #011- 40046316

Public Notice
NOTICE is hereby given that Mrs. Mohini and Mr. Ankit are purchasing Built on Upper Ground Floor and First Floor, Without Roof rights, "Said Floors" Property bearing No. 75 Sq. Yds., i.e., 62.70 Sq. Mtrs., Property bearing No. 1/10848-A, old no. 1619/J/2-K, Plot No. 86, out of Khasra no. 466/45 and 57, Situated at Village – Uldhanpur, in the abadi of Gali No. 4, Subhash Park, Naveen Shahdara, Illaqa Shahdara, Delhi from Mrs. ishika who is the owner of the said property by way of Sale Deed dated 17.04.2021 Doc. No. 3028. Now, Mrs. Mohini and Mr. Ankit have agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC first Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री ने सभी कर कटौतियों को वापस लिया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के नए वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने सोमवार को विवाद का विषय बनी हुई सभी कर कटौतियों को वापस लेने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने एक बयान में महंगे ऊर्जा बिल समर्थन को भी कम करने का ऐलान किया।

हंट का यह बयान ब्रिटेन की राजकोषीय स्थिरता के बारे में बाजारों को आश्वस्त करने और अपने पूर्ववर्ती क्वासी क्वारटेंग द्वारा पिछले महीने पेश किए गए मिनी बजट से लगे झटके को शांत करने का एक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक आयकर में एक पेंस की कटौती के फैसले को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। पूर्व वित्त मंत्री क्वारटेंग ने अपने मिनी बजट में इसे अप्रैल 2023 से लागू करने का ऐलान किया था।इसके अलावा सरकार की ऊर्जा मूल्य गारंटी केवल अप्रैल तक ही सार्वभौमिक होगी, जबकि मूल रूप से योजना दो साल के लिए थी।हंट ने एक बयान में कहा, सरकार ने आज मिनी बजट में और बदलाव करने का फैसला किया है... हमने मध्यावधि की वित्तीय योजना से पहले इनकी घोषणा करने का फैसला किया है। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री की तथाकथित वृद्धि योजना में निर्धारित लगभग सभी कर उपायों को उलटने की घोषणा की, जिन्हें अभी तक संसद की मंजूरी नहीं मिली है। एक पेंस की कटौती के रद्द होने के बाद आयकर की मूल दर अनिश्चित काल के लिए 20 प्रतिशत पर बनी रहेगी। लाभांश कर में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि, जो इस साल अप्रैल में प्रभावी हुई थी, उसमें अब कटौती नहीं होगी।इसके अलावा ब्रिटेन में गैर-ब्रिटेन आगंतुकों के लिए एक नई वैट-मुक्त खरीदारी योजना को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा फरवरी 2023 से एक साल के लिए शराब शुल्क दरों को स्थिर करने के फैसले को भी आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

हंट ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए पर्याप्त समर्थन सुनिश्चित करने के लिए ए फैसले लिए गए हैं।

उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री लिज ट्रस और बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर एंड्रयू बेली के साथ बैठक के बाद कुछ उपायों को तेजी से लागू करने का फैसला किया। ब्रिटेन में 31 अक्टूबर को विस्तृत मध्यावधि वित्तीय योजना पेश की जानी है।ट्रस ने गत शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री और पार्टी में शीर्ष पद के दावेदार रहे हंट को नया वित्त मंत्री बनाया था। इसके साथ ही उन्होंने कर कटौती के प्रस्ताव को रद्द कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने अपने करीबी मंत्री क्वारटेंग को पद से बर्खास्त कर दिया था। पिछले महीने के अंत में कर कटौती के प्रस्ताव वाले मिनी बजट के कारण अर्थव्यवस्था में आए उठा-पटक को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### न्यायालय ने बैंक घोटालों में आरबीआई अधिकारियों की जांच के लिए नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विभिन्न बैंकिंग घोटालों में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों की कथित भूमिका की जांच करने को कहा था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और भारतीय रिजर्व बैंक को नोटिस जारी कर स्वामी की याचिका पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, हम विचार करेंगे। नोटिस जारी की जाए। स्वामी ने आरोप लगाया है कि किंगफिशर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और यस बैंक जैसी विभिन्न संस्थाओं से जुड़े घोटालों में आरबीआई अधिकारियों के शामिल होने की जांच नहीं की गई। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरबीआई के अधिकारियों ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, बैंकिंग विनियमन अधिनियम और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के प्रत्यक्ष उल्लंघन में सक्रिय रूप से मिलीभगत की।

# वर्ष 2030 तक कुल बिजली उत्पादन क्षमता में 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हरित ऊर्जा का होगा

भाषा। नई दिल्ली

**बिजली** और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को कहा कि देश में 2030 तक 65 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता हरित ईंधन आधारित होगी।

उन्होंने हरित ऊर्जा पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक सम्मेलन में कहा कि भारत ने बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन यानी हरित ईंधन की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है।

सिंह ने कहा कि देश में 2030 तक 90 गीगावॉट से अधिक सौर उपकरण विनिर्माण क्षमता होगी। वर्तमान में यह क्षमता 20 गीगावॉट है।उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 15-20 गीगावॉट सौर उपकरण विनिर्माण क्षमता निर्माणाधीन है। भारत में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना-दो के तहत 40 गीगावाट क्षमता वाले संयंत्र होंगे।

मंत्री ने उद्योग जगत से उच्च दक्षता वाले सौर उपकरणों के विनिर्माण का भी आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि देश में पहले ही 170 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता (बड़ी पनबिजली योजनाओं सहित) है, जबकि अन्य 80 गीगावॉट निर्माणाधीन है। देश की 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने की योजना है।

मंत्री ने कहा, हम न केवल 65 प्रतिशत (नवीकरणीय ऊर्जा से उत्पादित बिजली) तक पहुंचेंगे, बल्कि क्षमता इससे अधिक होगी...हमने 2030 तक हरित स्रोतों से कुल क्षमता का 50 प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन कुल उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत से अधिक होगी। सिंह ने कहा कि विकासशील देशों के लिए बिजली तक पहुंच अधिक महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा (एमएनआरई) सचिव इंदु शेखर चतुर्वेदी ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की 19,500 करोड़ रुपए की पीएलआई की दूसरी किस्त के लिए बोलियां लाने की योजना है।

उन्होंने कहा, अब अगर आप पीएलआई-दो (19,500 करोड़ रुपए) के दिशानिर्देश पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। इससे पहले, सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, कार्बन उत्सर्जन के मामले में तटस्थता प्राप्त करने और जलवायु से संबंधित प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन, वित्त पोषण और प्रौद्योगिकी की जरूरत है...।

बैंक शेयरों में तेजी

# सेंसेक्स 491 अंक उछला, निफ्टी 17,300 के पार

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 491 अंक चढ़कर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 491.01 अंक यानी 0.85 प्रतिशत बढ़कर 58,410.98 अंक पर पहुंच गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 57,639.80 अंक तक फिसल गया था। लेकिन कुछ समय बाद ही सेंसेक्स संभल गया और कारोबार के अंत तक अपनी मजबूती को बनाए रखा। एक समय सेंसेक्स ने 58,449 अंक का स्तर भी छू लिया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी कारोबार के अंत में 126.10 अंक



यानी 0.73 अंक की तेजी के साथ 17,311.80 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप घरेलू बाजार की शुरुआत कमजोर रही। हालांकि, शेयरों के दाम गिरने के बाद खरीदारी की रणनीति के चलते घरेलू बाजार में अच्छा सुधार आया। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और बैंकों के दूसरी तिमाही के अच्छे नतीजों से भी स्थानीय बाजार को समर्थन मिला है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से एसबीआई, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडसइंड बैंक अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएस टेक्नोलॉजीज, विप्रो, टाटा स्टील, नेस्ले, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल के शेयरों को नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई के मिडकैप सूचकांक में 0.26 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त लेने में सफल रहे जबकि जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के शेयर बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। हालांकि अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को खासी गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत गिरकर 91.57 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध बिकवाली बने हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को।,011.23 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### विस्तारित क्षेत्र जल्द परिचालन में आएगा: डायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए विस्तारित क्षेत्र टर्मिनल तीन पर जल्द ही परिचालन में आ जाएगा। डायल राष्ट्रीय राजधानी में आईजीआईए का संचालक है। इस संबंध में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, टर्मिनल तीन पर स्थानांतरण करने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती संख्या का प्रबंधन करने के लिए आईटूआई स्थानांतरण क्षेत्र का विस्तार किया गया है।

### एसबीआई, कोटक, फेडरल बैंक ने ऋण दरों में वृद्धि की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समेत निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक और फेडरल बैंक ने सीमांत लागत पर दिए जाने वाले ऋण (एमसीएलआर) के तहत अपनी उधारी दरों में वृद्धि की है। बैंकों के इस कदम से उपभोक्ताओं के लिए व्यक्तिगत कर्ज, आवास और वाहन ऋण मंहगे हो जाएंगे। एसबीआई ने एक वर्ष की अवधि वाली एमसीएलआर को 0.25 प्रतिशत तक बढ़ाकर 7.95 प्रतिशत कर दिया है। नई दरें 15 अक्टूबर, 2022 से लागू हैं। बैंक ने दो और तीन वर्ष वाली एमसीएलआर को भी बढ़ाकर क्रमशः 8.15 प्रतिशत और 8.25 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 7.90 प्रतिशत और आठ प्रतिशत थीं। कोटक महिंद्रा बैंक ने भी विभिन्न अवधि के लिए एमसीएलआर को बढ़ाकर 7.70 से 8.95 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, एक वर्ष की अवधि वाले ऋण पर बैंक ने ब्याज दर को बढ़ाकर 8.75 प्रतिशत कर दिया गया है।

# सरकार सौर मॉड्यूल विनिर्माण पीएलआई-2 के तहत एक सप्ताह में प्रस्ताव आमंत्रित करेगी

भाषा। नई दिल्ली

**नवीन** एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एक सप्ताह के भीतर उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत सौर क्षेत्र के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करेगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पीएलआई योजना के 19,500 करोड़ रुपए वाले दूसरे चरण के तहत ए प्रस्ताव मांगे जाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21 सितंबर 2022 को सौर ऊर्जा में गीगा वाट (जीडब्ल्यू) विनिर्माण क्षमता हासिल करने के लिए 19,500 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ सौर पीवी मॉड्यूल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम पीएलआई-2 को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव इंदु शेखर चतुर्वेदी ने यहां हरित ऊर्जा पर आयोजित सीआईआई के सम्मेलन में कहा, मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम) में हमारी मॉड्यूल क्षमता पिछले 7.5 वर्षों में दोगुनी से अधिक हो गई है। ए क्षमता अभी 20 गीगावॉट हैं, लेकिन सेल की क्षमता अभी 4.5 गीगावॉट है। हमें भरोसा है कि बोली (प्रस्तावों के लिए आमंत्रण) एक सप्ताह के भीतर जारी कर दी जाएगी। इस योजना के दिशानिर्देश पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। चतुर्वेदी ने आगे कहा कि 2026 तक भारत पॉलीसिलिकॉन्स में 38 गीगावॉट, इनगॉट और वेफर्स में 56 गीगावॉट, सेल में 70-80 गीगावॉट और मॉड्यूल में 90-100 गीगावॉट की क्षमता देख रहा है। उन्होंने कहा कि ए लक्ष्य बहुत बड़े हैं और सौर विनिर्माण के लिए दृष्टिकोण अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का आत्मनिर्भर बनना भारत के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए अच्छा है।

# मैनपुरी उपचुनाव में अब खिलेगा कमल: केशव



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कमल खिलेगा।

मौर्य ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा नेताजी मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के बड़े नेता थे। उनके निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर अब भाजपा का कमल खिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेताजी का कितना सम्मान करते थे, इस बात का अन्दाजा इससे लगा सकते हैं कि हैं कि वह 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में नेताजी के निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करने नहीं गए थे। गौरतलब है कि मैनपुरी से सांसद तथा सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का पिछली 10 अक्टूबर को 82 वर्ष की उम्र में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था।

यादव ने वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव मैनपुरी और आजमगढ़ सीटों से लड़ा था और दोनों ही जगह उन्हें जीत हासिल हुई थी। बाद में उन्होंने मैनपुरी सीट छोड़ दी थी। भाजपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मैनपुरी सीट से शत्रुघ्न सिंह चौहान को मुलायम के मुकाबले मैदान में उतारा था। मुलायम के यह सीट छोड़ने पर हुए उपचुनाव में पार्टी ने प्रेम सिंह शाक्य को उम्मीदवार बनाया था। बाद में 2019 के आम चुनाव में भी शाक्य को ही भाजपा का टिकट मिला था। मुलायम की प्रतिष्ठापूर्ण सीट के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा अभी नहीं हुई है। इसके लिए समाजवादी पार्टी ने अभी कोई उम्मीदवार भी घोषित नहीं किया है।

## अगले लोकसभा चुनाव की होड़ से बाहर है विपक्ष, मोदी फिर बनेंगे प्रधानमंत्री : अनुप्रिया

### कहा-पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है, यह पद सिर्फ नरेन्द्र मोदी के लिए है



**बरेली।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विपक्ष को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की होड़ से बाहर बताते हुए सोमवार को दावा किया है कि नरेन्द्र मोदी अगले चुनाव के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे।अनुप्रिया ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा प्रधानमंत्री पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। यह पद सिर्फ नरेन्द्र मोदी के लिए है। विपक्ष पहले ही 2024 की रेस से बाहर हो चुका है। उन्होंने एक सवाल पर कहा हमारी पार्टी अपना दलसोनेलाल ने भाजपा के साथ मिलकर चार चुनाव लड़े हैं और सभी में उसे अच्छे नतीजे मिले हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और विपक्ष होड़ से बाहर है। हम केन्द्र में एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निकट भविष्य में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए उनकी पार्टी अपने स्तर से तैयारी कर रही है। अनुप्रिया ने कहा कि पिछड़े समुदाय को न्याय दिलाने के लिए अलग से एक मंत्रालय गठित किया जाना चाहिए। राज्यमंत्री ने कहा कि न्यायालयों में मुकदमों का बेतहाशा भार है और अदालतों में न्यायाधीशों की कमी है। उन्होंने कहा न्यायिक सेवाओं में भर्ती के लिए एक अलग से परीक्षा आयोग गठित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब देश के सभी जिलों को निर्यात हब बनाया जाएगा और एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत उत्पादित चीजों को पूरी दुनिया के बाजारों में भेजा जा सकेगा।

## बहराइच के अधिवक्ता की हत्या के मामले में पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**बहराइच।** जिले के दरगाह शरीफ थाना इलाके में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिले एक अधिवक्ता के शव के मामले में पुलिस ने राजफाश करते हुए मरने वाली की पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस का दावा है कि अधिवक्ता की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करा दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि रविवार की सुबह मृतक की पत्नी नुसरत जहां ने हत्या की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि अधिवक्ता इंतजार उल हक (40) रात को उनके साथ सोए थे, और सुबह उनका धारदार हथियार से गला कटा व सिर में चोट लगा शव बगल के बेड पर ही मिला। उन्होंने बताया कि नुसरत ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कराया था। सिंह ने बताया कि पुलिस ने टीमें बनाकर सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की और विवेचना में जानकारी मिली कि नुसरत जहां उर्फ गुलशुम (30) के अपने पति से संबंध अच्छे नहीं थे और इस बीच उसकी दोस्ती पास की मस्जिद के सेवादार नदीम अहमद (23) से हो गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ से मालूम हुआ कि आरोपी नदीम नुसरत के घर बच्चों को अरबी-फारसी पढ़ाने आता था। उन्होंने बताया कि इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम इस कदर बढ़ा कि उसने नदीम के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और नदीम ने अपने दोस्त दाऊद्द के साथ मिलकर अधिवक्ता की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि हत्या में शामिल दाऊद्द (20) मस्जिद का इमाम है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी सहित तीनों कथित हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना का त्वरित खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने 25 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है।

## दुष्कर्म पीड़िता को गर्भवती होने पर आग के हवाले किया, मौत

मैनपुरी। जिले में कुरावली थाना क्षेत्र की एक 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग लड़की ने इटावा जिले के सैफई मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मैनपुरी जिले में कुरावली थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ तीन महीने पहले उसके रिश्तेदार युवक ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया था। पुलिस ने बताया कि छह अक्टूबर को पीड़िता के पेट में दर्द होने पर उसकी मां उसे एक डॉक्टर के पास ले गई जहां उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई।दर्ज प्राथमिकी के हवाले से पुलिस ने बताया कि इसके बाद लड़की की मां ने आरोपी युवक की मां से शिकायत की और उसकी शिकायत पर आरोपी की मां तथा बहन उसे अपने घर ले गईं तथा अभिषेक (आरोपी) से उसकी शादी कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि शादी का आश्वासन देकर आठ अक्टूबर की रात आरोपियों ने मिट्टी का तेल छिड़ककर पीड़िता को आग के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार पड़ोसियों ने पीड़िता को बचाया और गंभीर रूप से झुलसी किशोरी को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां शनिवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। इसके पहले पुलिस ने बताया था कि पीड़िता की मां ने कुरावली थाने में शिकायत दर्ज कराई और अभिषेक सिंह (बलात्कार का आरोपी), उसकी मां मीरा देवी और बहन के खिलाफ आग लगाकर जान से मारने का प्रयास करने का मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि मीरा देवी और उसके बेटे को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया। लड़की के माता-पिता ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्हें आरोपियों की ओर से धमकी मिल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया है जबकि आरोपी की बहन अभी फरार है।पुलिस अधीक्षक (एसपी) कमलेश दीक्षित ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नाबालिग की मां की ओर से आठ अक्टूबर को दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उसे आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार तीन महीने पहले नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था और जब छह अक्टूबर को उसके पेट में दर्द हुआ तो पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि आरोपी की बहन की भी गिरफ्तारी होगी।

## इतिहासकारों को रूढ़ियों से ऊपर उठना चाहिए : बारबरा मेटकाफ

**अलीगढ़।** कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की मानद प्रोफेसर और प्रसिद्ध इतिहासकार बारबरा मेटकाफ ने सोमवार को कहा कि उलेमा एक सामाजिक श्रेणी है जिन्हें उनकी शारीरिक वेषभूषा के कारण प्राय: रूढ़िवादी माना जाता है। उन्होंने इतिहासकारों से अनुरोध किया कि वे रूढ़िवादिता से ऊपर उठे क्योंकि न्यायपूर्ण इतिहास से ही न्यायपूर्ण राजनीति हासिल होती है।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के संस्थापक सर सैयद अहमद खान की 205 वीं जयंती पर विश्वविद्यालय द्वारा 2022 के लिए सर सैयद एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में इतिहास की मानद प्रोफेसर मेटकाफ ने अपने अनुमोदन भाषण में यह टिप्पणी की। उन्होंने भारत में गंभीर साक्ष्य आधारित इतिहास के बेहद जरूरी महत्व को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात कि ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय नागरिक वर्ग के इतिहास में मुस्लिमों की अहम भागीदारी है किंतु उनके इतिहास का कम अध्ययन होता है।

मेटकाफ ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय राष्ट्रवाद और भारतीय मुसलमानों की भूमिका, विशेष रूप से स्वतंत्रता आंदोलन में इस्लामी विद्वानों की भूमिका पर उनके अध्ययन ने उन्हें आश्वस्त किया था कि इस्लामी विद्वान, उलेमा, "एक सामाजिक श्रेणी है जिसे अक्सर उनकी शारीरिक वेषभूषा के कारण रूढ़ियों के अधीन किया जाता है" उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत सहित दुनिया भर के इतिहासकारों से "रूढ़िवादिता से ऊपर उठने" का जोरदार आह्वान किया और कहा कि "न्यायपूर्ण इतिहास से ही न्यायपूर्ण राजनीति हासिल होती है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देवबंद स्कूल के मौलाना हुसैन अहमद मदनी जैसे भारतीय उलेमाओं के बीच प्रचलित प्रमुख विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि इन इस्लामी विद्वानों ने जोर देकर कहा था कि भारतीय मुसलमानों के लिए, भारत की मिट्टी पवित्र है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष और जाने-माने न्यायविद ताहिर महमूद इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के महानिदेशक चंदन सिन्हा इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि थे।

### श्री पट्टाभीराम शास्त्री को उत्तम वेदविद्यालय पुरस्कार

**वाराणसी।** नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित चिन्मय मिशन में अशोकजी सिंघल की स्मृति में वेदविद्वानों को भारतात्मा वेद पुरस्कार प्रदान किये गए। इस पुरस्कारों का मुख्य उद्देश्य वैदिक क्षेत्र में उत्कृष्टता की पहचान करना है।यह पुरस्कार वैदिक क्षेत्र में सर्वोच्च राष्ट्रीय वेद पुरस्कार है जो उत्तम वेद विद्यार्थी, आदर्श वेदध्यापक, उत्तम वेद विद्यालय और वेदार्पित जीवन सम्मान की चार श्रेणियों में प्रतिवर्ष दिया जाता है। जिसमें क्रमशः तीन, पांच, सात और पांच लाख रुपये दिए जाते हैं। पुरस्कृत विद्वान एवं विद्यालय निम्न प्रकार से हैं। भारतात्मा अशोक सिंघल वेद पुरस्कार. वेदार्पित जीवन सम्मान एमदूलपल्ली सूर्यनारायण घनपाठी, तिरुपति, आन्ध्रप्रदेश, आदर्श वेदाध्यापक कुमारगुरु घनपाठी, तमिलनाडु, आदर्श वेदविद्यार्थी गजानन चंद्रकांत कुलकर्णी अहमदनगर, महाराष्ट्र, उत्तम वेदविद्यालय, पट्टाभीराम शास्त्री वेद विमांशा अनुसन्धान केंद्र, वाराणसी। मुख्य अतिथि पीयूष गोयल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने इस मौके पर कहा ?आज 21वीं सदी में भारत जब विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है इसमें वैदिक ज्ञान का अमूल्य योगदान होगा।

### मथुरा में गोमांस की तस्करी के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा जिला मे पुलिस ने एक व्यक्ति को गोमांस की तस्करी के आरोप मे गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाईवे के थाना प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने रविवार को बताया कि गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती में मदीना मस्जिद निवासी हामिद को नरहौली चौराहे से गिरफ्तार किया गया। हामिद की स्कूटी मे 30 किलोग्राम रेड मीट था जो संभवतः गोमांस हो सकता है। संदिग्ध मांस का नमूना पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मे जांच के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), गोहत्या निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### युवक की हत्या कर शव फेंका, तीन लोग हिरासत में

**बाराबंकी।** जिले के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र ग्राम चंदौली मे एक युवक की हत्या कर उसका शव बोरे मे भरकर नदी किनारे जंगल मे फेंक दिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शनिवार को अनिकेश उर्फ शिवम चंदौली गांव मे अपनी दुकान पर सोया था। वह रात मे दुकान से लापता हो गया था। परिवार के लोगो को जब उसका पता नही चला तो उन्होने अपहरण की आशंका जताते हुए उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूर्णेंदु सिंह, जहांगीराबाद के थाना प्रभारी विनोद यादव और अन्य पुलिस अधिकारियो ने रविवार शाम को अनिकेश का शव रेठ नदी के चिलहटा घाट के निकट हड़ियाकोल के जंगल मे बोरे मे बरामद किया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पूछताछ के लिए तीन लोगो को हिरासत मे लिया है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) नवीन सिंह ने कहा कि मामले मे जांच जारी है।

### नेटवर्क का किया विस्तार

**वाराणसी।** लॉजिस्टिक से संबंधित सभी समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने वाली पसंदीदा कंपनी, वी.ट्रांस इंडिया लिमिटेड ने उत्तर भारत में आठ नए कार्यालयों के शुभारंभ की घोषणा करते हुए अपने विकास को गति प्रदान की हैए साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी पकड़ को और मजबूत किया है। वाराणसीए सीतापुरए नोएडाए सिकंदराबाद ;यूपीद्धए दिल्लीए गुड़गांवए अजमेर और रतनगढ़ में आठ नई शाखाओं का शुभारंभ किया गया है। लॉजिस्टिक्स समाधानों की लगातार बढ़ती मांग और इस क्षेत्र में हमारी सर्वोत्तम प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए इन नई शाखाओं की शुरुआत की गई है। मौजूदा प्रगति के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुएए श्री महेंद्र शाहए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकने कहा, 8 नई शाखाओं के शुभारंभ के साथ हमें देश के उत्तरी क्षेत्र में अपने मजबूत विकास की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।

### विश्व स्पाइन दिवस का उद्देश्य जागरूक करना

**कानपुर।** प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को विश्व स्पाइन दिवस मनाए का उद्देश्य जन सामान्य को रीढ़ की हड्डी सम्बन्धी स्वास्थ्य की जागरूकता प्रदान करना रीढ़ की हड्डी सम्बन्धी बीमारियो से बचने के आवश्यक तौर तरीकों का प्रचार करनाए, लोगों को सामान्य ढंग से चलने फिरने लायक बने रहने के लिए न केवल जागरुक करना बल्कि प्रोत्साहित करना भी है। रीजेंसी हास्पिटल के वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डा0 हरप्रीत सिंह द्वारा बताया गया कि व्यक्तियों की निष्क्रिय जीवन शैलीए उठने बैठने की गलत आदतें, मोबाइल फोन की लत, एक ही बारी में लंबे समय तक बैठकर काम करने की आदतेंए वर्क फ्रॉम होम के नवीन कल्चर के कारण ज्यादा स्क्रीन टाइम व्यतीत करना, रीढ़ की हड्डी से सम्बन्धित और जन्मजात विकृतियांए अपर्याप्त पोषक आहार के कारण रीढ़ की हड्डी में लचीलेपन की कमीए या किसी भी अन्य कारण से रीढ़ की गुरियों ;हड्डियों के आपस में जुडने की प्रक्रिया शुरू हो जाने से उनके मध्य से होकर गुजरने वाले स्नायु तत्रों पर दबाव के कारण पहले उठने बैठनेए, करवट लेने मे दिक्कत प्रारम्भ होती है । ध्यान न दिये जाने पर मनुष्य चलने फिरने मे अपाहिज भी हो सकता है। इलाज से बेहतर बचाव संबंधी उक्ति सर्वकालिक सत्य है।

### युवक की हत्या कर शव फेंका, तीन हिरासत में

**बाराबंका** जिले के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र ग्राम चंदौली मे एक युवक की हत्या कर उसका शव बोरे मे भरकर नदी किनारे जंगल मे फेंक दिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शनिवार को अनिकेश उर्फ शिवम चंदौली गांव मे अपनी दुकान पर सोया था। वह रात मे दुकान से लापता हो गया था। परिवार के लोगो को जब उसका पता नही चला तो उन्होने अपहरण की आशंका जताते हुए उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूर्णेंदु सिंह, जहांगीराबाद के थाना प्रभारी विनोद यादव और अन्य पुलिस अधिकारियो ने रविवार शाम को अनिकेश का शव रेठ नदी के चिलहटा घाट के निकट हड़ियाकोल के जंगल मे बोरे मे बरामद किया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पूछताछ के लिए तीन लोगो को हिरासत मे लिया है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) नवीन सिंह ने कहा कि मामले मे जांच जारी है।

### एक नई मुस्कान अभियान फिर शुरू

**कानपुर।** हिमालया वैलनेस कंपनी ने आज बैंगलुरू में अपने ष्एक नई मुस्कानष् अभियान के सातवें संस्करण का लॉन्च किया। मुस्कान हिमालया का एक प्रमुख सामाजिक कार्यक्रम हैए जिसका उद्देश्य बच्चों में क्लेफ्ट लिप और पैलेट के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। यह अभियान स्माईल ट्रेन के सहयोग से निर्मित व क्रियान्वित किया गया हैए जो क्लेफ्ट की विकृति पर जागरुकता बढ़ाने और वंचित वर्गों को चेहरे के इस जन्मजात विकार को ठीक करने में 100 फीसदी निशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी एवं विस्तृत क्लेफ्ट केयर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साल यह अभियान हिमालया ने क्लेफ्ट के कारण उत्पन्न होने वाले सामाजिक कलंक को संबोधित करने और समाज को इस बारे में जागरुक बनाने के लिए एक कार्यक्रम के आयोजन के साथ किया कि क्लेफ्ट से पीड़ित बच्चे पूर्ण व सेहतमंद जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अनेक दिलचस्प गतिविधियाँ जैसे बच्चो के लिए गेमिंग ज़ोनए आर्ट वर्कशॉपए एवं इंटरैक्टिव इंस्टॉलेशन थे।

### गोमांस की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिला मे पुलिस ने एक व्यक्ति को गोमांस की तस्करी के आरोप मे गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाईवे के थाना प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने रविवार को बताया कि गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती में मदीना मस्जिद निवासी हामिद को नरहौली चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

### आश्रम में रहने वाली महिला ने लगाया चार लोगों पर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके के जानकी मंदिर आश्रम में रहने वाली मथुरा निवासी महिला ने नशीला पदार्थ खिला कर आश्रम के चार लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आश्रम के चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस इस मामले को संदिग्ध मान रही है और उनका कहना है कि जांच के बाद ही कार्यवाही होगी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक, मूलरूप से प्रयागराज के करछना निवासी 55 वर्षीय महिला जानकी मंदिर आश्रम में रहती है। उन्होंने बताया, महिला ने तहरीर में आरोप लगाया कि चार अक्टूबर को मुझे नशीला पदार्थ खिला दिया गया जिसके बाद मैं बेहोश हो गई।

महिला ने आरोप लगाया, आश्रम में रहने वाले दुर्वासा, छोटे मौनी, बड़े मौनी और मनमोहन ने उसके साथ बलात्कार किया। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि उसे इन लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। मिश्रा के मुताबिक मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) प्राची सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और प्रथम दृष्टया यह संदिग्ध लग रहा है। उन्होने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन दीपावली के पहले मिलना लग रहा मुश्किल

### प्रदेश में बीते दिनों आयी बाढ़ की विभीषिकता के चलते वितरण चक्र में किया गया है बदलाव

**घाटमपुर**-बाढ़ की विभीषिकता से जहाँ किसानों का निवाला छीन गया है और उनके चेहरे पर मायूसी छायी है वहीं अब गरीबों के घरों में प्रकाश पर्व पर अंधेरे रहने के हालत नजर आने लगे है, आयुक्त खाद्य तथा रसद बिभाग के कार्यालय के माने तो नियमित बितरण चक्र अभी तक न जारी होने से गरीबों को मिलने वाला राशन सायद ही दीपावली के पहले मिल पाये। बताया जाता है कि एन0एफ0एस0 यानी प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कार्ड घारकों को माह अगस्त का मिलने वाला खाद्यान बीते 14 अक्टूबर से बितरण होना था और खाद्य तथा रसद बिभाग ने बितरण चक्र भी जारी कर दिया था, बताते हैं 14 अक्टूवर यकायक बितरण चक्र स्थागित होने से कोटेदार गेंहू-चावल का बितरण नही कर सके। बितरण चक्र स्थगित होने के पीछे प्रदेश में बाढ़ की विभीषिकता के चलते तमाम जिलों में नियमित बिरणण न होना बताया जाता है। आपूर्ति कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बाढ़ की विभीषिकता से जिन कार्ड धारको को राशन नही मिला था उसका बितरण 15 व 17 अक्टूबर को होगा। इसके बाद शसन स्तर से प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का बितरण चक्र जारी होगा।

### निवेश की तैयारी

**लखनऊ।** ग्रीन सीमेंट का उत्पादन करने वाली अग्रणी कंपनी जेएसडब्लयू ने मध्य प्रदेश में एकीकृत ग्रीनफील्ड सीमेंट निर्माण सुविधा के साथ.साथ उत्तर प्रदेश में एक स्प्लिट ग्राइंडिंग इकाई की स्थापना के लिए 3200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। हाल ही में श्रैं सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड से स्प्रिंगवे माइनिंग में 100 फीसद हिस्सेदारी हासिल की है। पार्थ जिंदल, मैनेजिंग डायरेक्ट ने कहा, देश भर में अपनी मौजूदगी दर्ज करने के साथ.साथ सम्मिलित रूप से अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में में मदद मिलेगी।

### जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमितता मिलने पर दर्ज होगी एफआईआर:डीएम

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन की निर्माणाधीन योजनाओं में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि युद्ध स्तर पर कार्य करें इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 31 अक्टूबर 2022 तक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में समझौता स्वीकार नहीं है अनियमितता मिलने पर प्रथम दृष्टया एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने मीटिंग में कार्य की प्रगति धीमी होने पर बीजीसीसी व जीवीपीआर दोनों कन्ट्रक्टिंनग एजेंसियों की कार्यप्रणाली को शासन को भी अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 2022 तक 67 स्कीम के द्वारा 100 गांव में शत-प्रतिशत शुद्ध पेयजल हाउस सर्विस कनेक्शन पूर्ण कर लिया जाए।

## पानी की टूटी पाइपलाइन जल्द ठीक नहीं ठीक हुई तो छेड़ा जाएगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद।** एशिया की प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी के निकट गुंजन बिहार कॉलोनी में नगर पालिका परिषद की लापरवाही के चलते गेट नंबर.2 स्वराज ट्रेक्टर एजेन्सी वाले रोड पर विनय चौहान के मकान के पास नगर पालिका के द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन से कई दिनों से पानी रिस रहा है जो कि हजारों लीटर प्रति बर्बाद हो रहा है। जब कि नगरपालिका द्वारा एक माह पहले सही कराया गया था। वही कॉलोनी के नारायणपुर जाने वाले बाग के कोने पर विगत कई महीनों से हजारों लीटर प्रतिदिन पानी बर्बाद हो रहा है । कई बार नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के द्वारा पानी बंद होने के लिए ठीक किया गया था लेकिन आज तक पानी बंद नहीं हुआ । यहा के वाशिन्दे बताते हैं कि भारत पैट्रोलियम गैस की ओर से गैस पाइपलाइन बिछाने ठेकाबाहर की किसी कंपनी का हुआ था जिसमें गड्ढे खोदते समय पानी सप्लाई का मुख्य पाइप मशीन से टूट गया था ।कई दिनों तक कॉलोनी में लाखो लीटर प्रतिदिन पानी पानी बर्बाद हुआथा। यहा के लोगों के कहने के बाद बड़ी मुश्किल से नगर पालिका परिषद द्वारा पाइपलाइन को दुरुस्त कराया गया था। जोकि आज तक पानी बंद नहीं हुआ । जबकि सूत्र बताते हैं भारत पेट्रोलियम पाठ 11 ठेका लेने वाली कंपनी से लंबा हर्जाना वसूला गया था। इसके बाद भी हजारों लीटर प्रतिदिन पानी बर्बाद हो रहा है। इस रास्ते पर आवागमन ज्यादा है आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । मांग करने वालो में कॉलोनी निवासी विजय सिंह यादव,विनय सिंह पत्रकार बृजभान सिह यादव, आलोक द्विवेदी, लकी द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव, डॉक्टर संजीव त्रिपाठी, पिंटू यादव, उमेश चतुर्वेदी ,संजीव चन्देल, विनय चौहान ,विशाल सिंह कुशवाहा, ,विजय त्रिपाठी , मनीष मिश्रा एडवोकेट ,किशन शर्मा एडवोकेट, आदि लोगों ने बताया कि यदि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व ई ओ रविंद्र कुमार ने शीघ्र टूटी पाइप लाइनों को ठीक ना कराया गया तो कॉलोनी के बाशिंदे आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।

## साक्षर प्रधान-गॉव की शान अभियान



**बांदा।** जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टेऽट सभागार में साक्षर प्रधान.गॉव की शान अभियान के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों को साक्षर किये जाने के सम्बन्ध में नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत 01 दिसम्बरए 2021 में द्वारा प्रारम्भ किये गये अभियान के अन्तर्गत 58 निरक्षर ग्राम प्रधानों को साक्षर बनाने का संकल्प 58 अधिकारियों को सौंपा गया थाए जिसमें 52 ग्राम प्रधान महिलायें एवं 5 पुरूष प्रधान साक्षर किये जा रहे हैंए जिनकी दो परीक्षायें हो चुकी हैं। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने.अपने ग्राम प्रधानों जिन्हें साक्षर करने का दायित्व उन्हें सौंपा गया हैए उनको आगामी 31 अक्टूबरए 2022 तक प्रत्येक दशा में साक्षर कराते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने एक.एक ग्राम प्रधान को साक्षर बनाये जाने हेतु उनके स्कूल में शिक्षा लेने एवं उन्हें घर में शिक्षित करने हेतु किये जा रहे कार्य की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह समय.समय पर ग्राम प्रधानों को साक्षर कराने हेतु ग्रामों का निरीक्षण कर लें और निरन्तर उनसे मोबाइल पर सम्पर्क रखते हुए उनको साक्षर करने हेतु पढने.लिखने के बारे में जानकारी लेकर मोटीवेशन करते रहें।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानों को साक्षर करने के कार्य में लगे हुए अध्यापकए सम्बन्धित अधिकारी एवं उनके परिवार के सदस्य इस कार्य में विशेष रूचि लेकर उनको पूर्ण रूप से साक्षर बनाने हेतु कार्य करें तथा इस माह के अंत तक उनको पूर्ण साक्षर बनायें। उन्होंने बताया कि साक्षर ग्राम प्रधानों सहित इस कार्य में सहयोग करने वाले नोडल अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को पूर्ण साक्षर होने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के पूर्ण होने के पश्चात निरक्षर बी0डी0सी0 एवं जिला पंचायत सदस्यों को भी साक्षर करने का अभियान चलाया जायेगा।

## चिकित्सा अधिकारी ने अब स्वास्थ्य मंत्री से लगाई गुहार

### लिखा पत्र, कहा- उनके खिलाफ हो रही साजिश की कराई जाए जांच

**बांदा।** तिंदवारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने अपने खिलाफ चल रही साजिशों को लेकर अब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से गुहार लगाई है। उन्होंने मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि एक ओर जहां वह स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए प्रयासरत हैं वहीं आम जनमानस को इसका लाभ दिलाए जाने के लिए हर कदम उठा रहे है। डा. दिनेश का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए तमाम आरोप मिथ्या हैं, इस मामले की जाच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उन्होंने की है। चिकितसाधिकारी ने पत्र में लिखा है कि अस्पताल में कार्य हेतु लगी गाड़ियों को हटाने का आरोप गलत है, असल में इन गाड़ियों के दस्तावेज और परमिट पूरे नहीं है। अत: नियम अनुसार उक्त गाड़ियों को न तो अस्पताल कार्य हेतु लगाया जा सकता है और न ही पेमेंट किया जा सकता है। इस बाबात ठेकेदार को मौखिक रूप से कई बार अवगत भी कराया गया परंतु इन सब के पश्चात भी गाड़ियां लगातार हर स्तर पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आशा भर्ती में उनपर लगे रिश्वत के आरोप भी इसी साजिश का हिस्सा हैं।उनका कहना है कि जिन आशा बहुओं ने ये आरोप लगाया है जिसमें से 2 दिन बाद ही सीमा देवी ने हलफनामा देते हुए प्रार्थी क्षमा मांगी और झूठा बयान देने का दबाव होना बताया गया है।इस प्रकरण में पूवर्व में डीएम को भी पत्र दिया जा चुका है। जिजलाधिकारी अनुराग पटेल ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा को अपनी रिपोर्ट भेज दी है।

**मैनपुरी में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज:** मैनपुरी। मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना इलाके के एक गांव में 16 वर्षीया एक नाबालिग किशोरी के साथ उसी के गांव के एक युवक ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। सोमवार को पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम की है। उन्होंने बताया कि घर लौटने के बाद किशोरी ने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी।

# वेस्टइंडीज भी उलटफेर का शिकार

## स्कॉटलैंड ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से 42 रनों से रौंदा

### ● टी20 विश्व कप : जिंबाब्वे ने आयरलैंड को पराजित किया

**भाषा।** होबार्ट



स्काटलैंड के वाट ने की उम्दा गेंदबाजी

**स्कॉटलैंड ने** शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत सोमवार को यहां वर्षा से बाधित टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज को 42 रन से हराकर उलटफेर किया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद स्कॉटलैंड ने सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से की 53 गेंद में नौ चौकों से नाबाद 66 रन की पारी से पांच विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। स्कॉटलैंड ने इसके बाद टी20 विश्व कप के इतिहास में दो खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम वेस्टइंडीज को 18.3 ओवर में सिर्फ 118 रन पर समेटकर आसान जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज को सुपर 12 चरण में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए अब बुधवार को जिंबाब्वे को हर हाल में हराना होगा। दूसरी तरफ रिची बेरिंगटन की अगुआई वाली टीम को सुपर 12 चरण में जगह बनाने के लिए अपने यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी आयरलैंड को हराना होगा। बेरिंगटन ने कहा, हमें उतने टी20 मैच खेलने को नहीं मिले जितने हम चाहते थे लेकिन हमने 50 ओवरों का काफी क्रिकेट खेला है। यह उस कौशल को छोटे प्रारूप में दिखाने से जुड़ा है। अपने स्पिनरों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने महत्वपूर्ण क्षणों में हमारे लिए शानदार काम किया। वॉट ने अच्छी शुरुआत की और वह हमेशा महत्वपूर्ण विकेट लेते हैं। लीस्क ने भी लगातार चार ओवर काफी अच्छी तरह डाले। हार से निराश विंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा, हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और दो मैच जीतने होंगे। हमें जवाबदेही और जिम्मेदारी लेनी होगी। बारिश के कारण 20 मिनट के ब्रेक ने भी स्कॉटलैंड की राह आसान कर दी क्योंकि बेवेरिव ओवल में परिस्थितियां धीमी हो गईं। बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वॉट ने गेंदबाजी का आगाज किया और चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आफ स्पिनर मार्क लीस्क ने भी 15 रन देकर दो विकेट हासिल किए। धीमे हालात के बीच 161 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज के लिए काफी बड़ा साबित हुआ क्योंकि टीम की बल्लेबाजी में काफी गहराई नहीं थी और टीम को बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर की कमी खली। सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स ने 13 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 20 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाई। मुन्से ने हालांकि तीसरे ओवर में डीप मिडविकेट पर मायर्स का शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। दूसरे सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग भी 15 गेंद में 17 रन बनाने के बाद पावर प्ले के भीतर पवेलियन लौट गए जिससे वेस्टइंडीज की टीम कभी नहीं उबर पाईं। ऑफ स्पिनर लीस्क ने इसके बाद कप्तान पूरन को आउट करके वेस्टइंडीज की परेशानी बढ़ाई। टीम का स्कोर 10 ओवर में पांच विकेट पर 69 रन था। जेसन होल्डर ने 33 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 38 रन की पारी खेलकर हार के अंतर को कम किया। इससे पहले मुन्से ने स्कॉटलैंड को तेज शुरुआत दिलाई जिससे टीम ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 54 रन बनाए।

### विश्व कप के तथ्य और आंकड़े

- ● धोनी के नाम बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 32 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने का रिकॉर्ड है।
- ● वेस्टइंडीज टीम ही टूर्नामेंट दो बार (2012 और 2016) जीतने मे कामयाब रही है।
- ● डिविलियर्स के नाम सबसे ज्यादा 23 कैच लपकने का रिकॉर्ड है।
- ● टी20 विश्व कप में दो शतक सिर्फ क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने 2007 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ और 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा आंकड़ा छुआ था।
- ● स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारत के लिए सर्वाधिक 26 विकेट लिए है।
- ● किसी भी मेजबान देश ने टी20 विश्व कप नही जीता है और ना ही किसी मौजूदा चैम्पियन ने।
- ● आस्ट्रेलिया को 2007 में पहले मैच में जिम्बाब्वे ने पांच विकेट से हराया था।
- ● श्रीलंका के नाम सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड है जिसने कीनिया के खिलाफ 2007 में छह विकेट पर 260 रन बनाए थे।
- ● महेला जयवर्धने ने टी20 विश्व कप मे सबसे ज्यादा 1016 रन बनाए है।
- ● टी 20 विश्व कप में पहली हैट्रिक आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने 2007 मे बांग्लादेश के खिलाफ बनाई थी।
- ● बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने टी20 विश्व कप मे सर्वाधिक 41 विकेट लिए है।
- ● टी20 विश्व कप में न्यूनतम स्कोर 39 रन है जो नीदरलैंड ने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।
- ● टी20 विश्व कप मे एकमात्र बॉल आउट भारत और पाकिस्तान के बीच 2007 में खेला गया था। इसके बाद से एक ओवर का एलिमिनेटर या सुपर ओवर खेला जाता रहा है।

## बुमराह की जगह पर शमी आदर्श विकल्प : तेंदुलकर

**भाषा।** नई दिल्ली



**सचिन तेंदुलकर** का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति टी20 विश्वकप में भारत के लिए बड़ा झटका है लेकिन मोहम्मद शमी अपनी गति और कौशल से उनकी कमी को दूर कर सकते हैं। बुमराह पीठ दर्द के कारण अनिश्चित काल के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह शमी को टीम में शामिल किया गया है जिन्होंने संयुक्त अरब अमीरात में पिछले विश्वकप के बाद कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। अमरोहा के इस 32 वर्षीय गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को खेले गए अभ्यास मैच में 20वें ओवर में गेंद संभाली और तीन विकेट लेकर भारत को छह रन से जीत दिलाई। तेंदुलकर ने पीटीआई से विशेष साक्षात्कार में कहा, बुमराह का नहीं होना बड़ा नुकसान है क्योंकि हमें निश्चित तौर पर एक स्ट्राइक गेंदबाज चाहिए। एक ऐसा वास्तविक तेज गेंदबाज जो बल्लेबाजों पर हावी होकर विकेट ले सके। शमी इसे साबित कर चुका है और वह आदर्श विकल्प नजर आता है। यह दिग्गज बल्लेबाज बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह से काफी प्रभावित नजर आता है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने काफी उम्मीदें जगाई हैं और वह संतुलित गेंदबाज नजर आता है। मैंने उनमें जो कुछ भी देखा मुझे प्रतिबद्ध खिलाड़ी लगा क्योंकि जब आप किसी खिलाड़ी पर गौर करते हैं तो उसकी मानसिकता देखते हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि किसी खास रणनीति के लिए प्रतिबद्ध होना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उसे तैयार करना। मुझे यह सबसे अच्छी बात लगी कि यदि अर्शदीप के पास कोई रणनीति है तो वह उसके प्रति प्रतिबद्ध रहता है और यह इस प्रारूप में बेहद महत्वपूर्ण होता है क्योंकि बल्लेबाज ढीले और कुछ नए तरह के शॉट खेलते हैं। इसलिए यदि आपकी कोई रणनीति है तो उस पर पूरी तरह अमल करो। भारत को अपने मैच मेलबर्न, सिडनी, एडिलेड और पर्थ में खेलने हैं जहां की सीमा रेखा काफी बड़ी है। तेंदुलकर का मानना है अंतिम एकादश में स्पिनरों का चयन करते समय मैदान का आकार ध्यान में रखना चाहिए। आप अधिकतर उस दिशा में खेलते हैं जहां गेंद टर्न हो रही हो कुछ बल्लेबाज होते हैं जो टर्न के विपरीत लगातार हिट करते हैं। आमतौर पर कप्तान सीमा रेखा की दूरी को देखकर फैसला करते हैं कि किस तरह का स्पिनर अंतिम एकादश में रखना है।

## एएफसी एशियाई कप 2027 की मेजबानी अधिकारों के लिए भारत और सउदी अरब दौड़ में

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत और** सउदी अरब 2027 एशियाई कप फुटबॉल की मेजबानी अधिकारों के लिए दौड़ में है जबकि बाकी तीन दावेदारों ने अपने नाम वापिस ले लिए हैं। भारत अगर कामयाब रहता है तो देश में पहली बार एएफसी का कोई टूर्नामेंट होगा। सउदी अरब को तीन बार उपमहाद्वीपीय खिताब मिला है लेकिन उसने मेजबानी कभी नहीं की। ईरान ने कुछ दिन पहले ही अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी जबकि उजबेकिस्तान ने दिसंबर 2020 में नाम वापिस लिया। कतर में अगला एएफसी एशियाई कप होना है तो उसने 2027 की मेजबानी की दावेदारी वापिस ले ली। एएफसी ने एक बयान में कहा , एएफसी कार्यकारी समिति ने एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रस्तावों पर चर्चा की। अंतिम दो दावेदार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और सउदी अरब फुटबॉल महासंघ बचे हैं। मेजबान पर फैसला फरवरी में होने वाली एएफसी कांग्रेस में लिया जाएगा। भारत 2023 में होने वाले एएफसी एशियाई कप की मेजबानी की दौड़ में भी था लेकिन अक्टूबर 2018 में नाम वापिस ले लिया। पुरूषों के अंडर 17 विश्व कप की 2017 में कामयाब मेजबानी के बाद भारत अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी कर रहा है।

### आगर ने फिरेंजे ओपन जीता

**फ्लोरेंस।** शीर्ष वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगर एलियास्मि ने अमेरिका के जेजे वोल्फ को 6-4, 6- 4 से हराकर फिरेंजे ओपन टेनिस खिताब जीता। कनाडा की एलियास्मि का यह दूसरा एटीपी टूर खिताब है। इससे अगले महीने तूरिन में होने वाले एटीपी टूर फाइनल मे उनके खेलने की संभावना प्रबल होगी। फ्लोरेंस मे 1994 के बाद पहली बार टूर स्तर का टूर्नामेंट हो रहा है।

### एशियाई कप क्वालीफायर में आस्ट्रेलिया से हारा भारत

**कुवैत सिटी।** भारत को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप क्वालीफायर मे लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और अब आस्ट्रेलिया ने उसे 4-1 से मात दी। कप्तान गुरकीरत सिंह ने भारत के लिए एकमात्र गोल किया जबकि आस्ट्रेलिया के लिए जी काउल, एड्रियन एस और मैक्स कापुटो ने गोल दागे। भारत के विकास युमनाम ने एक आत्मघाती गोल दागा। पहले मैच में ईराक ने भारत को 4-2 से मात दी थी। पहले हाफ में दो गोल गंवाने के बाद भारत के लिए 63वें मिनट में गुरकीरत ने गोल किया।

### शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक ने सेन डिएगो खिताब जीता

**सेन डिएगो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने क्वालीफायर डोन्ना वेकिच को 6-3, 3- 6, 6-0 से हराकर सेन डिएगो ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। स्वियातेक की यह सत्र की 64वीं जीत है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 77वें स्थान पर काबिज वेकिच ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डेनिएले कोलिंस को 6-4, 4 -6, 7-6 से हराया था।

### आरिफ अली ने शतरंज टूर्नामेंट में जीता खिताब

**लखनऊ।** टॉप सीड आरिफअली ने शानदार प्रदर्शन के साथ द्वितीय सीसीबीडब्ल्यू ओपन शतरंज टूर्नामेंट में खिताब 6.5 अंक के साथ जीत लिया। इस टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे विकास निषाद ने आरिफअली के खिलाफ ड्रा खेला। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के अंतिम राउंड के बाद विकास को भी 6.5 अंक मिले लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते वो दूसरे पायदान पर रहे। इसके अलावा 11 वर्षीय संयम श्रीवास्तव ने दूसरी वरीय पवन बाथम को ड्रॉ पर रोक सबको चौंका दिया। टूर्नामेंट में लखनऊ की जुसफिका लिलियम लोबो सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनी। विजेताओं को अग्नि शिखा कर्ण एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन और अवध आईटीआई की प्रिंसिपल श्रीमती अग्नि शिखा वर्मा ने पुरस्कार प्रदान किए।

### स्कूल नेशनल ताइक्वण्डो में स्वर्ण विजेता शाहरुख को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** सीआईएससीई नेशनल स्पोर्ट्स गेम्स के अंतर्गत ताइक्वाण्डो की स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता शाहरुख खान को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया की ओर से सम्मानित किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुए समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी और विशिष्ट अतिथिगण डॉ आरजे सिंह चेयरमैन रजत ग्रुप आफ कॉलेजेस डॉक्टर आरपी सिंह डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा विभाग कानपुर विश्वविद्यालय व अमेरिका से आए ताइक्वाण्डो के ग्रैंड मास्टर अभय सिंह राठौर ने सेंट फ्रांसिस स्कूल के दसवीं के छात्र शाहरुख को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शमी के चार विकेट से भारत अभ्यास मैच जीता

### ● आस्ट्रेलिया को 6 रन से हराया

**भाषा।** ब्रिसबेन



**मोहम्मद शमी** ने अपनी फिटनेस को लेकर तमाम अटकलों को खत्म करते हुए भारत को टी20 विश्व कप के पहले अभ्यास मैच में भारत को गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। के एल राहुल (33 गेंद में 57 रन) और सूर्यकुमार यादव (33 गेंद में 50 रन) की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सात विकेट पर 186 रन बनाए। आस्ट्रेलिया को आखिरी 12 गेंद में 16 रन की जरूरत थी और उसके छह विकेट बाकी थे। इसके बाद गेंदबाज शमी, हर्षल पटेल और क्षेत्ररक्षक विराट कोहली ने मैच की तस्वीर पलट दी। आखिरी बार जुलाई में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने वाले शमी कोरोना संक्रमण से जूझने के बाद वापसी कर रहे थे। उन्होंने आखिरी ओवर में जबर्दस्त गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए और एक रन आउट भी किया। शमी को चोटिल जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। हर्षल ने 19वें ओवर में पांच ही रन दिए और इसी ओवर में विराट ने सटीक थ्रो पर एक रन आउट भी किया। उन्होंने सीमारेखा के पास एक हाथ से शानदार कैच लेकर पैट कमिंस को भी पवेलियन भेजा। भारत की गेंदबाजी को लेकर चिंता हालांकि बनी हुई है जबकि टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को पहला मैच है। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा , सुधार की गुंजाइश है लेकिन मैं गेंदबाजों से लगातार अच्छा प्रदर्शन चाहता हूं। हमारे लिए यह अच्छा मैच था। उन्होंने अच्छी साझेदारियां करके हम पर दबाव बनाया लेकिन शमी ने आखिरी ओवर में शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले भारतीय बल्लेबाजों ने विकेट से मिल रही उछाल और गति का पूरा फायदा उठाया। राहुल ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद बिना किसी नुकसान के 69 रन था। रोहित और राहुल ने 78 रन की साझेदारी की जिसमें अधिकांश रन राहुल ने ही बनाए। हार्दिक पंड्या (दो) सस्ते में आउट हुए लेकिन बाकी भारतीय बल्लेबाजों ने अपना योगदान दिया। कोहली ने 13 गेंद में 19 और दिनेश कार्तिक ने 14 गेंद में 20 रन बनाए। कार्तिक ने केन रिचर्डसन की गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को कैच थमाया। वहीं कोहली को मिशेल स्टार्क ने पवेलियन भेजा जो फाइन लेग में कैच दे बैठे। रोहित ने मैक्सवेल को कैच थमाया। राहुल ने मैक्सवेल की गेंद पर डीप मिडविकेट में कैच दिया।

### शमी के सामने चुनौती रखना चाहता था : रोहित

**ब्रिस्बेन।** भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मोहम्मद शमी को आखिरी ओवर में गेंद सौंपने का फैसला चौंकाने वाला रहा लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह रणनीति का हिस्सा था क्योंकि वह लंबे समय बाद वापसी करने वाले इस तेज गेंदबाज के सामने चुनौती रखना चाहते थे। शमी ने टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैच में यह चुनौती स्वीकार की और तीन विकेट लेकर भारत को छह रन से जीत दिलाई। शमी को चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में शामिल किया गया है। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ईमानदारी से कहूं तो वह लंबे समय बाद वापसी कर रहा है, इसलिए हम उसे केवल एक ओवर देना चाहते थे। यह शुरू से ही हमारी रणनीति थी। उसने डेथ ओवरों में गेंदबाजी की। हम जानते हैं कि नई गेंद से वह कितना खतरनाक हो सकता है। हम उसे थोड़ा चुनौती देना चाहते थे कि वह डेथ ओवरों में गेंदबाजी करे और हमने देखा कि वह क्या कर सकता है। भारत के पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को होने वाले पहले मैच से पहले टीम के लिए गेंदबाजी चिंता का विषय है। रोहित गेंदबाजी में अधिक निरंतरता चाहते है। निश्चित तौर पर सुधार की गुंजाइश है।

### शमी ने अफरीदी के साथ गुर साझा किए, गावस्कर ने दी बाबर को सलाह

**ब्रिस्बेन।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले सोमवार को यहां मोहम्मद शमी और शाहीन शाह अफरीदी जैसे खिलाड़ियों को आपस में गुर साझा करते हुए देखा गया जो कि दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों को एक सकारात्मक संदेश भी देता है। शमी और अफरीदी ने जहां गेंदबाजी को लेकर एक दूसरे से बातें की वहीं अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को बल्लेबाजी के गुर सिखाए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ट्विटर पर एक वीडियो जारी किया है जिसमे शाहीन को सीम के साथ गेंदबाजी करने की शमी की काबिलियत की तारीफ करते हुए दिखाया गया है। शाहीन ने कहा, जब से मैंने गेंदबाजी शुरू की है तब से आप का अनुसरण कर रहा हूं। आप की कलाई की पोजीशन और सीम का जवाब नही। इसके जवाब में शमी ने कहा, अगर रिलीज पॉइंट (हाथ से गेंद छोड़ने का समय) अच्छा हो जाएगा तो सीम भी ठीक हो जाएगी। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में 20वें ओवर में गेंद संभाली और तीन विकेट लेकर भारत को छह रन से जीत दिलाई। पाकिस्तान एक अन्य अभ्यास मैच में इंग्लैंड से छह विकेट से हार गया था। शमी भारत की मूल टीम में शामिल नही थे लेकिन जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण उन्हें बाद में टीम में लिया गया। शमी और अफरीदी दोनों ने नेट पर एक साथ अभ्यास किया। भारत टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 23 अक्टूबर को मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। सुपर-12 के इस ग्रुप की दो अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश हैं। एक अन्य वीडियो में गावस्कर को पाकिस्तान की रन मशीन और कप्तान बाबर आजम को गुर सिखाते हुए दिखाया गया है। बाबर एक निजी पार्टी के दौरान भारतीय दिग्गज से मिले थे, जिसमें गावस्कर ने इस पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने हस्ताक्षर वाली एक कैप भेंट की थी। गावस्कर ने बाबर को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी। गावस्कर ने बाबर से कहा, शॉट चयन अच्छा हो तो फिर कोई समस्या नही। परिस्थिति के हिसाब से शॉट का चयन करें कोई समस्या नही। इस अवसर पर पाकिस्तानी कोचिंग स्टाफ के सदस्य सकलैन मुश्ताक और मोहम्मद यूसुफ भी उपस्थित थे।

## आज बोर्ड के 36वें अध्यक्ष चुने जाएंगे बिन्नी

**भाषा।** मुंबई



### बीसीसीआई एजीएम : आईसीसी चेयरमैन को लेकर होगी चर्चा

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) की मंगलवार को यहां होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारत के पूर्व क्रिकेटर रोजर बिन्नी पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की जगह बोर्ड का अध्यक्ष पद संभालेंगे जिसमें आईसीसी चेयरमैन पद को लेकर भी चर्चा होगी। भावी पदाधिकारियों के लिए चुनाव महज औपचारिकता है क्योंकि सभी का निर्विरोध चुना जाना तय है। लेकिन सदस्य इस पर चर्चा करेंगे कि बीसीसीआई को आईसीसी चेयरमैन पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करना चाहिए या फिर मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बारक्ले को ही दूसरे कार्यकाल के लिए समर्थन देना चाहिए। आईसीसी के शीर्ष पद के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। आईसीसी बोर्ड की 11 से 13 नवंबर के बीच मेलबर्न में बैठक होगी। जिन अन्य नामों पर चर्चा चल रही है उनमें खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन शामिल है। श्रीनिवासन चुनाव लड़ने की अहर्ता रखते हैं लेकिन यह देखना होगा कि उनकी उम्र को देखते हुए बीसीसीआई उन्हें अपना समर्थन देता है या नहीं। श्रीनिवासन की उम्र 78 वर्ष है। ठाकुर के आईसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान व्यस्त रहने की संभावना है क्योंकि हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को विधानसभा के चुनाव होने हैं। बीसीसीआई एजीएम में गांगुली की जगह बिन्नी बोर्ड अध्यक्ष का पद संभालेंगे जबकि पूर्व भारतीय कप्तान बंगाल क्रिकेट संघ में अध्यक्ष के रूप में वापसी करने को तैयार हैं। बीसीसीआई के जो अन्य पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने जाएंगे उनमें सचिव जय शाह, आशीष शेलार (कोषाध्यक्ष), राजीव शुक्ला (उपाध्यक्ष) और देवजीत सैकिया (संयुक्त सचिव) शामिल हैं। निवर्तमान कोषाध्यक्ष अरुण धूमल आईपीएल के नए अध्यक्ष होंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त कहा, यह लगभग तय है आईसीसी बोर्ड की बैठक में जय भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे लेकिन सदस्यों को यह फैसला करना होगा कि क्या हम चाहते हैं कि कोई आईसीसी चेयरमैन बने या न्यूजीलैंड के ग्रेग बारक्ले को दूसरा कार्यकाल पूरा करने दे।

### ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में रचा इतिहास

**बेंगलुरू।** ज्योति याराजी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ 13 सेकेंड से कम समय में पूरी करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। ज्योति पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई है जिन्होंने 100 मीटर बाधा दौड़ 13 सेकेंड से कम समय में पूरी की। इस बीच उन्होंने अपने स्वयं के रिकॉर्ड में सुधार भी किया। रेलवे का प्रतिनिधित्व कर रही ज्योति ने यह दौड़ 12.82 सेकंड में पूरी करके नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

### वीजा खारिज होने से विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले पाएंगे 21 पहलवान

**नई दिल्ली।** स्पेन के दूतावास ने एक अजीबोगरीब फैसला करते हुए उन 21 भारतीय पहलवानों को वीजा देने से इनकार कर दिया, जिन्हें पोंटेवेदरा में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेना था। राष्ट्रीय महासंघ ने सोमवार को बताया कि वीजा आवेदन केवल इसलिए खारिज कर दिया गया क्योंकि उन्हें संदेह है कि खिलाड़ी वीजा अवधि समाप्त होने तक देश नहीं छोड़ेंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ ने सोमवार से शुरू हुई चैंपियनशिप के लिए 30 सदस्ईय टीम चुनी थी।

# ब्राजील से 0-5 से हारा भारत

### ● फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में सभी मैच गंवाए

**भाषा।** भुवनेश्वर



**भारत को** अपने अंतिम ग्रुप मैच में सोमवार को ब्राजील के खिलाफ 0-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे उसने फीफा महिला अंडर-17 फुटबॉल विश्व कप में अपने अभियान का अंत बिना किसी जीत और बिना किसी गोल के साथ किया। मेजबान होने के कारण भारत को आयु वर्ग की इस शीर्ष प्रतियोगिता में पदार्पण का मौका मिला था। इससे पहले ग्रुप ए के अपने मुकाबलों में उसे अमेरिका (0-8) और मोरक्को (0-3) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम तीन मैच में 16 गोल गंवाते हुए बिना किसी अंक के चार टीम के ग्रुप में अंतिम स्थान पर रही। ब्राजील और अमेरिका ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अमेरिका ने मडगांव में एक ही समय में खेले गए ग्रुप ए के दूसरे मैच में मोरक्को को 4-0 से हराया। ब्राजील और अमेरिका दोनों ने दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक हासिल किए। दोनों के बीच 14 अक्टूबर को हुआ मुकाबला।-। से ड्रॉ रहा था। अपनी तेजी और छकाने की काबिलियत ने भारतीय डिफेंस को लगातार परेशान करने वाली एलिन (40वें और 51ववें मिनट) ने ब्राजील की ओर से दो गोल दागे। उनके अलावा स्थानापन्न खिलाड़ी लॉरा (86वें और 903 मिनट) ने भी दो गोल किए। इससे पहले गेबी बर्चोन ने दक्षिण अमेरिकी चैंपियन टीम को 11वें मिनट में।-0 से बढ़त दिलाई थी। ब्राजील ने मैच में शुरू से ही दबदबा बनाया और अधिक समय गेंद को अपने कब्जे में रखा। भारत गोल की तरफ एक ही शॉट लगा पाया जबकि ब्राजील ने एक दर्जन से अधिक शॉट मारे। भारतीय टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं था।

### जर्मनी, नाइजीरिया क्वार्टर फाइनल में

**मडगांवा,भुवनेश्वर ।** खिताब के दावेदार जर्मनी और नाइजीरिया ने सोमवार को यहां क्रमशः न्यूजीलैंड और चिली को हराकर फीफा महिला अंडर-17 फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। यूरोपीय चैंपियन जर्मनी ने मडगांव में न्यूजीलैंड को 3-। से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। टीम ने अपने तीनों मुकाबले जीते। भुवनेश्वर में अफ्रीका की शीर्ष टीम नाइजीरिया ने चिली को 2-। से हराकर दूसरी जीत दर्ज करते हुए ग्रुप मे दूसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी की ओर से लोरीन बेंडर (पांचवें और 54वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि एक अन्य गोल अलारा सेहिटलर ने 60वें मिनट में किया। न्यूजीलैंड की तरफ से एकमात्र गोल एमिली क्लेग ने 10वें मिनट में किया। नाइजीरिया की ओर से ब्लेसिंग इमानुएल (चौथे मिनट) और बिसोला मोसाकु (82वें मिनट) ने गोल दागे जबकि टाली रेवनर ने इंजरी टाइम मे गोल दागकर हार के अंतर को कम किया। दोनों मैच एक साथ खेले गए क्योंकि इनके नतीजो से ग्रुप मे टीम की स्थिति तय हुई। चार ग्रुप मे से प्रत्यक से शीर्ष दो टीम आयु वर्ग की इस शीर्ष प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाएंगी। जर्मनी ने मडगांव में 11 अक्टूबर को नाइजीरिया को 2-। से हराया था।

### आयरलैंड के बर्नार्ड डुन्ने बने भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक

**नई दिल्ली।** कई विश्व चैम्पियन और ओलंपिक चैम्पियन को प्रशिक्षण दे चुके आयरलैंड के महान कोच बर्नार्ड डुन्ने को भारतीय मुक्केबाजी का हाई परफॉर्मेंस निदेशक बनाया गया है। मुक्केबाजी जगत के जाने माने नाम बर्नार्ड इससे पहले पांच साल तक आयरिश एथलेटिक मुक्केबाजी संघ के साथ इसी पद पर थे। डब्ल्यूबीए विश्व चैम्पियनशिप (2009) और यूरोपीय चैम्पियनशिप (2007) जीतने वाले 42 वर्ष के बर्नार्ड सैंटियागो नीवा के जाने के बाद रिक्त हुआ पद संभालेंगे।

### पीकेएल में तमिल थलाइवास ने पटना पाइरेट्स को हराया

**बेंगलुरू ।** रेडर हिमांशु सिंह के शानदार प्रदर्शन से तमिल थलाइवास ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग मुकाबले में पटना पाइरेट्स के खिलाफ अधिक समय पिछड़ने के बावजूद 33-32 से जीत दर्ज की। तमिलनाडु की टीम के लिए हिमांशु ने 11 जबकि नरेंदर ने नौ अंक जुटाए। थलाइवास की मौजूदा सत्र में यह पहली जीत है और टीम चार मैच में 10 अंक के साथ आठवें स्थान पर चल रही है।

### समीर ने जूनियर पुरुष रेपिड फायर पिस्टल में रजत पदक जीता



**काहिरा।** भारत के समीर ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप की जूनियर पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। सोनीपत के समीर ने पदक मुकाबले मे 23 हिट लगाए और चीन के वैग शिवेन के बाद दूसरे स्थान पर रहे। शिवेन ने 25 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। ल्यू एंगपैन ने कांस्य पदक जीता। पदक मुकाबलों में चीन के तीन खिलाड़ी और समीर पहुंचे थे। समीर क्वालीफिकेशन मे 573 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और फिर रैंकिंग दौर मे उन्होने यैगपैन को पछाड़कर पदक दौर मे जगह बनाई। इस बीच टीम के उनके साथी उदयवीर सिद्धू ने भी रैंकिंग मुकाबले मे जगह बनाई लेकिन चौथे स्थान पर रहते हुए बाहर हो गए। वह क्वालीफिकेशन मे 569 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे थे। तीन अन्य भारतीय जतिन (567 अंक के साथ 10वें), आदर्श सिंह (565 अंक के साथ 13वें) और हर्षवर्धन यादव (562 अंक के साथ 16वें) क्वालीफिकेशन दौर से आगे नही बढ़ पाए। महिला एयर पिस्टल टीम ने मंगलवार को होने वाले स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई। इशा सिंह, शिखा नरवाल और वर्षा सिंह की तिकड़ी पहले क्वालीफिकेशन चरण में 855 अंक के साथ शीर्ष पर रही और फिर दूसरे चरण में 576 अंक के साथ चीन की वैग सियू, झाओ नैन और शेन यियाओ के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए खिताबी दौर में जगह बनाई। मिश्रित टीम की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे निराशा हाथ लगी जब मेहुली घोष और अर्जुन बबूता की जोड़ी 630.0 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए मात्र 0.3 अंक से पदक दौर में जगह बनाने से चूक गई।

### गुकेश ने रैपिड शतरंज में कार्लसन को हराया



**चेन्नई।** भारत के 16 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एमचेस आनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हरा दिया और वह विश्व चैम्पियन को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। चेन्नई के गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए 29 चालों में जीत दर्ज की। अब वह 12 दौर के बाद पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा (25 अंक) और अजरबैजान के शखरियार मामेदियारोव (23 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। गुकेश के 21 अंक है। इससे एक दिन पहले भारत के 19 वर्ष के अर्जुन एरिगेसी ने कार्लसन को हराया था। मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर ने ट्वीट किया , गुकेश विश्व चैम्पियन कार्लसन को हराने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बन गया। शाबाश। एमचेस टूर्नामेंट मेल्टवाटर चैम्पियन्स शतरंज टूर का हिस्सा है। गुकेश की उम्र 16 वर्ष चार महीने और 20 दिन है। पिछला रिकॉर्ड आर प्रज्ञानानंदा के नाम था जिन्होंने फरवरी में एयरथिंग्स मास्टर्स में कार्लसन को जब हराया ।